CMYK

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 05°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 7 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 133 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवाया

खेल टाइम्स



अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले :मुझे किडनैप किया गया

देश-विदेश

# केदारनाथ में तापमान माइनस 23 डिग्री पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है।

उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

- **मप्र व राजस्थान में भीषण सर्दी, 44 जिलों में स्कूल बंद**
- **हिमाचल व कश्मीर में दर्ज हुई साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10 डिग्री**

### दिल्ली में धुंध-धुएं की चादर, एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में मंगलवार को धुंध और धुएं (स्मॉग) की घनी परत छाई रही और शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 288 दर्ज किया गया, जो इसे 'खराब' श्रेणी में रखता है। कई गहन प्रदूषण वाले क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति और भी खराब रही, जिनमें आनंद विहार (343), आरके पुरम (324), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (313), द्वारका (307), अशोक विहार (302) और आईटीओ (286) शामिल हैं।

### घने कोहरे के कारण 280 से अधिक उड़ानों में देरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 280 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है और कुछ उड़ानें रद्द हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह चार बजे के बाद दृश्यता घटने लगी और 150 मीटर तक गिर गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी का स्वास्थ्य स्थिर, इलाज का हो रहा अच्छा असर : डॉक्टर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का यहां गंगाराम अस्पताल में इलाज कर रहे डाक्टरों के दल का कहना है कि उपचार का अच्छा असर हो रहा है और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। श्रीमती गांधी का इलाज कर रहे डाक्टरों का कहना है कि सांस लेने में तकलीफ होने के कारण उन्हें सोमवार रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें पिछले दो दिन से खांसी हो रही थीं और वह हल्की फुल्की दवा ले रहीं थीं, लेकिन सोमवार शाम तबियत ज्यादा बिगड़ी, तो उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद स्पष्ट हुआ कि ठंड लगने के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। डाक्टरों का कहना है कि मौसम और प्रदूषण के प्रभाव के कारण उनका दमा बढ़ गया था। वह अब ठीक हो रही हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें भर्ती कराया गया है।

### वोटर लिस्ट में नाम के मामले में सोनिया गांधी को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम से जुड़े मामले में जवाब देने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया है। दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट विकास त्रिपाठी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया था। 9 दिसम्बर को कोर्ट ने सोनिया गांधी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सोनिया गांधी के वकील ने कोर्ट से समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने 7 फरवरी तक का समय दिया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन

**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों के सूत्रधार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनका पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। कलमाड़ी के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बहू, दो बेटियां और दामाद, साथ ही उनके पोते-पोतियां हैं।


# उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 2.89 करोड़ नाम हटे

## अब SIR ड्राफ्ट लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 12.56 करोड़ हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मसौदा (ड्राफ्ट) मतदाता सूची जारी की जिसमें लगभग दो करोड़ 89 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

अब एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मतदाताओं की संख्या 15.44 करोड़ से घटकर 12.56 करोड़ हो गई है, जो लगभग 18.70 प्रतिशत कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी करते समय प्रदेश में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता पंजीकृत थे। जिसमें मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को पहले दौर की मतदाता सूची को फ्रीज किया गया था। उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता पंजीकृत थे। इसके बाद चार नवम्बर 2025 से गणना चरण शुरू होकर 26 दिसम्बर 2025 तक चली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। पुनरीक्षण में 46,23,796 लाख मतदाता मृत पाए गए, जो 2.99 प्रतिशत हैं। वहीं 79,52,190 मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, जबकि 2.17 करोड़ मतदाता अन्यत्र -शेष पृष्ठ दो पर



- **प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जुड़े**

### खंड स्नातक के पांच व खंड शिक्षक के छह निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक के 05 तथा खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। यह प्रकाशन अर्हता तिथि एक नवम्बर 2025 के आधार पर किया गया है। लोकभवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 06 दिसम्बर 2026 को समाप्त होने के कारण निर्वाचक नामावलियों को नए सिरे से तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके क्रम में 30 सितम्बर 2025 को सार्वजनिक नोटिस जारी कर निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। जारी अंतिम प्रकाशन के अनुसार खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है, लखनऊ खण्ड स्नातक 2,11,756, वाराणसी खंड स्नातक 2,69,372, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक 2,60,818, आगरा खंड स्नातक 1,80,293 तथा मेरठ खंड स्नातक 59,634 है। इसी प्रकार खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में बरेली- मुरादाबाद 46,553, लखनऊ 36,217, गोरखपुर- फैजाबाद 52,257, वाराणसी 32,549, आगरा 51,532 एवं मेरठ 33,163 मतदाता पंजीकृत पाए गए हैं।




### बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योगी मंत्रिमंडल की बैठक में 13 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग को आकर्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन हजार करोड़ रुपये या उससे अधिक का निवेश करने वाली कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

इस फैसले का उद्देश्य उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से एक को स्थगित कर दिया गया, जबकि 13 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में लागू राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश करने वाली कंपनियों को मामले-दर-मामले आधार पर प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इन प्रोत्साहनों में ब्याज अनुदान, कर्मचारी लागत की प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक जीएसटी में छूट तथा 10 साल तक प्रति यूनिट 2 रुपये तक की बिजली दर सब्सिडी शामिल है। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पेशेवर कर्मचारियों के लिए ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) योगदान की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी, -शेष पृष्ठ दो पर

- **उप्र में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए तीन हजार करोड़ से अधिक निवेश पर प्रोत्साहन को सरकार ने दी मंजूरी**

# गलत फैसले पर जज को सजा नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## मप्र के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी रद्द कर दी। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

दरअसल सुलिया को वर्ष 2014 में सेवा से हटाया गया था। तब वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खरगोन के पद पर कार्यरत थे। सुलिया पर भ्रष्टाचार और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामलों में जमानत याचिकाओं पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप था। कहा गया था कि 50 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्ती वाले कुछ मामलों में उन्होंने जमानत दी, जबकि ऐसे अन्य मामलों में उसी आधार पर जमानत खारिज की। विभागीय जांच के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। अब जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश दिया कि 27 साल तक बेदाग सेवा देने वाले जज को बिना ड्यू प्रोसेस अपनाए हटाया गया, जो न्यायसंगत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई में हाई कोर्ट को अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। केवल गलत आदेश या निर्णय की त्रुटि पर यांत्रिक कार्रवाई न्यायिक स्वतंत्रता और विवेकाधिकार को कमजोर करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के भय से निचली अदालतें कई योग्य मामलों में जमानत देने से बचती हैं। इससे जमानत याचिकाएं उच्च अदालतों तक पहुंचती हैं।

- **कोर्ट ने कहा: जजमेंट एरर और भ्रष्टाचार को एक नहीं मान सकते**



### बंगाल के पार्ट-टाइम शिक्षकों को वेतन समानता की मांग की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कुछ अल्पकालिक (पार्ट-टाइम) शिक्षकों को यह अनुमति दी कि वे राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के समक्ष नया प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकें, जिसमें वे गैर-सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पूर्ण-कालिक शिक्षकों के समान वेतन की मांग कर सकें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निर्देश दिया कि यदि यह प्रतिवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर कानून के अनुसार विचार किया जाए और चार महीने के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित कर निर्णय लिया जाए। अदालत में निर्णय का प्रभावी (ऑपरेटिव) हिस्सा पढ़ते हुए न्यायमूर्ति मेहता ने याचिकाकर्ताओं को यह छूट प्रदान की कि वे छह सप्ताह के भीतर सचिव के समक्ष प्रस्तुत हो सकते हैं और पूर्व में दिए गए हाईकोर्ट के आदेशों के अनुरूप अपनी शिकायतें, दावे और अधिकार रिकॉर्ड पर रख सकते हैं।

# गुजरात-कर्नाटक में सात कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई।

सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वाड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के आफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वाड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

- **यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग, केरल में 12 देसी बम बरामद**

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्यिक विरासत को किया जा रहा संरक्षित: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधान ने मंगलवार को यहां शास्त्रीय भाषाओं- कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया के उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमा. चन करने के बाद कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारतीय भाषाएं अभिव्यक्ति का माध्यम हैं और सरकार इन भाषाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। बजट की कोई कमी नहीं है और एक ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पणा की गई है। भारत में शिक्षा बहुत पुरानी परंपरा है। यह साहित्य एक शब्द से सीमित होने वाला नहीं था। भारतीय भाषा मनुष्य के लिए सबसे पहला वैज्ञानिक उपलब्धि है। सभी भारतीय बहुभाषी है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल सेवा उपलब्ध कराने का आग्रह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दूरस्थ और ग्रामीण खंडों में मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं रहती है, जिसके कारण यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना आदि के समय बड़ा संकट पैदा हो जाता है, इसलिए इन क्षेत्रों में भी बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्राधिकरण ने इसके लिए दूरसंचार विभाग तथा दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से आग्रह करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के कई हिस्सों, विशेष रूप से ग्रीनफील्ड और दूरदराज के खंडों पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता होती है।

## नया अधिनियम अर्थव्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

# जी राम जी योजना बनेगी विकसित भारत की आधारशिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संसद में विकसित भारत को गति देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित किया गया नया अधिनियम (जी राम जी योजना) देश की अर्थव्यवस्था, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, आज उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन विकास से जुड़े सकारात्मक कदमों का समर्थन करने के बजाय भ्रष्टाचार के अपने पुराने कारनामों को



■ कहा: जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा

छिपाने के लिए सवाल खड़े कर रहे हैं। योगी ने कहा कि जी राम जी योजना विकसित भारत की आधारशिला बनेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नई तकनीक को जोड़ा जा रहा है, जिससे जल संरक्षण, बाढ़ प्रबंधन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने मनरेगा पर कांग्रेस के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन योजनाओं का ढोल पीटा जा रहा है, उनका जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं रहा। हर जनपद से भ्रष्टाचार की शिकायतें आती थीं। किसानों को जरूरत के समय मजदूर नहीं मिलते थे और मजदूरों को काम के समय काम नहीं मिलता था। उन्होंने बताया कि नए संशोधन के तहत योजना में कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। समय पर काम नहीं मिलने की स्थिति में बेरा. जगारी भत्ते की गारंटी भी होगी। किसानों की जरूरत को देखते हुए आवश्यक समय पर मनरेगा के कार्य स्थगित रखे जाएंगे। योगी ने कहा कि जो लोग केवल खोदने और भरने से लाभ उठाते थे, वही इस योजना का विरोध कर रहे हैं। अब कार्यों को तकनीक से जोड़ा जाएगा, डिजिटल भुगतान होगा और रियल टाइम ऐप के माध्यम से निगरानी की जाएगी। योजना के अंतर्गत ऑडिट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिनकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में केंद्र और राज्य की भागीदारी 60:40 की रहेगी, जिससे उत्तर प्रदेश को करीब 17 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त धन. राशि मिल सकेगी। जिन राज्यों में श्रमिक वर्ग की संख्या अधिक है, उन्हें अधिक कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा और इससे स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू करेगी। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप इसे प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाएगा। योगी ने कहा कि जिनकी सोच में कभी विकसित भारत नहीं रहा, वही लोग आज इसका दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन जी राम जी योजना देश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

# यूपी में ठंड हुई प्रचंड, जमीन से आसमान तक कोहरे का पहरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं अधिसंख्य क्षेत्रों में हवा की सेहत भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार गलन भरी ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ स्थानो पर घना कोहरा छाए रहने के आसार है। लखनऊ और कानपुर में मंगलवार दोपहर तक कोहरे और धुंध के चलते सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। सुबह 11 बजे तक दोनों ही महानगरों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। कमोवेश यही हालात प्रयागराज, आगरा, इटावा, अलीगढ़, उन्नाव और बाराबंकी समेत तमाम शहरों में रहे। यहां अधिकतम तापमान 14.15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 146 से 164 के बीच रहा। बीती रात राज्य के अधिसंख्य क्षेत्रों में पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर कक्षा आठ तक के विद्यालयों को आठ जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के खुलने और बंद करने का समय बदला गया है। चिकित्सकों ने मार्निंग वॉकर्स को सुबह की सैर से परहेज करने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और सीने व हृदय के रोगियों को सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है। इस बीच कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं, वहीं लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर कई उड़ाने विलंब से हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे समेत अन्य राजमार्गों पर वाहन रेंग रेंग कर चलते दिखाई पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जालौन,देवरिया और गोरखपुर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी और अन्य आला अधिकारी सड़क पर उतर कर अलाव और रैनबसेरों का निरीक्षण करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अलाव की सीमित संख्या के चलते निराश्रित ठंड में ठिठुर रहे हैं, वहीं सड़क पर आवारा जानवर भी ठंड से बेहाल हैं। कई स्वयंसेवी संस्थाएं और जानवर प्रेमी बेजुबानों को ठंड से बचाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं।

### कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड का कहर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कल रात से पूरे कश्मीर में ठंड का कहर जारी है और गुलमर्ग में इस मौसम का सबसे कम तापमान करीब शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया, जबकि ज्यादातर दूसरे स्टेशनों पर भी पारे में तेज गिरावट देखी गई। मौसम विभाग ने पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट का अनुमान जताया है। दस जनवरी तक पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे रहने का अनुमान है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने के आसार है, जिससे मौजूदा शीत लहर की स्थिति से कुछ राहत मिलेगी।

# घर में आग लगने से डीएमआरसी कर्मचारी, पत्नी व बेटी की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में मंगलवार तड़के एक घर में आग लगने की दुखद घटना में पति, पत्नी और उनकी बेटी की मौत हो गई।

दमकल विभाग के अनुसार, मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) फ्लैट्स में आग लगने की सूचना लगभग तड़के 02:39 बजे मिली। दमकल विभाग ने तुरंत छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं और आग पर एक घंटे के अंदर काबू पा लिया गया तथा इसे सुबह 3:30 बजे तक पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकलकर्मियों ने बाद में घर से तीनों के जले हुए शव बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम (38) और उनकी बेटी जाह्नवी (10) के रूप में हुई है। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी को मामूली चोटें आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां आवश्यक चिकित्सा दी गई। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चला है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो की आवासीय कॉलोनी के एक फ्लैट में धुआं/आग की सूचना मिली थी, जिसमें निगम के एक सहकर्मी अजय विमल, उनकी पत्नी और बेटी की जान चली गई। डीएमआरसी के अनुसार यह घटना लगभग तड़के 2:34 बजे हुई।

# अंकिता मामले की जांच सीबीआई करे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

अंकिता हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड में रोष के बीच कांग्रेस ने मामले की पूरी जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है, ताकि उसे न्याय मिल सके और सच सबके सामने आ सके।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पहाड़ की एक बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ। उस बेटी के ऊपर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया और जब उसने मना कर दिया तो उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं इस मामले में सारे सबूत छिपाने के लिए तुरंत उस होटल पर बुलडोजर चला दिया गया, क्योंकि उसमें भाजपा के नेता का



■ पहाड़ की बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ, उस पर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया: सुप्रिया श्रीनेत

बेटा शामिल था। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें सामने आ रही है कि यह पूरा मामला भारतीय जनता पार्टी के एक राष्ट्रीय महासचिव तक पहुंचता है।

पूरे उत्तराखंड के साथ ही भाजपा के लोग भी न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उत्तराखंड की सरकार अंकिता भंडारी को न्याय नहीं दे सकती, क्योंकि ये सरकार चैन की नींद सो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए कहा कि अंकिता को हर कीमत पर न्याय मिलना चाहिए और ये तभी होगा, जब सीबीआई इसकी जांच करेगी। इस बीच महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने भी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि लोग उत्तराखंड में न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी ऋषिकेश के पास एक रिसॉर्ट में काम करती थी। आरोप है कि उस पर ष्विशेष सेवाएंष् देने के लिए दवाब बनाया गया था और जब उसने इससे मना कर दिया, तो उसकी हत्या कर दी गई थी।



सेंसेक्स 85063.34
निफ्टी 26178.70



सोना रु. 141500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 251000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संक. तों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक (0.44 प्रतिशत) टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 71.60 अंक यानी 0.27 फीसदी नीचे 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट का शेयर 8.62 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी मुनाफावसूली का दबाव रहा और इसका शेयर 4.42 प्रतिशत टूटा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.06 फीसदी और छोटी कंपनियों के निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। तेल एवं गैस,



रसायन और मीडिया सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। स्वास्थ्य, फार्मा, आईटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,889 के शेयरों में गिरावट और 1,238 में बढ़त रही।

अन्य 110 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयरों में गिरावट रही। ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा आईटीसी का शेयर 2.07 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत गिर गया। इंडिगो में 1.96 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 1.56, अडानी पोर्ट्स में 1.30, पावरग्रिड में 1.16 और इटरनल में 1.08 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.87 प्रतिशत चढ़ा। हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.75 फीसदी, सनफार्मा में 1.73, भारतीय स्टेट बैंक में 1.33, टीसीएस में 1.28 और एशियन पेंट्स में 1.09 प्रतिशत की बढ़त रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, टाइटन, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.50 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.38 प्रतिशत और जापान का निक्केई 1.32 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.15 फीसदी ऊपर था।

# चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल सोना भी नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों और घरेलू मांग में उछाल के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी देखी गई। दिल्ली के हाजिर बाजार में चांदी ने 2.51 लाख रुपये प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया है, जबकि सोना भी 1,41,500 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। दिल्ली में चांदी की कीमतों में मंगलवार को 7,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही चांदी 2,51,000 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह लगातार तीसरा दिन है, जब चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है।

## चावल, दालों के भाव बढ़े, गेहूं, चीनी स्थिर, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीनी में टिकाव रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 19 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।


## कार्यालय नगर पंचायत नानकमत्ता, (उधमसिंहनगर)

Email Id- npnanakmatta123@gmail.com

पत्रांक 494 /नि0सू0-न0पं0/2026 दिनांक 06 /01/2026

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत नानकमत्ता के पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग/15वॉं वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान धनराशि से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 19.01.2026 से 20.01.2026 तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जायेंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक 21.01.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक ठेकेदारों/प्रतिनिधियों द्वारा नगर पंचायत नानकमत्ता कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में जमा की जायेगी तथा जमा निविदायें दिनांक 21.01.2026 को ही सायं 3:00 बजे निविदा समिति एवं ठेकेदारो/प्रतिनिधियों के सम्मुख कार्यालय नगर पंचायत नानकमत्ता में खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर दरो का उल्लेख अंको तथा शब्दों अथवा प्रतिशत में करना होगा। निविदा के साथ जमानत धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/सावधि जमा के रूप में, जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नानकमत्ता के नाम से बंधक होनी आवश्यक है, प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक लगानी अनिवार्य होगी। अन्य शर्तो की जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में निर्माण अनुभाग पटल सहायक से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | स्वीकृत धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0 में) | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 04 गुड्डू वाल्मिकि के घर से इंटरलॉकिंग टाईल रोड तक इंटरलॉकिंग टाईल रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 9.90 | 20000 | 1180 | 2 माह |
| 2. | वार्ड नं0 04 बाबू वाला के घर से श्री पद के घर से पुलिया तथा समर हल्दार के घर से समर विश्वास के घर नाली का निर्माण कार्य। | 7.20 | 14500 | 1180 | 2 माह |
| 3. | वार्ड नं0 05 मेन रोड से तारक मण्डल के घर तक इंटरलॉकिंग टाईल रोड का निर्माण कार्य। | 5.99 | 12000 | 1180 | 2 माह |
| 4. | वार्ड नं0 05 में हेम जोशी के घर से महेश कोठयारी के घर की ओर भरान तथा टाईल्स रोड व नाली निर्माण। | 3.21 | 6500 | 590 | 2 माह |
| 5. | वार्ड नं0 06 राजेश रस्तोगी के घर से ओमकार राईस मिल के गेट तक इंटरलॉकिंग टाईल रोड व नाली निर्माण कार्य। | 5.59 | 12000 | 1180 | 2 माह |
| 6. | वार्ड नं0 06 डामर रोड से बलविन्दर नामधारी के घर की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण। | 7.03 | 14500 | 1180 | 2 माह |
| 7. | वार्ड नं0 06 प्रमोद के घर से राजेश के घर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण। | 5.65 | 11500 | 1180 | 2 माह |
| 8. | नगर पंचायत के वार्ड नं0 7 में दहला रोड से जसवन्त के घर तक इंटरलॉकिंग टाईल मार्ग का निर्माण का कार्य। | 4.25 | 8500 | 590 | 2 माह |
| 9. | वार्ड नं0 06 में जूनियर हाईस्कूल नानकमत्ता के पास तालाब के चारों ओर चाहरदीवारी का निर्माण। | 9.00 | 18000 | 1180 | 2 माह |

नोट- अवकाश की स्थिति में निविदा जमा एवं खुलने की प्रक्रिया उक्त तिथि से अगले कार्यदिवस में संपन्न होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नानकमत्ता
उधम सिंह नगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत नानकमत्ता
उधम सिंह नगर


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र की...** स्थानांतरित हो चुके थे। इसके अलावा 25.47 लाख मतदाता ऐसे चिन्हित किए गए, जिनके नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए गए। ऐसे मामलों में मतदाता का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सुविधा और मानकों को ध्यान में रखते हुए एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए प्रदेश में 15,430 नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं। विशेष पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग रहा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में दलों के साथ बैठकें की गईं और उन्हें मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी एवं प्रिंटेड कॉपी उपलब्ध कराई गई। अब तक 1546 बैठकें राजनीतिक दलों के साथ आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फॉर्म-6, 6क, 7 एवं 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक 15 लाख 78 हजार 423 फॉर्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आयु पात्रता के अनुसार एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम इस सूची में शामिल होंगे, जबकि एक अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के नाम बाद में अक्टूबर माह में जोड़े जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद छह मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। घोषणा की कि प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जोड़े गए हैं।

**योगी मंत्रिमंडल...** जिसकी अधिकतम सीमा 2,000 रुपये प्रति माह होगी। साथ ही जल शुल्क में भी रियायतें दी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना और राज्य को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह उद्योग अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान के देशों के वर्चस्व में है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 21 कंपनियों ने निवेश शुरू कर दिया है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि कैबिनेट ने वर्ष 2022 के उस निर्णय का विस्तार किया है, जिसके तहत पारिवारिक संपत्ति के हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क 5,000 रुपये तक सीमित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पहले केवल आवासीय और कृषि संपत्तियों तक सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारिवा. रिक दायरे में गिफ्ट डीड के माध्यम से हस्तांतरित की जाने वाली व्यावसायिक संपत्तियों पर भी लागू होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने वाराणसी में शिव प्रकाश गुप्ता मंडलीय जिला अस्पताल के स्थान पर 500 बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 315 करोड़ रुपये होगी और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। परियोजना की 60 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

### कैट मई में भारतीय व्यापार महोत्सव का करेगा आयोजन: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने, भारतीय व्यापार और घरेलू वस्तुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के मकसद से अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में मई में भारतीय व्यापार महोत्सव (बीवीएम) का आयोजन करेगा। एक मई से आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर कैट के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान कैट के महासर्. चव एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि मोदी के आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के आह्वान के अनुरूप यह महोत्सव आयोजित होगा। इसका उद्देश्य देश के घरेलू व्यापार को सुदृढ़ और सुरक्षित करना है।

# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः सीएम

**माता-पिता की भावनाओं के अनुरूप होगा अगला निर्णय : मुख्यमंत्री, सरकार की सशक्त और प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप तीनों दोषियों को सुनाई जा चुकी आजीवन कारावास की सजा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और इस दिशा में सरकार ने पूरी गंभीरता, संवे. दनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया है।

मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अंकित भंडारी मामले में इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष एवं गहन जांच के लिए महिला अधिकारी रेणुका देवी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल का गठन किया गया था, जिसने मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की। सरकार की सशक्त और प्रभावी न्यायालयीय पैरवी के परिणामस्वरूप तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच पर न केवल निचली अदालत, बल्कि माननीय उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय ने भी संतोष व्यक्त किया है, जो जांच की निष्पक्षता और मजबूती को दर्शाता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्तमान में किसी कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में अनावश्यक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी गंभीरता से अपने निष्कर्ष तक पहुंच चुकी है और दोषियों को कड़ी सजा मिल चुकी है।सीबीआई जांच के विषय पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यद्यपि पूरे प्रदेश की जनता की भावनाएं बेटी अंकिता के साथ जुड़ी हुई हैं, लेकिन इस दुखद घटना से सबसे अधिक प्रभावित उसके माता-पिता हैं।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं अंकिता के माता-पिता से बात करेंगे और उनकी भावनाओं, पीड़ा एवं अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ही आगे कोई निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अंकिता के पिता से बात करूंगा।

किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, हम हर जांच के लिए तैयार हैं। कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या एक संवेदनशील व हृदय विदारक घटना है। प्रदेश सरकार ने इस पूरे मामले की मजबूती से पैरवी की और तीन आरोपियों को उम्र कैद की सजा हुई है। सीएम धामी ने कहा कि हाल ही में जारी एक ऑडियो की सत्यता जानने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

## इन दिनों चर्चा में है मामला

प्रदेश में 3 साल बाद एक बार फिर अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर प्रदेश में लोग सड़कों पर उतरे हैं। तीन साल पहले हुए चर्चित अंकिता हत्याकांड में वीआईपी का नाम सामने आने पर विपक्ष सहित तमाम सामाजिक संगठन सरकार से सीबीआई जांच कराने की मांग कर रहे हैं। बीते कई दिनों से अभिनेत्री उर्मिला सनावर के सिलसिलेवार वीडियो ने सोशल मीडिया के साथ साथ पूरे प्रदेश में सियासी भूचाल ला दिया है। उर्मिला सनावर अपने वीडियो में जहां अंकिता भंडारी हत्याकांड की परतें खोलने का दावा कर रही है तो वहीं वीआईपी नामों को लेकर भी पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं पर आरोप लगा रही है।वायरल वीडियो से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता असहज हो रहे हैं। महिला की ओर से हर दिन सोशल मीडिया पर लाइव आकर पार्टी के बड़े नेताओं के नाम लेकर लगाए जा रहे आरोप, टेलीफोन पर की जा रही बातचीत का रिकॉर्ड, संबंधित तस्वीरों से पार्टी की छवि खराब हो रही है। प्रदेशभर से लोग सोशल मीडिया पर इन वीडियो में दिए जा रहे तथ्यों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पहले पार्टी के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कांग्रेस को दोषी ठहराया। इसके बाद प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने मीडिया के सामने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कानूनी कार्रवाई की बात की है। बीते दिवस राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने प्रेसवार्ता की। वहीं दूसरी और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी की ओर से पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के खिलाफ देहरादून के डालनवाला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें दोनों आरोपियों पर जानबूझकर सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो जारी कर उनकी छवि खराब करने व दंगे फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

सरकार इस मामले में हर जांच करने के लिए तैयार है। कोई भी दोषी होगा वह छूटेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा अंकिता के माता पिता से बात करेंगे और वह जो चाहेंगे सरकार उस पर निर्णय लेगी। वायरल ऑडियो के बाद सबसे ज्यादा प्रभावित अंकिता के परिजन हुए हैं। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान आदि मौजूद रहे।

# ऋषिकेश वन विभाग के प्रकरण में महिला आयोग की मानवीय पहल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून :** ऋषिकेश के बापुग्राम, गुमानीवाला, सुमन विहार व प्रकरण सम्बंधित क्षेत्र में वन भूमि से संबंधित सर्वे एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने आज सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर इस संबंध में एक पत्र सौंपा और निवेदन किया कि इस प्रकरण में जिन निर्दोष नागरिकों को आरोपी बनाकर उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन्हें जनहित में वापस लिया जाए। जब वन भूमि के सर्वे एवं अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी। मौके पर परिस्थितियों की गंभीरता के कारण क्षेत्र में असमंजस और भ्रम का वातावरण बन गया, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक वहां एकत्र हो गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में नागरिकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। महिला आयोग ने पत्र में उल्लेख किया है कि यह संपूर्ण घटनाक्रम किसी भी प्रकार के सुनियोजित विरोध या शासन-प्रशासन के प्रति अवमानना का परिणाम नहीं था, बल्कि परिस्थितिजन्य असमंजस एवं भय के वातावरण में उत्पन्न हुआ था।

आयोग का कहना है कि अनेक निर्दोष नागरिक भी इन मुकदमों की जद में आ गए हैं, जिनमें से कई अपने परिवार के एकमात्र भरण-पोषणकर्ता हैं।महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से अपेक्षा जताई है कि सरकार इस पूरे प्रकरण को मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण से देखते हुए निर्दोष नागरिकों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने के निर्देश प्रदान करे, जिससे प्रभावित परिवारों को मानसिक संबल मिले और शासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

# जीआरपी ने यात्रियों के लाखों के 200 गुम हुए मोबाइल किए बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रेल यात्रा के दौरान मोबा. इल खोने की मायूसी झेल रहे यात्रियों के लिए मंगलवार का दिन राहत भरा रहा। पुलिस महानिरीक्षक (रेलवेज) मुख्तार मोहसिन ने हरिद्वार जीआरपी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 200 मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। बरामद किए गए इन स्मार्टफोन्स की अनुमानित कीमत करीब ₹36.50 लाख बताई जा रही है। आईजी मुख्तार मो. हसिन ने बताया कि यात्रियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई थी। जीआरपी की एसओजी और सर्विलांस टीम ने पोर्टल और मैन्युअल सूचनाओं की मदद से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित कई राज्यों से इन मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

## सुरक्षा व्यवस्था पर कड़े निर्देश

मोबाइल वितरण के बाद आईजी ने अपराध समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।ट्रेनों और स्टेशनों पर महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम हों।लूट, चेन स्नैचिंग और जहरखुरानी जैसी वारदातों को रो. कने के लिए एस्कॉर्ट ड्यूटी रोटेशन में लगाई जाए।आगामी त्योहारों के मद्देनजर बीडीएस और डॉग स्क्वायड के जरिए स्टेशनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए।स्टेशनों पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के साथ मिलकर निगरानी बढ़ाई जाए।इस अवसर पर एसपी रेलवेज अरुणा भारती, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# गुणवत्ता आधारित संस्कृति को बढ़ावा देना जरूरीःधामी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो ने बीते आठ दशकों में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और उपभोक्ता संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर गुणवत्ता ही पहचान के मंत्र को साकार किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1947 में भारतीय मानक संस्था के रूप में शुरू हुई यह यात्रा आज देश की औद्योगिक, वैज्ञानिक और आर्थिक प्रगति की मजबूत आधारशिला के रूप में स्थापित हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि बीआईएस द्वारा मानकीकरण, प्रमाणीकरण और गुणवत्ता परीक्षण के माध्यम से न केवल उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया गया है, बल्कि उपभोक्ताओं के जीवन में भरोसे और सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मानकीकरण का क्षेत्र केवल उद्योग जगत तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा, ऊर्जा, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन एवं डिजिटल सेवाओं तक विस्तृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा डिजिटल सुरक्षा, मेडिकल डिवाइस, ड्रोन, इलेक्ट्रिक वाहन, रिसाइकिल सामग्री एवं हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में समयानुकूल मानक तय कर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो सतत विकास के लक्ष्य के अनुरूप इकोलॉजी और इकॉनमी के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में सराहनीय योगदान दे रहा है।



# 'अंकिता भंडारी को न्याय दो यात्रा'

## सीबीआइ जांच की मांग को लेकर यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को रानीखेत में कांग्रेस की ओर से अंकिता भंडारी को न्याय दो यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने किया। न्याय यात्रा घोड़ीखाल, चिलियानौला से प्रारंभ होकर चिलियानौला बाजार, नया बाजार, हैड़ाखान मंदिर, बधाण, तल्ली बधाण, सोखोला होते हुए वलना तक पहुंची। पूरे मार्ग में हाथों में तख्तियां लिए लोगों ने अंकिता को न्याय दो और सीबीआई जांच कराओ के नारे लगाए। जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए करन माहरा ने कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या



केवल एक अपराध नहीं, बल्कि प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा पर गहरा प्रश्नचिह्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सत्ता से जुड़े लोगों को बचाने के लिए सच्चाई सामने नहीं आने दे रही है। उन्होंने सबूत मिटाने और जांच को कमजोर करने के प्रयासों का जिक्र करते हुए निष्पक्ष सीबीआई जांच की मांग दोहराई। चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों की अनदेखी की तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई राजनीति की नहीं, बल्कि न्याय और इंसानियत की है। यहां नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, जिलाध्यक्ष दीपक किरौला, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, कमलेश बोरा, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, गोपाल सिंह देव, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, अंकिता पंत, प्रेम अधिकारी, अतुल जोशी, सोनू सिद्दीकी, बीना बोरा, प्रीति पंत, हेम माहरा, नवीन प्रकाश, लक्ष्म सिंह कुवार्बी, पान सिंह रावत, केसी कबड़वाल, गीता माहरा, चंदन सिंह रावत, पूरन कुवार्बी, कुंदन सिंह कुवार्बी, कामनी पंत, कमल सिंह कुवार्बी, बचे सिंह कुवार्बी, प्रेम सिंह कुवार्बी, पूर्व प्रधान हेमा कुवार्बी, वार्ड मेंबर खजान जोशी, मनोज बोरा, जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कुंवाली और दौलाघट में भी हुआ प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** दौलाघट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू द्वारा महिलाओं के प्रति दिए गए अमर्यादित बयान के विरोध में मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष शिव राज सिंह नयाल के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गिरधारी लाल साहू का पुतला दहन कर कड़ी निंदा की। इस दौरान अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मामलों में इस तरह के बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन में पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा, पीतांबर पांडे, रमेश भाकुनी, न्याय पंचायत अध्यक्ष राजू चीलवाल, दिनेश पिलख्वाल सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, कुंवाली में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

### रवाईखाल और काण्डे में बहुउद्देशीय शिविर

**बागेश्वर।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रवाईखाल और काण्डे में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में 900 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया। शिविरों में कुल 37 प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि 122 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया। शेष शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने शिविरों में स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की। रवाईखाल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने की, जबकि काण्डे में आयोजित शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने की। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया।

## रोड सेफ्टी चैंपियंस का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मंगलवार को जिलाधिकारी ने बीडी पाण्डेय परिसर, बागेश्वर में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से सड़क नियमों का



पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे अक्सर नजरअंदाज किया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी चैंपियन पहल के तहत विगत माह में यातायात नियमों का पालन करने वाले चार वाहन चालकों कैलाश जोशी, संजय कुमार, अमित चन्द्र, और दरपन सिंह को उत्कृष्ट पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल सतेंदर पाठक, निदेशक कमल किशोर, एनडीआरएफ, एनसीसी कैडेट्स और वाहन चालक भी मौजूद थे।

### शिविर का लाभ उठाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नि:शुल्क विवाह पंजीकरण और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर आधारित एक विशेष शिविर का आयोजन बुधवार को वार्ड नंबर 4 में सभासद नसीम जहां के निवास पर किया गया। मंगलवार को लगे इस शिविर का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में विशेष रूप से विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ई-श्रम कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, आधार अपडेट सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन स्वीकार किए गए। शिविर में दर्जनों नागरिकों ने अपनी विभिन्न सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में रविन्द्र नाथ गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, विशाल सहित भाजपा नेता मेहमूद हसन बंजारा, समाजसेवी हाजी शाकिर हुसैन, शहजाद हुसैन, रानी, सबनुर और सहराज हुसैन ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

## अंकिता हत्याकांड: कल अल्मोड़ा में महारैली का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर जनपद में जनआक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को सर्व समाज एवं विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर प्रकरण की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग उठाई। वक्ताओं ने मामले में कथित वीआईपी एंगल की निष्पक्ष जांच न होने पर गंभीर सवाल खड़े किए और आठ जनवरी को जनपद मुख्यालय में महारैली आयोजित करने का ऐलान किया। प्रेसवार्ता में कहा कि हत्याकांड से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य, जिनमें कॉल रिकार्डिंग जैसी जानकारियां शामिल हैं, सार्वजनिक



चर्चा में आ चुकी हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा मामले को दोबारा कानूनी स्तर पर खोलने की पहल न किया जाना संदेह पैदा करता है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों को संरक्षण देने के उद्देश्य से सीबीआई जांच से बचा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की लड़ाई किसी एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की जनता की सामूहिक आवाज है। यहां उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, यूकेडी के केंद्रीय मंत्री गिरीश गोस्वामी, विनय किरौला, एड. विनोद चंद्र तिवारी, भावना जोशी, मंजू पंत, नीमा आर्य, भूपेंद्र सिंह वल्दिया, सुजीत टम्टा, पान सिंह लटवाल, पुष्कर सिंह, पवन सिंह, दीपक आर्य आदि रहे।

### आपात सेवाओं में लापरवाही पर सख्ती

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में रेफरल मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आपातकालीन उपचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मरीज को रेफर करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस अस्पताल में उसे भेजा जा रहा है, वहां उपचार की समुचित सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने निर्देश दिए कि रेफर किए गए प्रत्येक मरीज की स्थिति पर संबंधित अस्पताल लगातार नजर रखे और उपचार से जुड़ी हर जानकारी अपडेट के रूप में प्राप्त करे। अनावश्यक लंबी दूरी पर रेफरल से बचते हुए निकटवर्ती चिकित्सा संस्थानों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। बैठक में 108 एम्बुलेंस सेवा और स्वास्थ्य इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आपात स्थिति में समय पर मरीज को परिवहन सुविधा मिल सके। इसके अलावा सभी अस्पतालों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मामलों का नियमित रिकॉर्ड संधारित करने को कहा गया। डीएम ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को आई बैंक की स्थापना एवं सुचारू संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आई बैंक खुलने से नेत्र रोगियों को बड़ा लाभ मिलेगा। बैठक में सीएमओ डा. नवीन चंद्र तिवारी ने रेफरल मामलों में आई कमी की जानकारी दी।

## गड़प्पू के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** मंगलवार को कालाढूंगी के बाजपुर मार्ग स्थित गड़प्पु जंगल क्षेत्र में एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कुछ लोगों द्वारा जंगल में एक व्यक्ति के बेसुध पड़े होने की सूचना मिलने पर कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर



शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा शव को कालाढूंगी अस्पताल लाया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि बीती रात जंगल क्षेत्र में हाथी के चिंघाड़ने की आवाजें सुनाई दी थीं। मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर गंभीर चोट के निशान भी पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया हाथी के हमले या सड़क दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों के अनुसार मृत वृद्ध व्यक्ति पिछले कई दिनों से गड़प्पु और कालाढूंगी के आसपास आवारा अवस्था में घूमता हुआ देखा गया था। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, जिसके चलते वह अक्सर जंगल और सड़क किनारे दिखाई देता था। उसकी पहचान को लेकर क्षेत्रवासियों में भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

## पंखुड़ियां ने गर्म कपड़े बांटे



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** पंखुड़ियां सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति के द्वारा आज मंगलवार को लालकुआं की निर्धन बस्ती में सर्दी के सीजन को देखते हुए वस्त्र वितरण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष रिम्पी बिष्ट ने कहा कि संस्था विगत 16 वर्षों से समाज के हितार्थ निर्धन लोगो को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर सम्भव सहयोग करती है। उन्होंने बताया कि यह मुहिम वर्ष में दो बार सर्दी व गर्मी में की जाती है। उन्होंने बताया कि उक्त कपड़े संस्था के क्लाथ हाउस में संस्था के सदस्यों व समाजसेवियों द्वारा दिये गए थे, जिन्हें आज वस्त्र दान अभियान के तहत वितरित किये जा रहे है। इस दौरान डौली अग्रवाल, पंकज गोस्वामी व पूर्व सैनिक दीपू मेहरा उपस्तिथ थे।

## 4.89 ग्राम स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आईटीआई थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को 4.89 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टीम की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आईटीआई थाने में तैनात एसआई मीनाक्षी मनराल पुलिस टीम के साथ सोमवार रात को गश्त कर रही थीं। इस दौरान खोखराताल स्थित श्मशान घाट के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। जिसको उन्होंने रोकने का प्रयास किया। तब वह भागने लगा, टीम ने दौड़कर उसको पकड़ लिया। जहां तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4.89 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम रोहित कश्यप पुत्र देवराज कश्यप निवासी जीत कॉलोनी महेशपुरा बताया। उसने बताया कि वह नशे का आदी है और यहां आस पास रहने वाले लड़कों को चोरी छुपे स्मैक बेचता है। वह अपने नशे की लत पूरी करने के लिए व बेचने के लिए यह स्मैक को अल्लीखां, काशीपुर निवासी सोनू नाम के आदमी से लाया है, जो उसे कब्रिस्तान के पास मिला था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा किया है। पुलिस टीम में एसआई मीनाक्षी मनराल, एएसआई रविन्द्र सिंह गडिया, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन, राधा गोस्वामी दीपक जोशी शामिल रहे।

## बाहरवाली के लिए घरवाली छोड़ी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** दूसरी औरत के चक्कर में पड़कर एक व्यक्ति पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी को शादी के 15 साल बाद घर से निकाल दिया और दूसरी के साथ जिंदगी बिताना चाहता है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पति व उसके ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कूर्मांचल कालोनी, काशीपुर निवासी एक महिला ने महिला हैल्प लाईन को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका विवाह बीती 19 मार्च 2010 को कूर्मांचल कालोनी निवासी एक युवक के साथ हुआ था। उसके दो बच्चे हैं। महिला ने बताया कि शादी के बाद कुछ साल बाद उसका पति उसके साथ मारपीट करने लगा और 2017 में गड्डा कालोनी निवासी एक युवती के संपर्क में आया और उससे शादी कर मुरादाबाद में रहने लगा। बीच में काशीपुर आकर उसके साथ मारपीट कर उसे एक बार बच्चों समेत घर से निकाल दिया। इसकी शिकायत बीती 29 सितंबर 2017 को कटोराताल चौकी पुलिस व महिला हैल्प बाल एवं महिला हैल्प लाईन रुद्रपुर, एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को देने पर वह तिथि पर उपस्थित नहीं हुआ। बल्कि उसकी माता महिला हैल्पलाईन में उपस्थित हुई और बयान दिया कि वह अपनी बहू व बच्चों को अपने मकान में रखकर ढंग से उनका भरण पोषण करेंगे। इस दौरान उसका पति, सास-ससुर, देवर-देवरानी से मिलकर जाता है और जब वह अपने पति से घर का खर्चा मांगती है तो उसके साथ गाली गलौच व मारपीट करता है। महिला ने बताया कि 05 नंबबर 2025 की दोपहर के करीब 2 बजे उसका पति घर आया तो उसने उससे अपना खर्चा मांगा तो उसके पति, देवर, देवरानी, सास व ससुर ने उसे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे कि तू बच्चों को छोड़कर घर से निकल जा, इन्हें हम रख लेंगे। उसके पति ने कहा कि मैं अपनी दूसरी पत्नी को साथ ही रहूंगा और अगर तू ये घर खाली करके नहीं गयी तो हम तुझे जान से मार देंगे। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला के पति व ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 352, 85 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई कौशल सिंह भाकुनी के हवाले की है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा जाने से कार सवार एसबीआई के असिस्टेंट मैनेजर की मौत मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में नरेश कुमार निवासी निवासी-202 किशोर बाजार बिहारीपुर सिविल लाईन बरेली ने बताया कि उसका पुत्र अपने साथी शुभम नेगी पुत्र धर्मपाल सिंह नेगी निवासी- रेचनस पोस्ट-चौपटा जिला चमोली के साथ 4 जनवरी को अपनी कार संख्या यूपी-25 बीबाई 9256 के साथ रूद्रपुर से अपनी ड्यूटी स्थल कालागढ़ को जा रहा था तथा उनके पीछे से मै नरेश कुमार व मुकेश कुमार पुत्र राकेश बाबू निवासी उपरोक्त के साथ प्राइवेट वाहन से पीछे आ रहे थे कि समय 16.30 बजे लगभग ट्रैक्टर चालक शीशपाल पुत्र हेमराज निवासी जागीपुरा थाना बाजपुर ने अपने ट्रैक्टर नं. यूके18 सीए 5325 को, जो कि उसके लड़के की गाड़ी के आगे चल रहा था एकदम बायीं ओर मोड़ दिया, जिससे उसके पुत्र की गाड़ी, ट्रैक्टर के ट्राली में घुस गयी जिससे मेरे पुत्र की मौके पर मृत्यु हो गयी तथा साथी शुभम नेगी को गम्भीर चोटे आयी है तथा गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**काशीपुर।** देर शाम यूपी क्षेत्र ग्राम मिलक नौ खरीद के रहने वाले केशव चंद्रा (22) पुत्र करण सिंह मोहल्ला टांडा बंजारा निवासी प्रदीप कुमार (21) के साथ लाइट का सामान लेने काशीपुर गए थे। वापस लौटते वक्त ग्राम परमानंदपुर के पास टैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को काशीपुर के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। वहां डॉक्टर ने केशव को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रदीप का इलाज चल रहा है। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, टक्कर के बाद टैक्टर-ट्रॉली का चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची आईटीआई पुलिस ने वाहन को कब्जे मे ले लिया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सांप के काटने से युवती की मौत

**काशीपुर।** बड़ी बहन के घर आयी युवती की सांप के काटने से मौत हो गई। उधम सिंह नगर के ग्राम हसनपुर चाचर निवासी कमलजीत कौर पुत्री प्रताप सिंह कल अपनी बड़ी बहन मानपुर कचनार गाजी निवासी मनदीप कौर के घर आई थी कि बीती रात्रि करीब 9 बजे वह बाथरूम में गई थी कि उसे सांप ने काट लिया। कमलजीत कौर को तुरंत अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व सैनिक लीग की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**अल्मोड़ा।** पूर्व सैनिक लीग की बैठक मंगलवार को कचहरी बाजार स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आगामी सेना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के साथ-साथ नगर की ज्वलंत समस्याओं पर मंथन किया गया। पूर्व सैनिकों ने बाजार क्षेत्र में झूलते विद्युत तारों को दुर्घटनाओं का कारण बताते हुए उन्हें शीघ्र अंडरग्राउंड किए जाने की मांग उठाई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर के विभिन्न हिस्सों में पानी की पाइप लाइनों से लगातार हो रहे लीकेज के कारण बड़ी मात्रा में पेयजल बर्बाद हो रहा है, जिस पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावा भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में दोपहिया व चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग भी की गई, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। पूर्व सैनिकों ने बताया कि 15 जनवरी को भिकियासैंण में सेना दिवस का आयोजन किया जाएगा और सभी पूर्व सैनिकों से इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की गई। यहां अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, पूरन सिंह, डीके चौधरी, एनसी जोशी, धनी राम, राजेंद्र सिंह साही, चंदन सिंह बिष्ट, माधवानन्द भट्ट, मोहन सिंह अल्मियां, रोशन लाल, आनंद सिंह बोरा, पूरन चंद्र लोहनी, सुधीर जोशी, आशीष वर्मा, देवेंद्र लाल साह, रघुवीर सिंह नैनवाल, मनमोहन चंद्र वर्मा आदि रहे।

### डीएम ने किया दत्तक ग्रहण केंद्र का निरीक्षण

**बागेश्वर।** मंगलवार को जिलाधिकारी ने नीलेश्वर स्थित राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय, वृद्धाश्रम और विशेष दत्तक ग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, स्टॉक और उपस्थिति रजिस्टर की जांच की, और सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जानकारी ली। वृद्धाश्रम में मानव संसाधन की कमी पाई गई, जिसके बाद जिलाधिकारी ने शासन से अतिरिक्त स्टाफ की मांग करने का निर्देश दिया। वृद्धाश्रम की साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न होने पर सफाई कर्मचारी को हटाकर नए कर्मचारी की तैनाती के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने वृद्धजनों से बात की और उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। बालिका आश्रम में छात्राओं से संवाद कर जिलाधिकारी ने उनकी पढ़ाई, भोजन और आवासीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की सलाह दी। इसके बाद, विशेष दत्तक ग्रहण केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों की देखभाल को संतोषजनक बताया। वृद्धाश्रम में 13 वृद्धजन और बालिका आश्रम में 18 बच्चे रह रहे हैं।

### पुलिस ने नशे के तस्करों को किया गिरफ्तार

**बागेश्वर।** पुलिस ने नशे के तस्करी के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें से मयंक सिंह कन्याल (25) को हल्द्वानी और महिपाल सिंह दानू (55) को कपकोट से पकड़ा गया। पुलिस ने मंगलवार को दोनों अभियुक्तों को जिला न्यायालय में पेश किया। कोतवाली बागेश्वर में पंजीकृत दो मामलों में पुलिस लगातार अभियुक्तों की तलाश कर रही थी। पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि कप्तान चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। विशेष टीम के गठन और अथक प्रयासों से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### राजस्व उपनिरीक्षकों की कमी, ज्ञापन सौंपा

**बागेश्वर।** गरुड़ तहसील क्षेत्र में राजस्व उपनिरीक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही क्षेत्र में राजस्व उपनिरीक्षकों की तैनाती की मांग की गई। जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहनी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मानकानुसार राजस्व निरीक्षकों की तैनाती की मांग की है। ज्ञापन में लोहनी का कहना है कि तहसील में 11 राजस्व उपनिरीक्षक के पद स्वीकृत हैं। इसके सापेक्ष छह पदों पर तैनाती है। एक राजस्व उप निरीक्षक के पास गरुड़ तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो का भी चार्ज है। एक की कौसानी क्षेत्र में तैनाती की गई है। जो वीआईपी ड्यूटी आदि का काम देखते हैं। चार उपनिरीक्षकों के पास सारी जिम्मेदारी है। एक के पास तीन से चार क्षेत्र का काम है। उप निरीक्षकों की कमी के कारण लोगों के काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने तहसील में मानकानुसार पद भरने की मांग की है।

# मेयर ने किया कार्ययोजना का प्रदर्शन

## नगर निगम द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का किया विमोचन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने कहा है कि अब वह समय दूर नहीं जब काशीपुर को साफ स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए, लिए गए संकल्प को काशीपुर की जनता के साथ मिलकर नगर निगम कोई कसर नहीं छोड़ेगी और काशीपुर को इंदौर और भोपाल की तर्ज पर साफ और सुंदर बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री धामी की स्वच्छता के प्रति चलाई जा रही मुहिम में काशीपुर के जन-जन को जोड़ा जाएगा और स्वच्छता साथी बनाकर शहर में व्याप्त गंदगी को हमेशा हमेशा के लिए समाप्त किया जाएगा।

आज महापौर दीपक बाली की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में काशीपुर को सफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु पूरे वर्ष की कार्य योजना का प्रदर्शन किया गया और साथ ही नगर निगम द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का



विमोचन हुआ। यह कैलेंडर नगर निगम क्षेत्र के हर परिवार तक पहुंचेगा। महापौर ने कहा कि स्वच्छता अभियान में केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाले एक-एक पैसे का इस्तेमाल कर हम अपने शहर को चमकाएंगे। उन्होंने पार्षद अरशी को बधाई दी कि उन्होंने अपने वार्ड में सभी कूड़ा पॉइंट समाप्त कर दिए हैं। जिन वार्डों में बेहतर स्थिति बनेगी उन वार्डों में नगर निगम एक करोड़ रुपए के अतिरिक्त विकास कार्य करेगा। महापौर ने बताया कि कूड़ा प्रबंधन केंद्र बन के तैयार होने जा रहा है और चार-पांच माह में कूड़े की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। कुत्ता आश्रय केंद्र के लिए भी जमीन का चयन कर लिया गया है। कार्यक्रम में नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, राम मेहरोत्रा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, मुक्ता सिंह, पार्षद विजय बॉबी, बोकी टंडन, मोहन बिष्ट, राहुल पैगिया पार्षद दीपा पाठक, अंजना आर्य, वैशाली गुप्ता, अनीता कंबोज, पुष्कर बिष्ट, संदीप मोनू, अब्दुल कादिर, रजत सिद्धू, मनोज जग्गा, प्रिंस बाली सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सूर्या फाउंडेशन ने किसानों को कराया केला फॉर्म विजिट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** खंडीखेड़ा में सूर्या फाउंडेशन के तत्वावधान में काशीपुर क्षेत्र के 17 किसानों के लिए बागवानी फसलों अमरूद, नींबू, लीची, आम तथा विशेष रूप से केला खेती से संबंधित फॉर्म विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जयवीर द्वारा खंडीखेड़ा सहित आसपास के किसानों को केला की खेती



के लिए प्रेरित किया गया, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप क्षेत्र के कई किसानों ने पहले ही केले की खेती को अपनाया है। उन्होंने किसानों को केला के पौधे कहां से प्राप्त करें, पौधों की कीमत, फसल तैयार होने की अवधि, फसल लगाने का उपयुक्त समय, प्रति एकड़ लागत, संभावित उत्पादन एवं विपणन (मार्केटिंग) से संबंधित विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कर्मवीर द्वारा लीची, अमरूद, केला एवं पपीता जैसी बागवानी फसलों की उन्नत खेती पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख हिमांशु, भारत शाह, सुनील उपस्थिति रहे। इस फॉर्म विजिट में करणपुर, नवलपुर, बाबरखेड़ा, श्यामनगर, मिलापनगर, लालपुर, टीला, खंडीखेड़ा एवं बरखेड़ा पांडे के किसानों ने सहभागिता की।

### विधायक चीमा ने गांव में पहुंचकर सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** ग्राम सभा कुद्दयोवाला में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क सहित अन्य मांगों को रखा। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने सड़क निर्माण कराने की घोषणा की। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहां कई लोगों ने मुख्य सड़क से भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पार्क तक की सड़क निर्माण कराने की मांग की। इस पर विधायक चीमा ने सड़क को बनाने की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न मांगें की, जिन्हें विधायक ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, प्रदेश प्रवक्ता गुरविंदर सिंह चंडोक, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री मनोज प्रजापति, मंडल अध्यक्ष, बृजेश पाल सहि अन्य लोग मौजूद रहे।

**NAME CHANGE**

I MOHD SAMEER AZAHAR have changed my name from MOHAMMAD SAMEER AZAHAR to MOHD SAMEER AZAHAR hence forth I shall be known as MOHD SAMEER AZAHAR S/o JAMEEL AHMAD, R/o H.No. 137, Line-11, Tufail Garden, Near Katoralal, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

**NAME CHANGE**

I MOHD FARUQ have changed my name from FARUKH to MOHD FARUQ hence forth I shall be known as MOHD FARUQ S/o ABDUL AZIZ R/o Guladiya, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

# चिंटू के साथ बेटा भी गया सलाखों के पीछे

## फायर झोंक रहा था पिता, बेटे ने तान रखी थी पिस्टल, विदेश पिस्टल के साथ पकड़ा गया बेटा भी

### नितिन हत्याकांड में पार्षद के बेटे जय की संलिप्ता भी आई सामने



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नितिन लोहनी हत्याकांड के हत्यारोपी भाजपा पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिन्टू को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। इस मामले में बड़ा खुलासा यह है कि हत्या की वारदात में चिंटू अकेला नहीं था। वो अकेला ही नितिन पर फायर नहीं झोंक रहा था। बल्कि जब चिंटू पौनिया से पार्षद झोंक रहा था, तब उसका बेटा जय भी वहीं था। उसके हाथ में पिता की विदेशी पिस्टल थी, जिसे पिता के साथ पीछा करने हुए उसने अपने ही दोस्त नितिन पर तान रखी थी। जिसकी जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी अमित के बेटे के पास से एक पिस्टल मय 4 जिंदा कारतूस 25 बोर के बरामद किए है। पिता के साथ पुलिस ने आरोपी पार्षद अमित के बेटा जय को भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। बता दें कि बीते 4 जनवरी रविवार की रात जज फार्म निवासी नितिन लोहनी को पार्षद अमित बिष्ट ने मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस के अनुसार नितिन अपने दोस्त कमल भंडारी के साथ स्कूटी से पार्षद के घर मानपुर उत्तर वार्ड-55 रामपुर रोड पहुंचा था। नितिन स्कूटी पर बैठा था। कमल ने पार्षद के घर की घंटी बजाई। दूसरी घंटी पर पार्षद अमित अपने 19 वर्षीय बेटे जय के साथ बालकनी पर आया। पार्षद के हाथ में डबल बैरल पौनिया (शॉट गन) थी। पार्षद ने कमल से पूछा कि क्या वह दरम्वाल गैंग से है और फायरिंग शुरू कर दी। जब दोनों जान बचाकर भागे और पार्षद पौनिया लेकर दोनों के पीछे दौड़ पड़ा। पुलिस का कहना है कि घटना के वक्त पार्षद अमित अकेला नहीं था। बल्कि उसके साथ उसका बेटा जय बिष्ट भी साथ में था। जय के हाथ में पिता की 6.35 बोर वाली मेड इन चेकोस्लोवाकिया की पिस्टल थी। उसने पिस्टल नितिन की ओर तान रखी थी और पिता अमित लगातार फायर झोंक रहा था। लेकिन इस गोलीकांड में नितिन की मौत हो गई। प्राथमिक जांच में ही पुलिस को अमित पर शक हो गया। घटना की रात ही अमित को पूछताछ के लिए हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उससे लगातार पूछताछ की गई, साथ ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो अमित के साथ उसका बेटा जय भी हाथ में पिस्टल लिए दौड़ता नजर आया, लेकिन तब तक देर चुकी थी और जय मय पिस्टल के फरार हो चुका था। यह तथ्य सामने आते ही पुलिस ने जय की तलाश शुरू कर दी। बीते सोमवार की रात 11 बजे टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने मुखबिर की सूचना पर जय को फायर स्टेशन से होंडा तिराहा बरेली रोड की ओर जाते वक्त गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जय के पास से उसके पिता की विदेशी पिस्टल और चार कारतूस भी बरामद किए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि हत्यारोपी अमित और उसके बेटे जय को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि परिजनों की ओर से मिली तहरीर में केवल पार्षद अमित का ही नाम था, लेकिन जब टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने शुरू किए तो घटना के वक्त पिता के साथ जय भी नजर आया। हम इस बात की जांच भी कर रहे हैं कि क्या जय के हाथ में मौजूद पिस्टल से भी फायर हुई या नहीं। जिसकी बारीकी से जांच की जा रही है।

### सुबूत मिटाने का प्रयास

इस मामले में एक और अहम तथ्य सामने आया है। पुलिस ने जब अमित के घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर को जांचने के लिए लिया, तो वह गायब था। पुलिस ने बाद में डीवीआर खोज निकाला, लेकिन अमित ने उसे तोड़ दिया था। हालांकि, पुलिस ने डीवीआर से रिकॉर्डिंग निकाल ली, जिसने अमित के सारे दावों को खारिज कर दिए। इस वजह से आरोपी अमित पर सुबूत मिटाने की भी धारा लगाई गई है।

## एसएसपी से मिला पीड़ित परिवार, सुरक्षा की गुहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को हल्द्वानी में मृतक नितिन लोहनी के बड़े भाई पियूष ने एसएसपी से मुलाकात की और मामले में किसी भी तरह की लीपापोती और कोताही न बरते जाने की अपील की। पियूष के साथ इस मुलाकात में कई जनप्रतिनिधि भी शामिल थे। एसएसपी ने भरोसा दिलाया कि मामले में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और जांच पूरी निष्पक्षता से की जाएगी। साथ ही, पीड़ित परिवार और चश्मदीद गवाह की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि इस मामले की चार्जशीट जल्द से जल्द कोर्ट में दाखिल की जाएगी ताकि पीड़ित परिवार को जल्दी न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जांच में सभी सुबूत और तथ्य कागजों से बाहर नहीं जाने पाएंगे। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि हत्यारोपी पार्षद अमित बिष्ट के खिलाफ यदि किसी और मामले में शिकायत आती है, तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पियूष और अन्य परिजनों को यह भी भरोसा दिलाया कि नितिन के परिवार और चश्मदीद गवाह कमल भंडारी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, और इसके लिए कोतवाल विजय मेहता को निर्देशित किया गया है। एसएसपी ने इस दौरान बताया कि तहरीर में सिर्फ पार्षद अमित का नाम था, लेकिन पुलिस ने अपनी जांच के दौरान अमित के बेटे जय को भी गिरफ्तार किया, जो पहले मामले में शामिल नहीं था। इस मुलाकात के दौरान नितिन के बड़े भाई पियूष के अलावा, नितिन के चचेरे भाई, पूर्व मेयर प्रत्याशी ललित जोशी, प्रमोद बोरा, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, जिला पंचायत सदस्य छवि कांडपाल, नीरज तिवारी, उमेश बिनवाल आदि मौजूद रहे।

## इसी कोतवाली से पिछले साल चिंटू को छुड़ा ले गए थे विधायक

### जिस कोतवाली से छुड़ाया उसी कोतवाली में मुंह लटकाए बैठा था चिंटू

**दीपक भंडारी**

**हल्द्वानी।** जी हां ये वही कोतवाली है, जहां विधायक बंशीधर भगत ने पिछले साल सितंबर में पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू को बचाने के लिए हस्तक्षेप किया था। मंगलवार को उसी हल्द्वानी में अब चिंटू को मुंह बांधे, चेहरा लटकाए और लोगों से नजरें चुराते हुए देखा गया। इस बार वह अपने बेटे जय के साथ था, और दोनों एक ही हथकड़ी में जकड़े हुए थे। यह वही चिंटू है, जिसे विधायक ने पिछले साल सितंबर में मारपीट के मामले में कोतवाली से छुड़ा लिया था। तब एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को भी मामले में दखल देना पड़ा था। बता दें कि पिछले साल सितंबर में जब अमित बिष्ट भारतीय जनता पार्टी का मंडल उपाध्यक्ष भी था और पार्षद के रूप में जिम्मेदारी निभा रहा था। यह विवाद एक बिजली के पोल पर लगी लाइट को लेकर हुआ था। कुछ लोग पोल पर चढ़े थे और लाइट टेढ़ी हो गई थी, जिससे अमित बिष्ट ने बुरी तरह से उन युवकों को पीट डाला। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, और पीड़ित पक्ष ने टीपीनगर चौकी पहुंचकर पार्षद के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने अमित बिष्ट को चौकी बुलाया, लेकिन उसने खुद आने के बजाय अपने लेटर पैड पर शिकायत भेज दी। इसके बाद पुलिस को एक्शन लेना पड़ा और उसे हिरासत में ले लिया गया। अमित बिष्ट की गिरफ्तारी के बाद हल्द्वानी कोतवाली के बाहर उसे छुड़ाने के लिए एक बड़ी भी एकत्र हो गई थी। जब पुलिस ने उसे नहीं छोड़ा, तो अगले दिन कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत लाव-लश्कर के साथ कोतवाली पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने विरोध किया और कहा कि न सिर्फ अमित को छोड़ा जाए, बल्कि एसएसपी भी सड़कों पर आकर इस मामले को हल करें। काफी देर तक जिद करने के बाद एसएसपी पीएन मीणा को सड़कों पर आना पड़ा। विधायक और एसएसपी के बीच बातचीत हुई, और अंततः पूरे सम्मान के साथ अमित को कोतवाली से छोड़ दिया गया। इस दौरान विधायक ने एसएसपी को यह भी बताया कि अमित उनके कार्यकर्ता और मंडल का उपाध्यक्ष है, उसे सम्मान के साथ छोड़ा जाना चाहिए।

## राजनीति-दबंगई-अपराध की 'गोली' से मारा गया नितिन

### बेवजह हुई एक युवक की हत्या ने शहर को झकझोर दिया

**शाहवेज़ खान**

**हल्द्वानी।** एक निर्दोष नौजवान सत्ता और दबंगई के नशे में चूर नेता की गोली का निशाना बन गया। बेवजह हुई एक युवक की हत्या ने हल्द्वानी शहर को न सिर्फ झकझोर कर रख दिया है, बल्कि नेताओं के चरित्र पर भी उंगली उठाने को मजबूर कर दिया है। लोग स्तब्ध हैं कि इस शहर और जिले की फिज़ा में अपराधियों का इतना बोलबाला आखिर कहां से अचानक बढ़ गया। उनके लिए यह चिंता का एक विषय है। दरअसल इस दबंगई की जड़ राजनीति है। बड़े नेताओं का हाथ जब दबंगों पर रहता है तो छुटभैय्ये नेताओं के हौंसले और बुलंद हो जाते हैं। कानून के हाथ जब राजनी. ति बांधने की कोशिश करती है तो इन दबंगों के पर और निकल जाते हैं। हल्द्वानी जैसे शहर ने देखा होगा भयानक एक गैंगवार का दौर लेकिन आज की तारीख में शहर का माहौल एक बार फिर से गैंगवार की ओर बढ़ते जाना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसा नहीं है कि यहां पर पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा अपराधियों को। समय इतना बदल गया है कि अपराधियों की पैरवी नेता करने उतर आते हैं और पुलिस के इकबाल को ध्वस्त कर पूरी तरह से कुचल देते हैं तो अपराधियों में अच्छा संदेश नहीं जाता और वो दबंगई जारी रखते हैं। अपराधी जब इस दबंगई में अपनी सीमा लांघ जाता है तो यही राजनीति और नेता उससे पल्लू झाड़ लेते हैं और ऐसा दिखाने की कोशिश करते हैं कि हम और हमारी पार्टी का ऐसा लोगों से कोई मतलब नहीं है। हल्द्वानी के नितिन लोहनी की हत्या को अंजाम देने वाले भाजपा पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू को भाजपा ने निष्कासित कर तो दिया लेकिन अमित बिष्ट के खून से रंगे दामन से पीछा छुड़ाना इतना आसान नहीं है। खुलेआम मारपीट और दबंगई के आरोप में जब पुलिस ने कुछ माह पहले गिरफ्तार किया था तो विधायक बंशीधर भगत ने कोतवाली के सामने धरने पर बैठकर पुलिस को खरी-खोटी सुनाई थी और अमित बिष्ट को छुड़वा लिया था। आज वही भाजपा और भगत अमित बिष्ट से पल्लू झाड़ रहे हैं, लेकिन दरअसल अमित बिष्ट इन्हीं की शह पर कूद रहा था और चहेता ही रहा। पिछले साल जिला पंचायत के चुनाव में अपराध का खौफनाक मंज़र सबने देखा। देखा कि अपराध और राजनी. ति का गठजोड़ कैसा होता है। इसी राजनीति, दबंगई के खेल में एक नौजवान असमय और बेवजह मारा गया। अफसोस.. .अमित बिष्ट की एक गोली नितिन को लगी और उसके जिस्म के अंदर सबकुछ छलनी हो गया।

## गौलापुल से युवती ने लगाई नदी में छलांग, घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को गौलापुल से एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी। इससे पहले एक युवक ने उसका पीछा किया और उसे रोकने की को. शिश की, लेकिन युवती के उससे पहले ही पुल से नीचे छलांग लगा दी। नदी के पत्थरों पर गिरने के कारण युवती के सिर, पेट और घुटनों में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने युवती को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी देते हुए बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल के अनुसार 21 वर्षीय भावना गजीपुर गौलापार चोरगलिया निवासी एसके मार्केट कुंवरपुर गौलापार में नौकरी करती थीं। प्रत्यक्षदर्शी एसके मार्केट स्थित पारस स्पोर्ट्स में काम करने वाले सोनू ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को अचानक भावना अपनी स्कूटी लेकर निकल गई। शक होने पर सोनू भी अपनी स्कूटी लेकर उसके पीछे चल पड़ा। गौलापुल पर पहुंचने पर, भावना ने अपनी स्कूटी खड़ी की और जब सोनू ने उसे रोकने के लिए चिल्लाया, तो वह पुल से छलांग लगा चुकी थी। सूचना मिलते ही बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को नदी से बाहर निकाला। उसे नैनताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया, जहां उसकी हालत अभी स्थिर बनी हुई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि भावना अक्सर बीमार रहती हैं और उसका इलाज चल रहा था। वह समय-समय पर अचानक अपनी तबियत खराब होने की वजह से खतरनाक कदम उठा लेती थीं।

## चंदन हॉस्पिटल के निदेशक पर मुकदमा

### शव को बंधक बनाकर बिल भरने का है मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चंदन हॉस्पिटल के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अस्पताल प्रबंधन पर आरोप है कि उन्होंने एक मृतका के शव को बंधक बना कर उसके पति से अस्पताल का बिल भरने की मांग की। मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने चंदन हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में चिकित्सक की गिरफ्तारी भी हो सकती है। जानकारी के अनुसार गोलना करड़िया धारानौला, अल्मोड़ा निवासी नंदन बिरौड़िया ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीमार होने पर उन्होंने अपनी पत्नी सीमा को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में भर्ती कराया था। 3 जनवरी की शाम करीब साढ़े 4 बजे, सीमा को बेस अस्पताल से रेुर किया गया, और नंदन ने उन्हें भोटियापड़ाव स्थित चंदन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। नंदन का कहना है कि सीमा को चंदन हॉस्पिटल के बाहर 108 एम्बुलेंस सेवा के वाहन से उतारने के बाद, अस्पताल के चिकित्सक ने उन्हें इमरजेंसी वार्ड में ले जाकर 50,000 रुपए नकद लिए और 7,000 रुपए के टेस्ट किए। शाम साढ़े 6 बजे सीमा को आईसीयू वार्ड में ले जाया गया। नंदन और उनके परिजनों ने अस्पताल की सीढ़ियों से पैदल नीचे उतरा, जबकि सीमा को लिफ्ट से ऊपर ले जाया गया। लेकिन जब नंदन ऊपर पहुंचे, तो हॉस्पिटल ने बताया कि सीमा का दिल रुक गया है और उनकी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने नंदन से और 30,000 रुपए की मांग की। कहा गया कि जब तक 30,000 रुपए नहीं दिए जाएंगे, शव उन्हें नहीं सौंपा जाएगा। नंदन ने बहुत प्रयास किया, लेकिन शव देने के लिए अस्पताल तैयार नहीं हुआ। नंदन ने आखिरकार पुलिस से मदद मांगी, और मध्य रात्रि पुलिस की टीम चंदन हॉस्पिटल पहुंची और पत्नी का शव नंदन को सौंपा। पुलिस ने अस्पताल के एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की थी। इस मामले में अब पुलिस ने चंदन हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक परवेज के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(3) जबरन वसूली के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल विजय मेहता का कहना है कि तहरीर के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रगतिशील महिला एकता केंद्र परिवर्तनकामी छात्र संगठन और क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पार्क में एकत्रित होकर वेनेजुएला पर अमेरिकी साम्राज्यवादियों के हमले का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया और वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी के अपहरण की निंदा की। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 3 जनवरी को अमेरिकी सेनाओं ने वेनेजुएला पर हमला कर निर्दोष नागरिकों का कत्लेआम किया और मादुरो को अगवा कर अमेरिका ले गए। पुतला दहन करने वालो में रजनी, ऋचा, दीपा, मीना, तुलसी, नीता,शारदा, रजनी, विमला, आनंदी, पद्म कविता, रीना, महेश आदि थे।

## इस्लाम हुसैन पर दर्ज मुकदमा रद्द होः पाण्डेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ पत्रकार और उत्तराखण्ड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन पर हल्द्वानी में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया जाना निंदनीय है। यह मुकदमा स्वघोषित गौ रक्षकों के द्वारा 4 जनवरी 2025 की दी हल्द्वानी कोतवाली में गई तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया है। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि पुलिस ने बिना गहन जांच पड़ताल के जितनी तेजी से मुकदमा दर्ज किया है वह आश्चर्यजनक है। इस्लाम हुसैन हमेशा संवैधानिक लोकतांत्रिक तरीके से सामाजिक सद्भाव और गरीबों हितों के लिए अपना काम करते रहे हैं। उनका काम हमेशा से संघी मानसिकता के लोगों की आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। इसी नफरती गैंग के लोगों ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उन पर मुकदमा किया जाना अभिव्यक्ति की संविधान प्रदत्त आजादी पर हमला है। उत्तराखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी के सभागार में इस्लाम भाई के भाषण पर उपस्थित तमाम प्रोफेसर, अन्य विद्वान, पत्रकारों, कर्मचारीगण सहित सभी लोगों में से किसी ने भी इस भाषण पर कोई आपत्ति या सवाल नहीं उठाया। डा. पाण्डेय ने कहा कि यूनिवर्सिटी की तरफ से भी कोई शिकायत नहीं की गई थी। लेकिन भाषण के तीन माह बीत जाने के बाद अचानक ये मुकदमा दर्ज होना बता रहा है कि यह सब षडयंत्र के तहत किया गया है। इसलिये इस्लाम हुसैन पर दर्ज झूठा मुकदमा तत्काल बिना शर्त रद्द किया जाना चाहिए।

## गोल्ज्यू पूजन के साथ उत्तरायणी मेले का आगाज आज से

### मंच पर बिखरेगी कुमाऊंनी संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक की छटा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में नौ दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव का आगाज कल यानि आज बुधवार से गोल्ज्यू पूजन के साथ शुरू होने जा रहा है। महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उत्तरायणी महोत्सव में कुमाऊंनी संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक गीत, लोक नृत्य, सांस्कृतिक व्यापार मेला, खेलकूद एवं सामाजिक व सांस्कृतिक संदेशों से सुसज्जित भव्य शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। यह बात मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड्वाल ने कहीं। मंगलवार को हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर व मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड्वाल ने संयुक्त रूप से कहा कि पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा 44 वर्षों से लगातार निर्बाध रूप से मंच प्रांगण में घुघुतिया त्यार (उत्तरायणी मेले) का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 7 से 15 जनवरी तक शाम को स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोक संस्कृति से जुड़े जाने माने कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उहोंने बताया कि कल यानि आज बुधवार को सुबह 10 बजे गोल्ज्यू पूजन एवं आरती से मेले की शुरूआत होगी।

दोपहर दो बजे से ओपन वर्ग की कुमाऊंनी भाषा में नाट्य प्रतियोगिता आयोजित होगी, जबकि सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रहेगी। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को हरेन्द्र कठायत व अमित गोस्वामी, 8 जनवरी को जगदीश कांडपाल व राकेश जोशी, 9 जनवरी को महिपाल मेहता व रूचि आर्य, 10 जनवरी आनंद कोरंगा व चन्द्र प्रकाश, 11 जनवरी को राकेश पनेरू व किरन चोपड़ा, 12 जनवरी को बलवीर राणा व प्रियंका चन्द्र अपनी प्रस्तुति देंगे। जबकि 13 जनवरी को कैलाश कुमार व मेघना चन्द्र, 14 को सूरज प्रकाश, पवन कार्की व पुष्कर मेहर अपनी नी सुंदर प्रस्तुती देंगे। वहीं मेले के अंतिम दिन 15 जनवरी को बबीता देवी व रोशन बनौला अपनी परिचित गायकी से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले के माध्यम से कुमाऊंनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार व संरक्षण किया जा रहा है। मेले में सभी कार्यक्रम कुमाऊंनी भाषा में किए जाते रहे हैं। पत्रकार वार्ता में हुकुम सिंह कुंवर, खड़क सिंह बगडवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, देवेन्द्र सिंह तोलिया, त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, भुवन चंद्र जोशी, धान सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, मोहन सिंह बोरा, हेम चंद्र भट्ट, तरूण नेगी, ललित बिष्ट, रश्मि लमगड़िया मौजूद रहे।

## सीवर-पेयजल कार्यों में देरी पर आयुक्त सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को उत्तराखण्ड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) के अंतर्गत सीवर, पेयजल एवं सड़क निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की खुदाई के बाद समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि कार्य पूरा न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। स्थलीय निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हाल ही में हुई एक सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और उन्हें हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। आयुक्त ने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि जिन मार्गों पर खुदाई का कार्य चल रहा है, उन्हें तत्काल पुनः स्थापित (रिस्टोर) किया जाए। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर साइनेज बोर्ड न होने पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई। आयुक्त श्री रावत ने ठेकेदारों द्वारा बरती जा रही घोर लापरवाही पर नारा. जगी जताते हुए एडीबी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि नियमानुसार संबंधित ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार न होने पर भविष्य की सभी समीक्षा बैठकें कार्यालय में नहीं, बल्कि सीधे कार्यस्थलों पर ही की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान पार्षदों एवं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई क्षेत्रों में सड़कें लगभग छह माह पूर्व खोदी गई थीं, लेकिन अब तक कोई कार्य नहीं हुआ। स्थलीय निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हाल ही में हुई एक सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और उन्हें हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के समय सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रिडकुल कुलदीप सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, पार्षद चंदन मेहता, विनोद दानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## दीक्षांशु का शतक, एचसीसी ने 118 रनों से जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच मंगलवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में गट्स एन ग्लोरी और एचसीसी के मध्य खेला गया। गट्स एन ग्लोरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। खराब मौसम के कारण मैच 25-25 ओवर का रखा गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीसी ने 25 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 266 रन बनाए। एचसीसी के बल्लेबाजों में दीक्षांशु नेगी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 50 गेदों में 114 रन बनाए, जबकि प्रभाकर नैनवाल ने 71 और लक्ष्य नयाल ने अपनी टीम के लिए 31 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गट्स एन ग्लोरी की टीम 25 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 148 रन ही बना सकी और 118 रनों से मैच हार गई। शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार दीक्षांशु नेगी के नाम रहा। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और शिवम् पाण्डे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। इस अवसर पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आनंद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बी एल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।



## धर्म का पालन ही सुख और समृद्धि की कुंजीः जोशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर कथा व्यास डा. नवीन चंद्र जोशी ने भक्तों को श्रीमद्भागवत के दिव्य संदेशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग है। आज की कथा भगवान के वाराह अवतार और ध्रुव चरित्र पर आधारित रही। व्यास ने बताया कि भगवान अपने भक्तों के प्रति दयालु और कृपालु होते हैं, और ध्रुव जैसे भक्तों को दर्शन देकर प्रभु ने अपनी भक्तवत्सलता का परिचय दिया है। साथ ही, पृथु अवतार की कथा सुनाते हुए उन्होंने यह भी बताया कि राजा का धर्मात्मा होना अनिवार्य है, क्योंकि धर्म का पालन ही सुख और समृद्धि की कुंजी है। कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य प्रमोद जोशी व आचार्य प्रकाश चंद्र जोशी ने पूजन कराया। मुख्य यजमान सोबन सिंह बिष्ट, डा. एसडी तिवारी, विनीत सिंह व दया किशन पाण्डेय रहे। इस अवसर पर आचार्य प्रशांत जोशी, गोविन्द बल्लभ जोशी, हेम चंद्र जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिम्मतपुर तल्ला स्थित वैष्णवी कॉलोनी एवं बसंत विहार कॉलोनी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें मांगलिक गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ समूचा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कथा के प्रथम दिवस में व्यासपीठ से आचार्य नीरज चंद्र त्रिपाठी ने श्रीमद्भागवत की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है और इसके श्रवण मात्र से जीव के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं तथा भक्ति मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करती है। कथा के प्रथम दिवस में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, मातृशक्ति, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।



## बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड चुनावः राजन मेहरा ने दाखिल किया नामांकन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड में चल रही नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन मंगलवार को हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा ने अपने सैकड़ों अधिवक्ता समर्थकों के साथ बार काउंसिल कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जोरदार समर्थन जताते हुए उनके पक्ष में नारेबाजी की। नामांकन के बाद राजन सिंह मेहरा ने बताया कि बार काउंसिल का चुनाव लड़ने का उनका मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके कल्याण से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों की बार काउंसिल अपने अधिवक्ताओं को मेडिक्लेम, डेथ क्लेम सहित अनेक सुविधाएं प्रदान कर रही हैं, जबकि उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में, जहां लगभग 15 हजार अधिवक्ता मतदाता हैं, उन्हें अब तक इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। इसके साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्राधिकरण के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता



■ तानाशाही पर प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुदपुर।** जिला विकास प्राधिकरण अधिकारियों पर भवन स्वामियों का उत्पीड़न व आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व समाजसेवी हरीश पनेरू के नेतृत्व में मारेबाजी के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा

विधायक तिलक राज बेहड़ का कहना था कि उधम सिंह नगर जनपद में वर्तमान में कॉलोनियों की रजिस्ट्री बंद होने के कारण आम नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिन्होंने वैध रूप से प्लॉट खरीदे हैं, लेकिन रजिस्ट्री प्रक्रिया रुकने से वे अपने मकान को कानूनी दर्जा नहीं दिला पा रहे हैं। उन्होंने कहा रजिस्ट्री बंद होने से जनता में भ्रम और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है। आम नागरिक यह नहीं समझ पा रहे हैं कि रजिस्ट्री किस आदेश या अधिसूचना के आधार पर रोकी गई है। इसका सबसे अधिक प्रभाव मध्यमवर्गीय, निम्न आय वर्ग तथा पर्वतीय क्षेत्र से आकर बसे परिवारों पर पड़ रहा है, जिनके लिए सस्ती कॉलोनियों ही घर बनाने का एकमात्र साधन हैं।

प्राधिकरण अधिकारी को औपचारिक रूप से ज्ञापन सौंप यह अनुरोध किया गया है कि रजिस्ट्री बंद होने की स्थिति को स्पष्ट किया जाए और यदि कोई आदेश प्रभावी है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। साथ ही जनहित को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्री प्रक्रिया को शीघ प्रारंभ कराने की मांग की गई है। हरीश पनेरू का कहना था कि रजिस्ट्री प्रक्रिया बंद रहने से आर्थिक मानसिक और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। नागरिक प्रशासन से टकराव नहीं, बल्कि स्पष्टता और समाधान चाहते हैं, ताकि लोग कानूनी रूप से सुरक्षित तरीके से अपने घर का सपना पूरा कर सकें। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था करते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। इस दौरान संजय जुनेजा, मोहन खेड़ा, ललित सिंह, रोहित, सुमित पाण्डे, हरीश पाण्डे, अंकित. सुजल, प्रेम, प्रदीप राय, तपन राय, राज राय, महेंद्र शर्मा. सोनू सिंह, कृपाल रौतेला. आकाश चौहान, रमेश चन्द्र प्रवीण माइन, कैलाश काण्डपाल, विनोद मलवार, राजेंद मेहता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# बरहैनी रेंज के जंगल में मिला अज्ञात शव इलाके में मचा हड़कंप



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र अंतर्गत कालाढूंगी-हल्द्वानीख्रबाजपुर मार्ग स्थित बरहैनी रेंज के वन क्षेत्र में मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव की सूचना मिलते ही कालाढूंगी पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कालाढूंगी भिजवाया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुलिस ने शव को पहचान के प्रयासों के लिए 72 घंटे के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर कालाढूंगी पुलिस सभी पहलुओं से जांच में जुटी हुई है। अज्ञात शव मिलने की घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# जिला सभागार में आयोजित हुआ तहसील दिवस



■ डीएम ने दिए जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश
■ तहसील दिवस में आई 10 शिकायतें, सात का मौके पर ही किया निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नये साल के प्रथम मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में तहसील रुद्रपुर का तहसील दिवस जिला सभागार में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी समस्याओं को शान्त मन एवं संवे. दनशील होकर सुने व गम्भीरता से तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा सभी विभागीय अधिकारी नई उर्जा, उमंग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करते हुये जनता को योजनाओं से लाभान्वित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा पूरे प्रदेशभर में जन जन की सरकार-जन जन के द्वार अभियान के तहत जनता के द्वार पर जाकर शिविर लगाकर उनकी समस्याएं सुनते हुए उनका मौके पर निस्तारण किया जा रहा है। इसलिए सभी अधिकारी शिविरों में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें व अपने-अपने विभागीय योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में आधार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली, भूमि सम्बन्धित 10 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से सात शिकायतों/समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिन्हा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, पेयजल निगम सुनील जोशी, जल संस्थान तरूण शर्मा, सिंचाई बीएस डांगी, विद्युत उमाशंकर चतुर्वेदी, तहसीलदार दिनेश कुटोला, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि उपस्थित थे।

# केलाखेड़ा में दर्दनाक सड़क हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचला, मौके पर मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** नेशनल हाईवे पर केलाखेड़ा के टांडा आजम चौराहे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पैदल मजदूरी करने जा रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।



मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वार्ड नंबर चार, फिदानगर केलाखेड़ा निवासी 30 वर्षीय नूर मोहम्मद पुत्र अहमद हुसैन रोजाना की तरह घर से पैदल मजदूरी के लिए निकला था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर टांडा आजम चौराहे पर सड़क पार कर रहा था, तभी गदरपुर से काशीपुर की ओर जा रहे मटर से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि नूर मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची केलाखेड़ा की 108 एंबुलेंस से घायल युवक को उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि नूर मोहम्मद मजदूरी का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। नूर मोहम्मद छह भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था।घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पताल पहुंचे और शोक. ाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। परिजनों ने पुलिस से फरार ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# चेकिंग में चार वाहन सीज, 15 का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर चार वाहनों को सीज किया। 15 वाहनों का चालान किया, जबकि तीन दो पहिया वाहन चालकों का हेलमेट नहीं पहनने पर चालान किया। परिवहन विभाग के अधिकारी तारकेंद्र वाष्णेय के नेतृत्व में टीम ने ओवरलोड, ओवर हाइट ट्रकों, कैंटर समेत चार वाहनों को सीज कर दिया।

परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में रोड सेफ्टी को लेकर परिवहन विभाग का व्यापक स्तर पर अभियान चल रहा है।

# भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस के खिलाफ हल्ला बोल

■ अंकिता प्रकरण पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया जुलूस प्रदर्शन
■ कहा- जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने और प्रदेश वासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई जनहित का मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह एक संवेदनशील मामले का राजनीतिकरण कर प्रदेश का शांत माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है।

विरोध प्रदर्शन से पूर्व अम्बेडकर पार्क में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकांड पूरे प्रदेश के लिए दुखद घटना थी और भाजपा सरकार ने इस मामले में शुरू से ही बेहद गंभीर रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की है। विधायक ने कहा कि एसआईटी जांच में सभी तथ्य स्पष्ट हो चुके हैं और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है, लेकिन कांग्रेस इस मामले की आड़ लेकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रही है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने हमेशा विकास के बजाय विवाद को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि जब जांच एजेंसियां न्यायालय के समक्ष ठोस साक्ष्य पेश कर चुकी हैं, तब कांग्रेस द्वारा 'वीआईपी' नैरेटिव के नाम पर भ्रम फैलाना केवल एक षड़यंत्र है। महापौर ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय सुनिश्चित किया जा रहा है, परंतु कांग्रेस लाशों पर राजनीति कर अपनी खोई हुई साख वापस पाना चाहती है, जिसमें वह कभी सफल नहीं होगी। महिला मोर्चा की रश्मि रस्तोगी और विनीता सक्सेना ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस महिलाओं के नाम पर केवल राजनीति करना जानती है।

सभा के पश्चात अम्बेडकर पार्क से विशाल जुलूस शुरू हुआ जो मुख्य बाजार होते हुए भगत सिंह चौक से होते हुए गल्ला मण्डी पर पुतला दहन के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेस का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, महिला मोर्चा की रश्मि रस्तोगी, विनीता सक्सेना, मीना शर्मा, साधना शर्मा, अर्चना राय, पिंकी चतुर्वेदी, सुनीता गंग. वार, कविता मन, स्वाति शर्मा, ममता जीना, गीता भारद्वाज, आशा मुंजाल, मधु गुप्ता, प्रीति धीर, ममता त्रिपाठी, मनीष गोस्वामी, नेत्रपाल मौर्य, रामपाल, प्रीत ग्रोवर, सुनील ठुकराल, रोशन अरोड़ा, अमित नारंग, सुनील यादव, सुलोचना रावत, शैली फुटेला, धर्म देवी और उर्मिला पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन में आ रही समस्याओं को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधान संघ ने उपजिलाधिकारी बाजपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में योजना के क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी व विभागीय अड़चनों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

मंगलवार को प्रधान संघ अध्यक्ष मनदीप सिंह नरवाल की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने, जल आपूर्ति व्यवस्था, विद्युत विभाग, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के बीच आपसी समन्वय के अभाव के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि विकास खंड स्तर पर एक समन्वय बैठक आयोजित की जाए, जिसमें उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जल जीवन मिशन से जुड़े अभियंता, विद्युत विभाग, नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक के माध्यम से ग्राम प्रधानों की समस्याओं एवं जमीनी स्तर पर आ रही कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। प्रधान संघ ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस विषय का संज्ञान लेते हुए विकास खंड सभागार में बैठक आयोजित कराने के निर्देश देगा, जिससे योजना का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके और ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके।ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रधान संघ के पदाधिकारी व कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बाजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग कार्यक्रम के साथ मंगलवार को उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर दर्जा गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश कुमार सक्सेना की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य इंटरमीडिएट कॉलेज बाजपुर एवं जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशीपुर उपस्थित रहे।




विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मणि त्रिपाठी ने आगंतुक अतिथि महानुभावों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में बोलते हुए मंजीत सिंह राजू ने बच्चों को समाज सेवा की सीख दी। इसी अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हरीश कुमार सक्सेना ने बच्चों को सेवाभावी होने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर कैंप कमांडर रूद्र शर्मा ,जसदीप कौर तथा विद्यालय के आचार्य प्रकाश चंद्र भट्ट, मनोज सिंह तथा आचार्या प्रीति शर्मा, मानसी, खुशबू शर्मा, सपना, अंजलि सैनी, उर्वशी सैनी, काजल और एनएसएस के सभी 53 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्राम नगला में नशा बेचने वाले तस्कर को स्मैक के साथ दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता ।** गांव में नशे का कारोबार करने वाले एक नशा तस्कर को पुलिस ने चेकिंग के दौरान नशे के विरुद्ध चला जा रहा है अभियान के तहत गिरफ्तार किया है।



मंगलवार को पुलिस से मिली जानक. ारी के अनुसार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चौकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम नगला में लंबे समय से नशे का कारोबार करने वाले एक नशा तस्कर को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नशा तस्कर ने पूछताछ में अपना नाम कुलदीप सिंह पुत्र स्व. बलविन्दर सिंह निवासी ग्राम नगला, नानकमत्ता बताया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी कुलदीप ने आसपास के अन्य नशा बेचने वालों के नाम भी बताए हैं।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/ 21 एनडीपीएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक मनोज जोशी, उप निरीक्षक संजय कुमार, सिपाही नवीन जोशी, महिला सिपाही विद्यारानी शामिल है।

# चर्चित मांस प्रकरण में एक आरोपी की जमानत याचिका मंजूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के चर्चित मांस प्रकरण में एक आरोपी को बड़ी राहत मिली है। रामनगर स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने एक आरोपी की जमानत याचिका मंजूर कर लीं है।

यह मामला 23 अक्टूबर को रामनगर के ग्राम छोई क्षेत्र में हुई घटना से संबंधित है। वरिष्ठ अधिवक्ता निसारुद्दीन, अधिवक्ता शाहिन, अधिवक्ता रुबीना, अधिवक्ता अजहर ने बताया कि यह प्रकरण नूरजहां द्वारा दी गई रिपोर्ट से जुड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, नूरजहां के पति नासिर बरेली से पिकअप वाहन में भैंस का मांस ला रहे थे।

छोई के पास कुछ लोगों ने उनके वाहन को रोककर नासिर के साथ मारपीट की और कथित तौर पर जानलेवा हमला किया था।इस घटना के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 109, 190 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। इस मामले में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन जोशी को मुख्य आरोपी बनाया गया।

वह फिलहाल जेल में बंद हैं। जिस आरोपी को जमानत मिली है, वह शारिक खान हैं।अधिवक्ता निसारुद्दीन ने बताया कि जमानत याचिका दायर करने के बाद अदालत ने सभी तथ्यों पर विचार किया। जमानत की शर्त के अनुसार, आरोपी के एक-एक लाख रुपए के जमानती कोर्ट में पेश किये।निसरूद्दीन ने यह भी कहा कि इस आदेश का भविष्य में अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## एक नजर

# वीआईपी के नाम के खुलासे की मांग को लेकर प्रदर्शन, पुतला फूंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर ।** अंकिता हत्याकांड के मामले में वीआईपी के नाम का खुलासा करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय भूत बंगला गेट पर पार्षद परवेज कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और वीआईपी का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अंकि. कता को न्याय दिलाने की मांग दोहराई।

पुतला दहन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम अब तक गुप्त रखा गया है, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्षद परवेज कुरैशी ने कहा कि जब तक इस मामले की सीबीआई जांच नहीं होती और पर्दे के पीछे छिपे असली दोषियों को बेनकाब नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़िता को उचित न्याय मिल सके। पुतला दहन करने वालों में नदीम,अरबाज खान, तनवीर खान, मुन्ना,अकरम,रजा कुरैशी,आरिस,आमिद,जीशान पाशा आदि शामिल थे।

# बुजुर्ग महिला व नाबालिग पुत्रियों से मारपीट व छेड़छाड़, पुलिस से शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जहां पड़ोसियों पर घर में घुसकर बुजुर्ग महिला व उसकी पुत्रियों के साथ मारपीट और छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासी पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह घर पर मौजूद नहीं था। इसी दौरान उसके पड़ोसी लाठी-डंडे लेकर गाली-गलौच करते हुए उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को धक्का देकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। इतना ही नहीं, घर में मौजूद पीड़ित व्यक्ति की दोनों पुत्रियों के साथ भी आरोपियों ने अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ की और मारपीट की। पीड़ित पक्ष की महिलाओं को चोटें भी आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह पीड़ित परिवार को बचाया। आरोप है कि आरोपी जाते-जाते पीड़ित व्यक्ति को जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही घायल बुजुर्ग महिला को प्राथमिक उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से निवासी 38 वर्षीय शाइन पत्नी गफूर जो वर्तमान में बाजपुर के ग्राम महेशपुरा में किराये के मकान में रह रही थीं की मंगलवार सुबह करीब नौ बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार शाइन की रीढ़ की हड्डी में अचानक तेज दर्द उठा। जिसके बाद उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से उप जिला चिकित्सालय बाजपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। परि. जनों ने बताया कि मृतका अपने पीछे पति सहित दो पुत्रियां और एक पुत्र को रोता-बिलखता छोड़ गई है। बताया गया कि महिला का इलाज देहरादून स्थित जॉली ग्रांट हॉस्पिटल में भी चल रहा था। मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# अंकिता भंडारी व एंजेल चकमा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर निकाला जुलूस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम पटरानी क्षेत्र में अंकिता भंडारी व एंजेल चकमा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और इंकलाबी नौजवान सभा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन किया।




आइसा नेता सुमित कुमार ने कहा कि उत्तराखंड में अपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है और आये दिन हो रहे अपराधिक घटनाएं एक सोचनीय विषय है और राजनी. तिक स्वार्थों के लिए जो नफरत आए दिन समाज में फैलाई जा रही।उत्तराखंड को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया है। दिमागों में जहर इस तरह फैल गया है कि नस्लीय आधार पर हत्या करना मामूली बात हो गयी है। त्रिपुरा के 17 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा की देहरादून में हत्या बेहद निंदनीय है।एंजेल चकमा देहरादून के शीशमबाड़ा क्षेत्र में जिज्ञासा विश्व. विद्यालय का छात्र था।बीते 9 दिसंबर को वो और उनका भाई माइकल चकमा सेलाकुई बाजार में कुछ सामान खरीदने निकले।आरोप है कि वहां कुछ लोगों ने चिंकी, चीनी, नेपाली, मोमो जैसी नस्लवादी टिप्पणियां इन पर की और विरोध करने पर एंजेल को चाकुओं से गोद दिया।26 दिसंबर को एंजेल चकमा की मौत हो गयी।इस तरह का जघन्य हत्याकांड होना कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह है।उन्होंने कहा कि 18 सितंबर 2022 को अंकिता भंडारी हत्याकांड में हमेशा से यह चर्चा रही है कि अंकिता भंडारी पर किसी वीआईपी को "स्पेशल सर्विस" देने के लिए दबाव डाला जा रहा था और ऐसा करने से इंकार करने पर अंकिता की हत्या कर दी गयी। इस प्रकरण में हत्या के दोषियों को अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद भी यह रहस्य अनसुलझा ही रहा कि उक्त वीआईपी कौन था, जिसकी वजह से अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गयी। इस प्रकरण में हाल में सामने आये कुछ सनसनीखेज ऑडियो ने फिर से इस मामले को उजागर किया है।अंकिता भंडारी मामले में भाजपा के बड़े नेताओं के नाम सामने आए हैं और वह कौन हैं। उनके नाम सामने आने चाहिए।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी पार्टी की छवि को बचाने के लिए इस प्रकरण में सीबीआई जांच नहीं होने दी। ये बहुत ही शर्मनाक है।ऐसे मुख्यमंत्री को पद में बने रहने का कोई हक नहीं है। पुष्कर सिंह धामी को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और जनता से माफी मांगनी चाहिए।इस दौरान सुमित कुमार, रिंकी आर्या, हरीश, सुनीता, जानकी देवी, ममता, पंकज सती, शांति देवी, रोशनी, दिवाकर, कविता, मीना देवी, काजल आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** अज्ञात ट्रक चालक की टक्कर से यूपी के एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पंचनामा भरकर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा है।

समीपवर्ती ग्राम अल्लेहपुर थाना अफजलगढ़ (बिजनौर) निवासी राहुल कुमार (30) मंगलवार की सुबह घर से जसपुर आ रहा था। कि अचानक उसकी मोटरसाईकिल को राजपुर गांव स्थित नेक्टा फ्रेश एग्रो फैक्ट्री के पास मोड़ पर अज्ञात ट्रक चालक ने सामने से टक्कर मार दी। इससे वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने उसे वहां मृत घोषित कर दिया। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि घटना में तहरीर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी नादेही आई है। पुलिस द्वारा पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# अंकिता हत्याकांड मामले में न्याय और सीबीआई जांच की मांग

## कांग्रेसियों का सड़कों पर दिखा भारी आक्रोश, सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन

- सरकार ने घटनास्थल के कमरों पर बुलडोजर चलाकर की लीपापोती: कापड़ी
- तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड मामले में जहां पूरे प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश है। वहीं आज मंगलवार को खटीमा में भी हत्याकांड में सम्मिलित सभी दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई, हाई कोर्ट के सिटिंग जज के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र सीबीआई जांच की मांग को लेकर सड़कों पर भारी आक्रोश दिखा।

उप नेता प्रतिपक्ष और खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता विशाल जुलूस की शक्ल में अंकिता को न्याय दो, घटना में शामिल सभी दोषियों को सजा दो के बैनर पोस्टर के साथ नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे जहां उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और तहसीलदार वीरेंद्र सजवान के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के मुताबिक अंकिता भंडारी हत्याकांड अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मामला है। जिसमें आज भी कई महत्वपूर्ण प्रश्न अनुत्तरित बने हुए हैं। ज्ञापन में लिखा है कि प्रकरण में सबसे गंभीर तथ्य यह है कि अंकिता की चौट्स में वीआईपी शब्द का उल्लेख होने के बावजूद आज तक यह स्पष्ट नहीं किया गया वह व्यक्ति कौन था। इस एंगल की न तो स्वतंत्र जांच हुई और ना ही कोई पारदर्शी जानकारी जनता के सामने रखी गई। इसके अलावा 23 सितंबर 2022 को जब मामला जांचाधीन था तब अपराध स्थल वनंत्रा रिसॉर्ट को बुलडोजर से ध्वस्त कर सीसीटीवी फुटेज, गेस्ट मुवमेंट एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों को नष्ट कर दिया गया जिससे यह घटना जांच की निष्पक्षता पर गंभीर संदेह उत्पन्न करती है। ज्ञापन के अनुसार मुख्य आरोपी का सत्ताधारी दल से संबंध होना तथा पीड़ित परिवार द्वारा बार-बार उठाए गए सवालों का समाधान ना होना यह दर्शाता है कि राज्य की जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास कमजोर हुआ है। उन्होंने वीआईपी एंगल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और अपराध स्थल को ध्वस्त करने के निर्णय की भी जांच की मांग की।

उप नेता प्रतिपक्ष व खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड में चारों तरफ त्राहिमाम मचा हुआ है और अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है जिसमें महिला अपराध चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि अंकिता की हत्या सिर्फ अंकित की हत्या नहीं सती प्रथा पर्दा प्रथा से लड़का लड़की एक समान तक पहुंचने में जो 50 वर्षों से भी अधिक का समय लगा है उसके विश्वास की हत्या है। उन्होंने कहा कि जनता को विश्वास था कि अंकिता हत्याकांड मामले में सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी लेकिन सरकार ने साक्ष्य मिटाने के लिए घटनास्थल के कमरों को बुलडोजर चला कर तोड़ दिया और झूठी वाहवाही लूटी। प्रदेश की जनता अंकिता को न्याय दिलाने और निष्पक्ष व स्वतंत्र सीबीआई जांच की मांग को लेकर लगातार सड़कों पर रही लेकिन सरकार ने लिपापोती कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक की पत्नी के ऑडियो की चिंगारी सामने आने से लोगों के मन की ज्वाला आज सड़कों पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश की महिलाएं बुजुर्ग व समस्त जनता अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सड़कों पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की किसी भी एजेंसी पर जनता को विश्वास नहीं है।

विधायक कापड़ी ने सीटिंग जज के नेतृत्व में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में प्रदर्शन चल रहा है और लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने हत्याकांड में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इसके साथ उन्होंने कहा कि आज अंकिता को न्याय दिलाने और मामले में सिटिंग जज के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र सीबीआई जांच की मांग को लेकर तहसीलदार वीरेंद्र सजवान के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया है।

इस मौके पर नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, पीसीसी बॉबी राठौर, पीसीसी विमला सजवान, उषा सक्सेना, कविता कापड़ी, जसविंदर सिंह पप्पू, दीपक मुंडेला, रमेश रौतेला, नरेंद्र आर्य, नासिर खान, प्रेरणा गुप्ता, दीपक चंद, महेश जोशी, रेहान अंसारी, फईम अंसारी, मोहम्मद ताहिर, पंकज मेहता तथा लक्ष्मण सिंह राणा सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा मोर्चा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

- बाइक रैली निकालकर व आतिशबाजी कर मनाया जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र भट्ट को बीजेपी युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष, किसान नेता मनोज शाही को किसान मोर्चा का कुमाऊं संयोजक एवं रामू भारती को अनुसूचित जनजाति का प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स से रामलीला ग्राउंड तक रैली निकाल कर भव्य स्वागत किया। वहीं रामलीला मैदान में भी भारी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता दान सिंह रावत, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, रविंद्र राणा, रंजीत सिंह नामधारी, गंभीर सिंह धामी, हिमांशु बिष्ट, मनोज वाधवा, अमित पांडे, भुवन भट्ट, पवन अग्रवाल, रमेश ढींगरा, ईश्वर दत्त पांडे, मुन्ना आढ़ती, कामिल खान, सतीश गोयल, रंदीप पोखरिया, विवेक रस्तोगी, सलीम सिद्दीकी, सुमित बहादुर पाल, लक्ष्मण भंडारी, विजय कुमार, सरदार राजपाल सिंह, नवल वाल्मीकि, अजय सिंह अज्जू, अंजू देवी, नीलू गुप्ता, संजय पिलख्वाल, लालू बोरा, राजकुमार ठाकुर तथा किशन सिंह किन्ना आदि उपस्थित रहे।

## जिला एथलेटिक लीग में होली चाइल्ड स्कूल ने लहराया परचम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उधम सिंह नगर एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा "अस्मिता खेलो इंडिया" जिला एथलेटिक लीग 2025-26 का आयोजन एक ओंकार ग्लोबल अकैडमी, काशीपुर में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और इंडियन एथलेटिक्स के तत्वावधान में आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष से कम एवं 16 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं में प्रतिभा की खोज के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा पूरे देश के हर जिलों में कराई जा रही है। होली चाइल्ड स्कूल के तीन खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ तीन स्वर्ण पदक एवं दो रजत पदक सहित कुल पांच पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान बनाया।

इस प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल की 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में कक्षा 7वीं की छात्रा वैदेही छिंमवाल ने ट्रायथलॉन-ए (60 मीटर दौड़ प्रथम, ऊंची कूद प्रथम एवं लंबी कूद में तृतीय स्थान) में कुल सर्वाधिक 1322 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में कक्षा 10वीं की छात्रा अलीशा सामंत ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक एवं ऊंची कूद में रजत पदक, तथा कक्षा 8वीं की छात्रा मनरीत कौर ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक एवं 60 मी दौड़ में रजत पदक अर्जित किया। इस महान उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह (एचओडी- फिजिकल एजूकेशन) तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गंगोलीहाट व मुनस्यारी में जनसेवा शिविर आयोजित

- सैकड़ों लाभार्थी हुए लाभान्वित,127 शिकायतों का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत पिथौरागढ़ की 64 न्याय पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खण्ड गंगोलीहाट की न्याय पंचायत हाट तथा विकास खण्ड मुनस्यारी की न्याय पंचायत बासबगड़ (रा0इ0का0 बासबगड़) में शिविरों का आयोजन किया गया।

न्याय पंचायत हाट, विकास खण्ड गंगोलीहाट में आयोजित शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा की गई, जिसमें विधायक फकीर राम टम्टा, दर्जा राज्यमंत्री हेमराज बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, नगर पालिका अध्यक्ष विमल रावल, जिला महामंत्री रमेश बोरा, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गिरीश जोशी, राजेन्द्र रावत, नरेन्द्र जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 740 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा 632 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 156 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 127 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। साथ ही 115 विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों हेतु आवेदन भरवाए गए। विकास खण्ड मुनस्यारी की न्याय पंचायत बासबगड़ में आयोजित शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मुनस्यारी आशीष जोशी द्वारा की गई। शिविर में लगभग 580 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कुल 78 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 53 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को यथोचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में 255 विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों हेतु आवेदन भरवाए गए।

शिविरों के समापन अवसर पर अधिकारियों द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से आगामी शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया गया, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

## औषधि निरीक्षक ने किया औषधि केंद्रों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** औषधियों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रामनगर क्षेत्र में औषधि निरीक्षक अर्चना द्वाराऔचक निरीक्षण किया गया। इस अभियान के दौरान कुल 03 औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा, रेफ्रिजरेटर, एक्सपायरी बॉक्स के रख रखाव की जांच की गई।

औषधि निरीक्षक ने दवाओं के क्रय-विक्रय जांच कर दवाओं को केवल डॉक्टर के वैध पर्चे पर ही बेचने के लिए निर्देशित किया।साथ ही औषधि निरीक्षक द्वारा सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि औषधि प्रशासन द्वारा दिए गए नियमों का पालन करें। रामनगर के तीन मेडिकल स्टोरों को अनियमितताओं के संबंध में 05 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण एवं अनुपालन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए और 02 औषधियों के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए गए है।

## कड़ाके की ठंड में संवेदना की मिसाल बने जिलाधिकारी मनीष कुमार

- गरीब आनंदी आमा के घर पहुंचे और जाना हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार की मानवीय संवेदना और कार्यशैली के चर्चे आज घर-घर में हो रहे हैं। जनता दरबार के अंतिम क्षणों में गोरलचौड़ निवासी वृद्धा आनंदी आमा जब जिलाधिकारी के पास पहुंचीं तो उन्होंने कांपती आवाज में कहा" आप मेरे भाई हो, एक बार मेरे घर आकर देख लो, हम कितनी मुसीबत में जी रहे हैं। हमारा पुराना मकान कभी भी गिर सकता है।"



स्वास्थ्य पूरी तरह अनुकूल न होने और कड़ाके की ठंड के बावजूद जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मानवीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता देते हुए एसडीएम अनुराग आर्य और यू-यूएसडीएम के परियोजना प्रबंधक अंकित आर्य को साथ लिया और सीधे आनंदी आमा के घर पहुंच गए।

वहां का दृश्य ऐसा था मानो सुदामा के घर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं आ पहुंचे हों। आनंदी आमा ने जिलाधिकारी को अपना पूरा मकान दिखाया पुरानी, सड़ी-गली लकड़ियां, जर्जर छत और हर पल मंडराता खतरा। आर्थिक तंगी के कारण वह मरम्मत कराने में असमर्थ थीं। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल परियोजना प्रबंधक अंकित आर्य को मकान की मरम्मत के निर्देश दिए।

इतना ही नहीं, जिलाधिकारी ने आनंदी आमा से भावुक होते हुए कहा कि जब तक घर की मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक वह अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आवास में रह सकती हैं। यह फैसला न केवल प्रशासनिक संवेदना का उदाहरण बना, बल्कि एक भाई जैसा भरोसा भी। जिलाधिकारी ने परिवार के बच्चों से बातचीत कर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और आश्वस्त किया "किसी बात की कमी होगी तो, मैं हूँ।

आमा घोर गरीब के बावजूद जिलाधिकारी को अपने हाथ से बनीं अदरक व अजवाइन की चाय पिलाई कहा आप को काफी ठंड लग गई है अपना बचाव करना पहले आत्मा होती है उसके बाद परमात्मा।

## नेपाल सीमा से लगे गांव में खेत बने क्रिकेट मैदान

- युवाओं ने दिखाया खेलों के प्रति जबरदस्त जुनून



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नेपाल सीमा से सटे गांवों में खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह किसी भी बड़े शहर से कम नहीं है। खेल मैदान जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बावजूद यहां के युवाओं ने खेतों को ही क्रिकेट मैदान में बदलकर अपनी खेल भावना और जज्बे का शानदार परिचय दिया है।

सोनू रावत, योगेश पांडे और नमन पंत के संयुक्त प्रयास से ष्काकड़ी देवता क्रिकेट टूर्नामेंटष का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ लोक देवता 'काकड़ी देवता' के आशीर्वाद के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान प्रकोष्ठ के प्रांतीय नेता प्रवीण पांडे ने बतौर मुख्य अतिथि खेलों का उद्घाटन किया। प्रवीण पांडे ने कहा कि सीमित साधन और संसाधनों के बावजूद यहां के युवाओं ने साधन-संपन्न क्षेत्रों के युवाओं को यह संदेश दिया है कि खेलों को अपनाकर न सिर्फ अपना भविष्य संवारा जा सकता है, बल्कि नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रहा जा सकता है। टूर्नामेंट के पहले दिन बगौटी, डूंगरा लेटी - चामा एवं चमदेवल टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर टीम के कप्तान मदन अधिकारी और विनोद कुमार ने खेल की शुरुआत की। यहां ग्राम प्रधान महेश जोशी, प्रवीण पांडे ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## मॉडल जिले का कड़वा सच: आज भी डोली में अस्पताल पहुंच रहे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री के मॉडल जिले में विकास के दावे भले ही कागजों में चमक रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी उतनी ही पीड़ादायक है। सोमवार की शाम कोटकेंद्री गांव की घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर पहाड़ के ग्रामीण कब तक बीमार और घायल लोगों को डोली में ढोने को मजबूर रहेंगे।



35 वर्षीय पुष्पा देवी, पत्नी रतन सिंह, जंगल में बकरियों के लिए चारा काटने गई थीं। इसी दौरान पेड़ से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्भाग्य यह रहा कि न तो आसपास कोई अस्पताल था और न ही गांव तक पहुँचने के लिए सड़क। सूचना मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए पुष्पा देवी को करीब चार किलोमीटर तक डोली में उठाकर सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्मण सिंह, मदन सिंह, मोहन सिंह, दीपक सिंह समेत अन्य ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें टनकपुर के उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां महिला का उपचार जारी है। यह कोई पहली घटना नहीं है। बल्कि यह उस व्यवस्था की तस्वीर है, जहां योजनाएं फाइलों में चलती हैं और मरीज कंधों पर। लोक निर्माण विभाग द्वारा पोथ - कोटकेंद्री- छैलागाड़ होते हुए 18 किलोमीटर लंबी सड़क प्रस्तावित किए जाने की बात वर्षों से कही जा रही है, लेकिन धरातल पर आज भी वही पगडंडियां और मजबूरियां हैं। कालीगूंठ के ग्राम प्रधान पंकज तिवारी का कहना है कि ग्रामीण सड़क की मांग करते-करते थक चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। हर हादसे के बाद सवाल उठते हैं, बयान दिए जाते हैं, मगर कुछ समय बाद सब फिर शांत हो जाता है जब तक अगला हादसा न हो।

## एक नजर...

### सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कोतवाली पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, संजय नगर खेड़ा वार्ड नंबर-03 निवासी सुनीता बनिक ने बताया कि 22 नवंबर 2025 की शाम उनका पुत्र सुमित बनिक स्कूटी से गदरपुर रोड होते हुए घर लौट रहा था। जैसे ही वह पलाई ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचा, तभी एलायंस गेट की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुमित बनिक की मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन में ओवरलोड माल भरकर तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था।

हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मामले में मृतक की मां सुनीता बनिक की तहरीर के आधार पर कोतवाली रुद्रपुर में मामला दर्ज किया गया है।

### तहसील दिवस में कई समस्याओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार को बाजपुर तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा के समक्ष रखीं।

तहसील दिवस में कुल आठ समस्याएं दर्ज की गईं, जिनमें जल जीवन मिशन से जुड़ी शिकायतें, सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उपाय सहित अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रहीं। एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र एवं त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील दिवस के आयोजन से लोगों को अपनी बात सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिला, जिससे क्षेत्रवासियों में संतोष देखने को मिला।

### मानव वन्य जीवों के संघर्ष को लेकर की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मानव वन्य जीवों के संघर्ष को कम करने के लिए कॉर्बेट प्रशासन एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर जागरूकता अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई।

बता दें कि आजकल लगातार मानव वन्य जीव के संघर्ष बढ़ रहे हैं। इसी मामले को लेकर वन ग्राम रिगोरा में कॉर्बेट प्रशासन, रामनगर वन प्रभाग , स्थानीय ग्रामीणों एवं नेचर गाइडों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों एवं विभाग के साथ सहभागिता, जागरूकता एवं सुरक्षा संरक्षण के बिंदुओं पर विचार किया गया। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सहयोग की बात कही गई। साथ ही साथ वन ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं को दिलाने की बात रखी गई। कॉर्बेट प्रशासन द्वारा बताया गया कि मानव वन्यजीव संघर्ष को कमी लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान बैठक में रेंजर नवीन चंद्र पांडे, मानसी, प्रमोद सत्यवली, संतोष, जिम कार्बेट नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बुधानी आदि मौजूद रहे।

### क्षतिग्रस्त पाइपलाइन ठीक कराने का दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता को बंगाझाला परियोजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के संबंध में ज्ञापन दिया गया।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि बंगाझाला पाइपलाइन जो कि कोसी बैराज पर गुप्ता टी स्टाल से होकर मुख्य रास्ते से होते हुए गुजर रही है।वह भंडारी गुफा के सामने क्षतिग्रस्त हो गई है, इसमें से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है और पानी का अधिकांश रिसाव रोड की तरफ आ रहा है जिससे आने जाने में लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं।साथ ही भविष्य में एक्सिडेंट का भी खतरा बना हुआ है। कहा कि हजारों लीटर पेयजल बर्बाद हो रहा है। उन्होंने जल संस्थान से जनहित को देखते हुए उक्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत करवाने की मांग की ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, विकास कुमार,दीपक सिंह रावत, दीपक राणा, संजय शर्मा, निखिल पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक सुरेश राठौर को फौरी राहत

## उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने हरिद्वार देहरादून में दर्ज दो मुकदमों में गिरफ्तारी पर लगाई रोक



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बीजेपी के पूर्व विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ हरिद्वार व देहरादून जिले मे दर्ज चार मुकदमों में से दो पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने दर्ज चार मुकदमों में से उन्हें दो मुकदमो में फौरी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है साथ में एकल पीठ ने राज्य सरकार सहित मुकदमा दर्ज करने वालों को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा है। बता दें मंगलवार को राठौर ने दर्ज दो मुकदमों को उच्च न्यायालय में चुना. ती दी है जिसमें उनकी गिरफ्तारी पर कोर्ट ने फौरी तौर पर रोक लगा दी है। मामले के अनुसार बीजेपी के पूर्व विधायक व उर्मिला सोनावर पर हरिद्वार के झबरेड़ा तथा बाहदराबाद व देहरादून के नेहरू कालोनी सहित डालंवाला मे यह कह कर मुकदमा दर्ज किया गया है कि उनके द्वारा दुष्यन्त गौतम की छवि खराब करने के लिए फेसबुक सहित सोशल मीडिया में वीडियो व ऑडियो वाइरल कि जा रही है जिसकी वजह से उनकी छवि धूमिल हो रही है। दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि इनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कि जाए। याचिका में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए और दर्ज मुकदमों को निरस्त किया जाय। उनके द्वारा कोई सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार उनके खिलाफ नहीं किया जा रहा है।

### अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पौड़ी गढ़वाल के सुप्रसिद्ध मन्दिरों में से एक शक्तिपीठ मां भगवती ज्वालपा मंदिर पर कई लोगो के द्वारा अतिक्रमण करने व मंदिर पर अपना हक हकूब दायर करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्याय न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करते हुए राज्य सरकार सहित उनसे अपना पक्ष कोर्ट में दो सप्ताह के भीतर रखने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की नियत की है। मामले के अनुसार पौड़ी गढ़वाल निवासी हरि किशन थपलियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि पौड़ी गढ़वाल में शक्तिपीठों में से एक मां भगवती ज्वालपा देवी मंदिर स्थापित है जिस पर स्थानीय लोगो की विस्वनियता है। यही नहीं समस्त श्रद्धालुओं की आस्था भी है। आये दिन श्रद्धालु यहां पर पूजा अर्चना करने आते हैं लेकिन कई लोगो के द्वारा मंदिर की भूमि व मंदिर पर अपना कबजा किये हुए हैं। जिसकी वजह से पूजा करने वालो श्रद्धालुओं को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है इसलिए मंदिर को इन अतिक्रमण कारियों से मुक्त कराया जाए ताकि श्रद्धालु बिना रोक टोक के मंदिर में अपनी पूजा अर्चना कर सके।

### अवैध आरा मशीनों पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के गली मोहल्लों में बिना राज्य प्रदूषण बोर्ड की अनुमति से चल रही अवैध आरा मशीनों को बंद करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र और न्यायधीश सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य प्रदूषण बोर्ड से पूछा कि क्या इन आरा मशीनों के संचालन के लिए अनुम. ति ली गई थी या नहीं। कोर्ट ने दो सप्ताह में इस मामले पर अपना पक्ष रखने को कहा है। यह जनहित याचिका हल्द्वानी निवासी रोहन चंद्रवाती द्वारा दायर की गई थी, जिसमें कहा गया है कि गली मोहल्लों में दर्जनों आरा मशीनें बिना पीसीबी अनुमति के चल रही हैं, जो मानक भी पूरा नहीं करतीं। इन मशीनों से निकलने वाली ध्वनि और प्रदूषण से स्थानीय निवा. सियों, बीमारों और छात्रों को समस्याएं हो रही हैं, इसलिए इन्हें अलग औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए।

### निधन पर जताया शोक

**नैनीताल।** उच्च शिक्षा के उप निद. ेशक प्रो. हरीश नयाल की माता ऊषा नयाल (89) का मंगलवार को हल्द्वानी में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हल्द्वानी स्थित रानीबाग में किया गया। उनके निधन पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने गहरा दुख जताया है। स्व. ऊषा नयाल मूल रूप से नैनीताल के आनंद निवासी हैं और वर्तमान में आनंदीपुरम नवाबी रोड हल्द्वानी स्थित अपने आवास में रह रही थीं। उनके परिवार में दो पुत्र हैं जिनमें एक पुत्र प्रो. हरीश नयाल (उच्च शिक्षा उप निदेशक) तथा दूसरे पुत्र एडवोकेट हैं। उनके निधन पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कूटा की ओर से प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. नीलू लोधियाल, डा. दीपक कुमार, डा. युगल जोशी, डा. संतोष कुमार, डा. कुबेर सिंह गिनती, डा. अनिल बिष्ट, डा. शिवांगी, डा. दीपिका गोस्वामी एवं डा. अशोक कुमार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शो. काकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

## एक नजर

### ट्रैकिंग के दौरान प्रख्रति से हुआ परिचय

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित नैन्सी कॉन्वेंट के छात्र शीतकालीन शिविर में रुके हुए थे। शिविर के अंतर्गत बच्चों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसके तहत वे ट्रैकिंग पर गए। बता दें इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने प्राकृतिक वातावरण को नज़दीक से देखा और उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। ट्रैकिंग के दौरान बच्चों ने जंगल में पाए जाने वाले विभिन्न जीव-जंतुओं तथा पक्षियों तथा अनेक प्रकार के पेड़ पौधों का अवलोकन किया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीवन और प्रकृति के महत्व के बारे में भी बताया गया। सभी बच्चों ने इस गतिविधि में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ संदीप पांडेय, गोपाल एवं प्रशांत भंडारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया तथा उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा। शिविर आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### नैनागांव के जंगल में लगी आग, पाया काबू

**नैनीताल।** नैनीताल-काठगोदाम रोड पर नैनागांव के समीप जंगल में मंगलवार को आग लगने से हंडकंप मच गया। सूचना के बाद वन विभाग व दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को नैनागांव के समीप जंगल में आग लग गई। आग फैलते हुए गांव की ओर बढ़ी तो लोगों ने वन विभाग व दमकल को सूचित किया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने फायर टेंडर से पानी की बौछार कर सड़क के समीपवर्ती क्षेत्र की आग पर काबू पा लिया लेकिन आग जंगल के ऊपरी क्षेत्र व गांव की ओर बढ़ी तो वह विभाग व ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि किसी अराजक तत्व की ओर से आग लगाने की संभावना जताई जा रही है। बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

### उत्तरांचल सिरीज़ पर बच्चों का नया गीत मधु-मधु ओ मधुली हुआ रिलीज

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल सिरीज़ की सुपरहिट प्रस्तुति मेरी आमा हरैगे...के लगभग 20 साल बाद अब बच्चों के लिए एक और सुंदर गीत मधु-मधु ओ मधुली, (डंकीन डंकीन व् डंकीनसप), उत्तरांचल सिरीज़ के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है। इस गीत में हल्द्वानी के कुछ प्रतिष्ठित स्कूलों के होनहार बच्चों ने अभिनय किया है, और इसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल बन रहा है। गीत की रचना प्रसिद्ध लोकगायक मनोहर आर्या ने की है, और उनके सुपुत्र मास्टर सागर ने इसे उत्तरांचल सिरीज़ के बैनर तले गाया है। इस गीत का वीडियो निर्देशन कैलाश कोहली द्वारा की गई। गीत के स्थाई बोल मधु-मधु है सारै पहाड़ा, हिट मधु न्है जानू मिलम जोहारा बेहद सुंदर और आकर्षक हैं, जिन्हें कई अन्य गायकों ने भी गाया है। हालांकि, इस मूल गीत का स्वर और भावनाएं विशेष रूप से मनमोहक हैं। उत्तराखण्ड की संस्कृति को बढ़ावा देने और बच्चों में अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति लगाव बनाए रखने के उद्देश्य से उत्तरांचल सिरीज़ का यह प्रयास सराहनीय है।

### अनुसूचित जनजाति के लिए सात दिवसीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर शुरू

**हल्द्वानी।** जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों के लिए सात दिवसीय ओपन एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मंगलवार से हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के 30 चयनित खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। शि. विर के दौरान खिलाड़ियों को आवासीय सुविधा, भोजन, खेल किट एवं आवश्यक प्रशिक्षण संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर हेम. वती नंदन बहुगुणा टिहरी गढ़वाल विश्वविद्यालय के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डा. मुकुल पंत, उप क्रीड़ाधिकारी वरुण बेलवाल सहित प्रशिक्षक किशोर पाल, महेश बिष्ट, त्रिलोक सिंह जीना, दिनेश रावत, उमेश रावत, गोविंद लटवाल एवं अन्य प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### रिजॉर्ट की भूमि के दाखिल-खारिज पर रोक लगाने की मांग

**कालाढूंगी।** ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवैध रूप से बन रहे रिजॉर्ट की भूमि का दाखिल खारिज पर रोक लगाए जाने की मांग की। मंगलवार को कालाढूंगी तहसील के ग्राम लछमपुर नयाबाद के गाँव के बीचों-बीच में रिजॉर्ट बनाये जाने के विरोध में ग्रामीणों ने कालाढूंगी तहसील पहुंचकर तहसीलदार व उपजिलाधिकारी बिपिन पंत को एक ज्ञापन देकर रिजॉर्ट की जांच करने वह भूमि के दाखिल खारिज पर रोक लगाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा बाहरी लोगों द्वारा गांवों में अवैध रूप से रिजॉर्ट बनाए जा रहे जिस कारण गाँव में डम्पर व पर्यटक वाहन आता है तो दूसरी गाड़ी पास नहीं हो पाती है, व दुर्घटना घटित होन की सम्भावना बनी रहती है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए उक्त रिजॉर्ट के निर्माण पर रोक लगाई जाए। इस दौरान ग्राम प्रधान शुभम कंबोज, बीडीसी मेंबर सहित हससाम सिंह, रमेश चंद्र, धनी राम, धर्मेंद्र कुमार, पुरन चंद्र, योगेश कुमार, सुनीता देवी, प्रदीप कुमार, दया किशन, भुवन चन्द्र, किशोरी लाल आदि मौजूद रहे।

# नशा तस्कर दो महिलाओं को 12-12 वर्ष कठोर कारावास

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट संजीव कुमार की अदालत ने नशे के इंजेक्शनों का कारोबार करने के जुर्म में दो महिलाओं को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास व 1.20 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 7 मार्च 2019 को हल्द्वानी में पुलिस ने नई बस्ती बनभूलपुरा निवासी साजिया पुत्री सरफराज पत्नी यूसुफ व अर्शी पुत्री कमरुद्दीन को नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में कोर्ट ने दोनों को दोषी ठहराया। मामले में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूजा साह ने महिलाओं द्वारा किये जा रहे नशे के कारोबार को समाज के घटक बताते हुए अधिकतम सजा दिए जाने का अनुरोध किया जबकि बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि इन महिलाओं के छोटे बच्चे हैं और उन्हें कम सजा दी जाए। इन महिलाओं के कबजे से प्रतिबन्धित दवाइयों पैराडोल टेबलेट 150 तथा लैसीजैसिक इंजेक्शन 32 बरामद हुए हैं जो कि व्यवसायिक मात्रा में है। मामले के तथ्यों/ परिस्थितियों तथा दोषसिद्धगण उपरोक्त की स्थिति एवं उनसे बरामद पदार्थ प्रतिबन्धित दवाइयों व इंजेक्शन की मात्रा को दृष्टिगत रखते हुए कोर्ट ने उन्हें 12-12 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 1.20 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाया।

# चेक बाउंस मामले में आरोपी दोषमुक्त करार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी शर्मा के न्यायालय ने 25,27,541रुपये के चेक बाउंस मामले में आरोपी कफील अहमद को दोषमुक्त कर दिया। मैसर्स हिन्दुजा लेलैण्ड फाइनेंस लिमिटेड द्वारा दायर परिवाद के अनुसार, कफील अहमद ने कंपनी से एक वाहन ट्रक के लिए 28,00,000 रुपये का ऋण लिया था, जिसका भुगतान वह निर्धारित किश्तों में नहीं कर पा रहे थे। इसके बाद, उन्होंने अपने वाहन को सरेण्डर कर दिया और बकाया राशि चुकाने के लिए परिवादी को एक चेक दिया था। जब इस चेक को भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया, तो बैंक ने फंड्स इंसिफिशिएंट की टिप्पणी के साथ उसे अस्वीकृत कर दिया। इसके बाद, परिवादी ने चेक बाउंस के आरोप में अभियुक्त कफील अहमद के खिलाफ धारा 138 के तहत मामला दर्ज कराया। हालांकि, अभियुक्त के अधिवक्ता प्रदीप लोहनी ने अदालत में यह तर्क प्रस्तुत किया कि अभियुक्त ने किसी भी समय चेक की राशि का भुगतान नहीं किया था और ना ही परिवादी ने किसी ठोस साक्ष्य के माध्यम से ऋण अनुबंध को सिद्ध किया। अदालत ने दोनों पक्षों के तर्कों पर विचार किया और पाया कि परिवादी द्वारा पेश किए गए दस्तावेजों में पर्याप्त प्रमाण नहीं थे। न्यायालय ने आरोपी को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया और 25,27,541 रुपये की अदायगी के दायित्व से मुक्त कर दिया।

# नैनीताल में कांग्रेस का कैंडिल मार्च

## अंकिता हत्याकांड: सीबीआइ जांच की मांग, सरकार विरोधी नारे

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर मंगलवार को नैनीताल में कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर उतरे और अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नैनीताल में विशाल कैंडल मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग प्राथमिकता से उठाई। तय कार्यक्रम के मुताबिक मंगलवार की शाम को 5.45 बजे मल्लीताल स्थित पंत पार्क में बड़ी संखया में लोग एकत्रित हुए जहां देवभूमि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता एकजुट हुए। इस आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शहर के आम नागरिकों की भागीदारी ने इसे जनआंदोलन का रूप दे दिया। मल्लीताल से तल्लीताल तक मालरोड पर कैंडल मार्च तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी और हस्ताक्षर अभियान के बाद मल्लीताल से तल्लीताल तक मालरोड पर विशाल कैंडल जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और आरोप लगाया कि सरकार इस संवेदनशील मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। प्रदर्शनकारियों ने पूरे प्रकरण की जांच न्यायाधीश की निगरानी में कराने और सीबीआई जांच गठित करने की मांग की। कैंडल मार्च के दौरान माहौल पूरी तरह गमगीन और आक्रोशपूर्ण रहा। हाथों में मोमबत्तियां लिए लोग अं. कता भंडारी के लिए न्याय की मांग करते नजर आए। नारेबाजी के बीच सरकार पर आरोप लगाए गए कि प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कैंडल जुलूस के बाद तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर एक सभा का आयोजन किया गया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी के मामले में लगातार नए वीडियो सामने आ रहे हैं लेकिन जिममेदार पदों पर बैठे लोग चुप्पी साधे हुए हैं। यह मामला केवल एक हत्या का नहीं बल्कि पहाड़ की बेटी की इज्जत और सुरक्षा से जुड़ा है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार आज खुद बेटियों की सुरक्षा को लेकर कठघरे में खड़ी है। उन्होंने मांग की कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कैंडल मार्च और सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, नैनीताल विस के पूर्व विधायक संजीव आर्य, पूर्व सांसद डा. महेंद्र पाल, नैनीताल पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, मुकेश जोशी तथा संजय कुमार संजू समेत गोपाल बिष्ट, सतीश टम्टा, राजेंद्र बिष्ट समेत कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल रहे।

### उत्तरायणी मकर संक्रान्ति मेला 14 को

**काशीपुर।** श्री चामुण्डा देवी मंदिर परिसर में उत्तरायणी मकर संक्रान्ति मेला ममिति की बैठक ज्ञानेन्द्र जोशी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें बताया गया कि बुधवार, 14 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्तरायणी मकर संक्रान्ति मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। मेला प्रात: 8 बजे पूजा-अर्चना के साथ प्रारम्भ होगा। पूजा के मुख्य यजमान समाजसेवी, पूर्व प्रधान जसपुर खुर्द आनन्द कुमार एडवोकेट होंगे।

## कालाढूंगी में भी निकाला कैंडिल मार्च

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** मंगलवार को बेलपड़ाव में सैकड़ों कांग्रेसियों ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। मार्च कोटाबाग चौराहे से शुरू होकर बेलपदाव मुख्य बाजार और बाजपुर चौराहे तक गया। मार्च के दौरान मृतक अंकिता भंडारी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा नेगी ने कहा कि इस हत्या कांड में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए और इसके लिए सीबीआई जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस तरह के अपराधों का होना अति निंदनीय है। मार्च में अजय रौतेला, मोहित पंत, प्रदीप रौतेला, इंद्र लटवाल, शोभा गोस्वामी, राहुल पंत और अन्य सैकड़ों लोग शामिल थे।




# ब्लॉक प्रमुख ने जनसमस्याएं सुनीं

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**नैनीताल।** भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने मंगलवार को न्याय पंचायत खुर्पाताल के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान बजून क्षेत्र के ग्रामीणों और महिलाओं ने उन्हें मोटर मार्ग की निर्माण की मांग का ज्ञापन सौंपा। इसके बाद, फगुनियाखेत में आयोजित जनमिलन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों का कहना था कि वे 1980 से बजून से फगुनियाखेत होते हुए अधोड़ा तक मोटर मार्ग बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई। उनका कहना था कि सड़क न होने के कारण बच्चों को स्कूल भेजने में, बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में समस्याएं हो रही हैं। इसके अलावा, काश्तकारों को बाजार नहीं मिल पा रहे हैं, और जंगली जानवरों, जैसे सूअर और बाघ, की समस्या भी बढ़ रही है। ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि मोटर मार्ग निर्माण में आ रही कठिनाइयों को शीघ्र हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। साथ ही, ग्रामीणों को जल, जंगल, जमीन जैसे अन्य मुद्दों पर भी जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अधोड़ा जानकी कोटलिया ने की। संचालन हेमचंद्र जोशी ने किया। इस मौके पर किशन चंद, भोपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, हेम बहुखंडी, गोविंद सिंह राणा, गणेश सिंह बिष्ट, राज्य आंदोलनकारी संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, वन विभाग से रणजीत सिंह थापा, शिव सिंह, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता गोविंद सिंह जनौटी और जल संस्थान विभाग के अवर अभियंता रविंद्र पाठक सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# दशम उत्तरायणी कौतिक 2026 का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**कालाढूंगी।** आरंभ एक पहल संस्था द्वारा आयोजित दशम उत्तरायणी कौतिक 2026 की शुरुआत आज से हुई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा सिंह नेगी, संस्था अध्यक्ष राहुल पन्त, सचिव जितेंद्र सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान प्रति. निधि मुकेश वर्मा, पूर्व ग्राम प्रधान नवीन छिम्वाल, पूर्व ग्राम प्रधान मदन मजवाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश पंत, चंद्रशेखर बुडलाकोटि, विनोद बधानी, और विनोद पांडे ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर कौतिक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र छीमवाल, दीपक तिवारी, प्रभाकर ढोडियाल, नीरज जोशी, विवेक बधानी, पंकज साह, पवन साह, छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक जोशी, करन बधानी, मनीष बिष्ट, कार्तिक शाह, और संस्था के अन्य सदस्य सहित क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता कांस्यपदक

शाह टाइम्स संवाद्दाता




**नैनीताल।** उत्तराखंड प्रदेश की जूनियर सेपक टाकरा बालक एवं बालिका वर्ग की टीम 29वीं राष्ट्रीय सेपक टाकरा (बालक एवं बालि. का) चैंपियनशिप 2025-26 जो 1 जनवरी से 5 जनवरी 2026 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (जालंधर) में आयोजित हुई में प्रतिभाग करने गयी। सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के उपाध्यक्ष डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा एवं सचिव आनंद खंपा ने बताया कि उक्त टीम में बालक वर्ग में मोहित उप्रेती, प्रिंस ध्यानी,सूरज सिंह, ईशान अधिकारी, हिमांशु गढिया, देवेश कुमार, दिव्यांशु विश्वकर्मा तथा तनिष् वर्मा समेत 8 खिलाड़ी एवं बालिका वर्ग में मनस्वी जोशी,पूर्णिमा गोस्वामी, प्रियंका, मिताशी रावत तथा राशि बिष्ट समेत 5 खिलाड़ी कुल 13 खिलाड़ी प्रतिभाग करने गए थे। टीम के प्रशिक्षक के रूप गौरव बिनवाल तथा काशीष शर्मा थे। बताया कि उत्तराखंड टीम के डबल इवेंट में मोि. हत उप्रेती, हिमांशु गढ़िया तथा सूरज द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 29वीं राष्ट्रीय सेपक टाकरा (बालक एवं बालिका) चैंपियनशिप 2025-26 में कास्य पदक प्राप्त किया। उक्त अवसर पर द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष आरपी शर्मा तथा अन्य समस्त पदाधिकारी एवं खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# राजस्व गांव की अधिसूचना जारी हो, सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता राजस्व गांव की अधिसूचना जारी करने की मांग करते हुए वन अधिकार समिति के संरक्षक प्रमोद कॉलोनी के नेतृत्व में मंगलवार को बिंदुखत्ता निवासियों ने वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। बिंदुखत्तावासियों द्वारा सीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा निरस्त होने के बाद अब राज्य सरकार राजस्व गांव के सामूहिक दावे को भी रद्द करने की कोशिश कर रही है। वन अधिकार अधिनियम (एफआरए)-2006 के तहत बिंदुखत्ता राजस्व गांव के दावे की सभी औपचारिकताएं पूरी कर 2024 में जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) द्वारा शासन को भेज दिया गया था। अधिनियम की धारा 6 के अनुसार, डीएलसी का निर्णय अंतिम होता है। फिर भी राज्य सरकार ने आपत्तियां लगाकर दावे को पुन: परीक्षण के लिए निचली समितियों को लौटा दिया, जो नियम-विरुद्ध है। समिति ने गंभीर आरोप लगाया कि दावे की फाइल 19 महीने तक शासन स्तर पर लंबित रहने के बाद जिलाधिकारी को लौटाई गई, जहां कोई ठोस आपत्ति नहीं पाई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमोद कालोनी, एडवोकेट बलवंत बिष्ट, देवीदत्त पांडेय, गणेश कांडपाल, भगवान सिंह माजीला, खड़क सिंह बाफिला, कैलाश चंद्र, पूजा दानू, आशू बिष्ट मौजूद रहे।



# जमरानी बांध परियोजना: विस्थापन के विभिन्न प्रकरणों पर विचार-विमर्श

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** मंगलवार को अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व व प्रशासक जमरानी बांध परियोजना विस्थापन समन्वय समिति शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में हल्द्वानी सर्किट हाउस में विस्थापन समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न। बैठक में समिति में सभी प्रभावित 6 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ ही परियोजना से जुड़े अधिका. रियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्रभावितों के विस्थापन संबंधित विभिन्न प्रकरणों में विचार विमर्श किया गया। तथा जमरानी बांध परियोजना के विस्थापितों के लिए उधमसिंह नगर के परागफार्म में दी जा रही भूमि एवं आवासीय कालोनी का भी समिति के सदस्यों व विभागीय अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया गया। अपर जिला अधिकारी ने अवगत कराया कि जमरानी बांध परियोजना अंतर्गत क्षेत्र के 6 गांव प्रभावित हैं, जिनके विस्थापन के लिए पुनर्वास योजना स्वीकृत की गई है। प्रथम श्रेणी में 213 परिवार वह है जिनकी भूमि 50 प्रतिशत से अधिक व आवासीय मकान डूब क्षेत्र में आ रहे हैं, इन सभी प्रभावितों को परागफार्म में 1 एकड़ कृषि भूमि खेती के लिए तथा 200 वर्ग मीटर का आवासीय प्लाट दिया जा रहा है। द्वितीय श्रेणी में कुल 871 परिवार वह हैं जिनकी 50 प्रतिशत से कम भूमि परियोजना में आ रही है ऐसे सभी प्रभावितों को भूमि का मुआवजा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त तृतीय श्रेणी में वह लोग हैं जो प्रथम श्रेणी के प्रभावितों के 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे हैं इन्हें पराग फार्म में 50 वर्ग मीटर का बना बनाया घर दिया जाना है। इस संबंध में गांवों से आए सदस्यों द्वारा अवगत कराया कि उक्त संबंध में गांव में सभी प्रभावितों के साथ बैठक कर चर्चा करते हुए जो भी निर्णय होगा, उससे अवगत कराया जाएगा। बैठक में जमरानी बांध परियोजना के महाप्रबंधक महेश खरे, उप महाप्रबंधक ललित कुमार, बीपी पांडे परियोजना प्रबंधक हिमांशु पंत सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# नगर की अव्यवस्थाओं को लेकर बनाई कार्ययोजना

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** उद्योग व्यापार मंडल द्वाराहाट की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक नगर पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष भूपेंद्र कांडपाल ने की। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त बनाने पर जोर देते हुए सुनील भट्ट को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान नगर के व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं पर गंभीर चर्चा हुई। वक्ताओं ने नगर में अनियंत्रित पार्किंग, बढ़ते यातायात दबाव, साप्ताहिक अवकाश के पालन, हाट बाजार के आयोजन तथा साफ-सफाई व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई। व्यापारियों ने कहा कि अव्यवस्थाओं के चलते व्यापार प्रभावित हो रहा है और आम जनता को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि साप्ताहिक बंदी को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए सभी संबंधित व्यापारिक प्रतिष्ठानों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई, अधिभार, सार्वजनिक शौचालयों की दुर्दशा, बंदरों व आवारा पशुओं की समस्या को लेकर नगर पंचायत प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक के पश्चात व्यापार मंडल के पदाधिका. रियों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल विनोद जोशी से मुलाकात की और व्यापारियों की सुरक्षा व अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग रखी। बैठक में अध्यक्ष भूपेंद्र कांडपाल, सुधीर हर्बोला, मदन मोहन पांडे, तारालाल साह, विनोद जोशी, विमल साह, भगवान चौधरी, राजेंद्र सिंह गुसाईं, भूपेंद्र रौतेला, तारा सिंह बिष्ट, गिरीश पुजारी, सुनील भट्ट, जगदीश चंद्र भट्ट, दीपक चौधरी, लीलाधर फुलारा, आशीष वर्मा, ज्योति चौधरी, निरंजन कुमार वर्मा सहित अनेक व्यापारी एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सबालेंका ने शानदार जीत के साथ 2026 अभियान शुरू किया

**सिडनी, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ अपने 2026 सीजन की शुरुआत की। सबालेंका ने दूसरे राउंड के मैच में स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 48 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। बेलारूस की खिलाड़ी, जो ब्रिस्बेन में डिफेंडिंग चैंपियन हैं, को पहले राउंड में बाई मिली थी। नवम्बर 2025 में डब्ल्यूटीए फाइनल के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी सिंगल्स मैच में खेलते हुए, सबालेंका ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल रखा, पहला सेट 22 मिनट में जीता और दूसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि बुक्सा पहली बार अपनी सर्विस बचा पाई। सबालेंका, जो जनवरी में बाद में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन सिंगल्स खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं।

### जोकोविच एडिलेड से हटे, ऑस्ट्रेलियन ओपन पर फोकस

**एडिलेड, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है, उन्होंने फिटनेस की चिताओं का हवाला दिया है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी जारी रखे हुए हैं। एडिलेड में फैंस को संबोधित करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में ष्शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, और इस फैसले को ष्व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनकष बताया। जोकोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था, और कहा कि शहर में वापस आकर ष्सच में घर जैसा महसूस हुआष। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन

## बीसीसीआई-बीसीबी विवाद का मुस्तफिजुर पर कोई असर नहीं

# बाहरी शोर से बेफ्रिक मुस्तफिजुर

**बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे**



**ढाका, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सलाह पर इंडियन प्रीमियर लीग से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से मुस्तफिजुर रहमान का बाहर होना दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया, खासकर तब जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत न जाने का फैसला किया, लेकिन मुस्तफिजुर रहमान बाहरी शोर से बेफिक्र दिख रहे हैं।

मुस्तफिजुर, जो फिलहाल चल रही बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे हैं, गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुस्तफिजुर ने 4 जनवरी को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ढाका कैपिटल्स के खिलाफ राइडर्स को पांच रन से रोमांचक जीत दिलाई, जब उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 18वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और अंतिम ओवर में 10 रन बचाने से पहले शमीम हुसैन को भी आउट किया। बीसीसीआई द्वारा केकेआर को उन्हें टीम से हटाने का निर्देश देने के एक दिन बाद मुस्तफिजुर ने यह शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मुस्तफिजुर को अब वित्तीय दृष्टिकोण से भी बड़ा नुकसान हो सकता है क्योंकि उन्हें 9-2 करोड़ रुपये की बड़ी रकम में खरीदा गया था - जो आईपीएल नीलामी के इतिहास में बांग्लादेश के किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। मोहम्मद अशरफुल, जो मौजूदा बीपीएल में सहायक कोच के तौर पर राइडर्स का मार्गदर्शन कर रहे हैं, ने चटगांव रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि वह (मुस्तफिजुर) पूरी तरह से शांत है। वह मैदान के बाहर की बातों के बारे में बिल्कुल भी चिंतित नहीं है। चाहे वह बीसीबी हो, भारत हो, बीपीएल हो या आईसीसी। उन्होंने आगे कहा कि अभी वह रंगपुर राइडर्स के लिए खेलने पर ध्यान दे रहा है और इसके बाद जो भी काम आएगा, वह उस पर ध्यान देगा। वह एक अलग ही स्तर का इंसान है। अशरफुल राष्ट्रीय टीम में भी मुस्तफिजुर के साथ काम करेंगे क्योंकि वह फिलहाल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच हैं। ष्अगर आप पहले दो मैचों में मुस्तफिजुर की बात करें तो उनका परफॉर्मेंस थोड़ा कमजोर था, लेकिन खासकर जिस तरह से हमने ढाका के खिलाफ पिछला मैच जीता, वह एक शानदार जीत थी। और जिस तरह से मुस्तफिजुर ने आखिरी दो ओवर फेंके - मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट के लिए वर्ल्ड चैंपियन हैं, वह इतने जरूरी हैं। मुस्तफिजुर के नेशनल टीम के साथी मोहम्मद सैफुद्दीन, जो चल रहे बीपीएल में ढाका कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं, ने भी अशरफुल जैसी ही बात कही। सैफुद्दीन ने एक प्रैक्टिस सेशन के बाद रिपोर्टर्स से कहा कि हमारा आखिरी मैच रंगपुर राइडर्स के खिलाफ था और मैच के बाद हम साथ में डिनर कर रहे थे और मैंने उसे अपने साथ बैठने के लिए बुलाया। हमें लगा कि वह निराश होगा लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। वह म्यूजकि सुन रहा था और हमेशा की तरह रिलैक्स लग रहा था। बांग्लादेश टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने जोर देकर कहा कि वह मुस्तफिजुर के व्यवहार से हैरान नहीं हैं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# देवदत्त पडिक्कल ने 600 रन बनाकर रचा इतिहास



**बेंगलुरु, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक बार फिर इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह भारत की प्रमुख घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता के तीन अलग-अलग सीजन में 600 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पडिक्कल ने यह उपलब्धि मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप ए मैच के दौरान हासिल की।

राजस्थान के खिलाफ, पडिक्कल ने एक और अहम भूमिका निभाई, 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन बनाए, और कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ 184 रन की शानदार ओपनिग पार्टनरशिप करके कर्नाटक की पारी को संभाला। इस जोड़ी ने कर्नाटक को एक मजबूत शुरुआत दी, जब राजस्थान ने फील्डिग करने का फैसला किया तो एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार किया। चल रहे 2025-26 सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन में 147, 124 और 113 के शतक शामिल हैं, जो अलग-अलग मैदानों और परिस्थितियों में उनकी निरंतरता को दिखाता है। अपने असाधारण फॉर्म के बावजूद, पडिक्कल को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम से

- **पडिक्कल ने यह उपलब्धि राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप 'ए' में हासिल की**

बाहर कर दिया गया था, जिससे क्रिकेट जगत में हैरानी हुई। इस अनदेखी ने घरेलू क्रिकेट में दबदबा बनाने और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए एक मजबूत दावा पेश करने के उनके दृढ़ संकल्प को और बढ़ा दिया है। पडिक्कल ने पहले 2019-20 सीजन में 11 मैचों में 609 रन बनाकर विजय हजारे चार्ट में टॉप किया था और 2020-21 में सिर्फ सात पारियों में 147.40 की औसत से 737 रन बनाकर बेंचमार्क बढ़ाया था, जिसमें चार शतक शामिल थे, जब कर्नाटक सेमीफाइनल में पहुंचा था। पडिक्कल, जिन्होंने भारत के लिए दो टेस्ट और दो टी20 में भी खेला है, 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन के बीच में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर होने के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था। एक मजबूत विजय हजारे सीजन के साथ, पडिक्कल का लक्ष्य भारतीय टीम में अपनी जगह वापस पाना और अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना होगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ अहम टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम घोषित

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले उनकी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण अंतिम कदम है। विश्व कप 7 फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी के अनुसार, दासुन शनाका की कप्तानी वाली इस टीम में अनुभव और गहराई का मिश्रण है, जिसमें कुछ ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की पिछली प्रारंभिक टीम का हिस्सा नहीं थे। उनके शामिल होने से जगहों के लिए प्रतिस्पर्धा और बढ़ गई है, क्योंकि श्रीलंका वैश्विक आयोजन के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा करने से पहले विकल्पों का मूल्यांकन कर रहा है। जैसे-जैसे यह बड़ा टूर्नामेंट करीब आ रहा है, यह सीरीज श्रीलंका को कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और एक अच्छी विपक्षी टीम के खिलाफ लय बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। पिछली बार जब ए दोनों टीमें रावलपिंडी में टी20 ट्राई-सीरीज के फाइनल में मिली थीं, तो पाकिस्तान विजई रहा था।

**श्रीलंका टी-20 टीम**

दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, चरित असालंका, जनिथ लियानागे, कामिदु मेंडिस, वानिदु हसरंगा, दुनिथ वेल्लालागे, महेश थीक्षाना, ट्रैवीन मैथ्यू, दुष्मंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, नुवान थुशारा, ईशान मलिगा।

## दीप्ति ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाया



- **दीप्ति शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिंग पॉइंट कम है**

**दुबई, वार्ता।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ अपनी घरेलू सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 में मैच जिताने वाली पारी के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने बॉलिंग रैंकिंग में टॉप स्पॉट खो दिया है।

कौर की 43 गेंदों पर 68 रन की पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिलाया और वह टॉप 10 के करीब पहुंच गईं, लेकिन शर्मा एनाबेल सदरलैंड के पीछे दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनका 28 रन देकर एक विकेट लेना उन्हें आगे बनाए रखने के लिए काफी नहीं था। शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिग पॉइंट कम है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई फास्ट-बॉलिग ऑलराउंडर ने नंबर 1 पोजीशन फिर से हासिल कर ली है, जो उन्होंने पहली बार अगस्त 2025 में हासिल की थी, जब पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल ने भी उन्हें टॉप स्पॉट दे दिया था। भारत के सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद अमनजोत कौर सात स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 78वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि श्रीलंका की बैट्समैन हसिनी परेरा (31 स्थान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर) और इमेशा दुलानी (77 स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर) ने भी फिफ्टी लगाने के बाद बढ़त हासिल की है। बॉलिंग रैंकिंग में भारत की लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंका के लिए, कविशा दिलहारी (एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चामरी अथापट्टू (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) को बॉलिग रैंकिंग में बढ़त मिली है।

### अमेरिकी टेनिस लीजेंड वीनस विलियम्स ऑकलैंड में पहले दौर में हारीं

**वेलिंगटन, वार्ता।** पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 वीनस विलियम्स मंगलवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने पहले मैच में पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेट में हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन विलियम्स ने महिला टेनिस एसोसिएशन 250 इवेंट में वापसी करते हुए अच्छे संकेत दिखाए, जो 2 से 17 जनवरी तक चलेगा। दुनिया में 53वें नंबर पर मौजूद लिनेट ने 6-4, 4-6, 6-2 से जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो से होगा। लिनेट ने कहा कि मुझे लगा कि मैं कम गलतियां कर सकती थी, खासकर इतने पावरफुल हिटर के साथ, मुझे थोड़ा और सॉलिड होने की जरूरत है। वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाली विलियम्स, जो 582वें नंबर पर हैं, ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी प्रतिद्वंद्वी ने शानदार खेला। वह निश्चित रूप से जीत की हकदार थी। 45 साल की खिलाड़ी, जो अगस्त में यूएस ओपन के बाद अपना पहला मैच खेल रही थीं, ने कहा कि इस स्टेज पर उनका मुख्य फोकस इस महीने के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैच फिटनेस और लय बनाना है। इस हार से टूर्नामेंट के कुछ बड़े नामों के लिए मुश्किल शुरुआत हुई, जब सोमवार को दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी एम्मा नवारो टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

### दिल्ली ने रेलवे को छह विकेट से पीटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** नवदीप सैनी और आयुष बदोनी के तीन-तीन विकेटों के बाद प्रियांश आर्य की 80 रन की विस्फोटक पारी के दम पर दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में मंगलवार को रेलवे को छह विकेट से पीट दिया। दिल्ली ने रेलवे को 40.4 ओवर में 179 रन पर ढेर करने के बाद 21.4 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाकर अपनी पांचवीं जीत हासिल की और 20 अंकों के साथ अंक तालिका में ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश ने मात्र 41 गेंदों पर 80 रन में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। सार्थक ने 33 व नीतीश ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया जबकि कप्तान पंत तीन छक्कों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले रेलवे की पारी में कुश ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से नवदीप व आयुष ने तीन-तीन विकेट लेकर रेलवे की पारी को 179 रन पर निपटा दिया।

## जो रूट ने की रिकी पोंटिंग की बराबरी

- **सचिन तेंदुलकर से बस 10 शतक दूर है जो रूट**

**सिडनी, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में अब इंग्लैंड के जो रूट के 41 शतक हो चुके हैं। वह अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जहां वह रिकी पोंटिंग के साथ हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (51) और जैक कैलिस (45) हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 160 रन बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। 2021 की शुरुआत से अब तक रूट ने कुल 24 टेस्ट शतक लगाए हैं।

इस अवधि में किसी और बल्लेबाज ने दस से ज्यादा शतक नहीं लगाए हैं। हैरी ब्रूक, केन विलियमसन, स्टीवन स्मिथ और शुभमन गिल दस दस शतकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। छह कैलेंडर वर्षों में रूट के ए 24 शतक सिर्फ पोंटिंग और मैथ्यू हेडन से पीछे हैं, जिन्होंने 2001 से 2006 के बीच 26 शतक लगाए थे। 2026 की शुरुआत हुए अभी एक हफ्ता ही हुआ है और रूट के पास पोंटिंग और हेडन का रिकॉर्ड पार करने के लिए पूरा साल है।

टेस्ट क्रिकेट में रूट ने 17 बार 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया है, जो इतिहास में पांचवां सबसे ज्यादा है। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 20 स्कोर के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों में रूट के नाम सबसे ज्यादा 150 या उससे अधिक के स्कोर हैं। एलिस्टेयर कुक इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। अब रूट के नाम टेस्ट क्रिकेट में सात अलग-अलग देशों में 150 से ज्यादा रन का स्कोर दर्ज है। उनसे ज्यादा देशों में यह कारनामा सिर्फ तेंदुलकर और यूनुस खान ने किया है। दोनों बल्लेबाजों ने आठ देशों के खलिाफ 150 का स्कोर बनाया है। टेस्ट क्रिकेट में लगातार 50 से ज्यादा रन की पांच पारियों को रूट ने शतक में बदला है। यह सिलसिला पिछले साल लीड्स में भारत के खिलाफ चौथी पारी में बनाए गए नाबाद 53 रन से शुरू हुआ था। यह पहला मौका है जब रूट ने लगातार पांच 50 स्कोर को शतक में बदला है।

### स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड उधमसिंहनगर

पत्रांक : 1719/ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 6/1/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यो की मुहरबन्द निविदा दिनांक 22.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड ऊधमसिंहनगर, स्थित विकास भवन रूद्रपुर में आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन निविदादाताओं अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि द्वारा अपरान्ह 1.00 बजे खोली जायेंगी। निविदाओं का विक्रय प्रखण्ड कार्यालय ऊधमसिंहनगर में 21.01.2026 की सांय 4:00 बजे तक किया जायेगा। निर्धारित तिथि को अवकाश घोषित होने पर निविदा विक्रय/आमंत्रित किये जाने की कार्यवाही ठीक अगले कार्यदिवस को की जायेगी। अपरिहार्य कारणों में एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्रम सं0 | निर्माण कार्य का नाम | विकास खण्ड | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | युवा केन्द्र परिसर, रूद्रपुर के बाथरूम/शौचालय की मरम्मत/निर्माण, भवन/हॉल में रंगाई-पुताई एवं अन्य छिटपुट सम्बन्धी कार्य। | रूद्रपुर | 43000.00 | 1500.00+18 % GST | 04 माह | 120 दिन | भवन कार्य में श्रेणी 'ई' अथवा उच्चतर |
| 2 | श्री राधेकृष्ण गौसेवा सदन ट्रस्ट, ग्राम लखनपुर बेरिया रोड बाजपुर के परिसर के भीतर टाईल्स रोड का निर्माण कार्य। | बाजपुर | 35000.00 | 1500.00+18 % GST | 04 माह | 120 दिन | मार्ग कार्य में श्रेणी 'ई' अथवा उच्चतर |

**निविदा की शर्तें-**

1. निविदा क्रय करते समय धरोहर धनराशि एन0एस0सी/के0वी0पी0/डाकघर बचत बैंक पासबुक/राष्ट्रीय कृत एवं शैड्यूल बैंक की एफ0डी0आर के रूप में अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-उधमसिंहनगर के पदनाम से बन्धक करते हुए प्रखण्ड कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य होगी।
2. निविदा की दरें मदवार ही मान्य होंगी। डी0एस0आर0/एस0ओ0आर0 से सम्बन्धित मदों में कार्य की दरें सभी करों सहित परन्तु जी0एस0टी0 रहित हैं।
3. निविदादाता को निविदा शुल्क ई चालान के माध्यम से विभागीय लेखाशीर्षक "0515008000100", एस0जी0एस0टी0 एवं सी0जी0एस0टी0 की धनराशि विभागीय जी0एस0टी0 संख्या 05AAAGG2254F1ZW में जमा करते हुये चालान की प्रति को निविदा क्रय करते समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा मूल्य के चालान पर निर्माण कार्य का नाम अवश्य अंकित होना चाहिये।
4. शासनादेश सं0 223817/2024/08(200)/XXVII(8)/2023 दिनांक 10.07.2024 के अनुसार निविदादाता को जी0एस0टी0 सम्बन्धी अदेय प्रमाण पत्र तथा समस्त देय विवरण एवं रिर्टन जमा होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र निविदा क्रय करते समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा, जोकि राज्य क्षेत्राधिकार, कर प्राधिकारी (State Jurisdictional Tax Authority) द्वारा निर्गत हो।

अधिशासी अभियंता
ग्रामीण निर्माण विभाग
प्रखण्ड उधमसिंहनगर

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कोरपोरेट आईडी नं. U40109UP2001SGC025067/2350
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कावली रोड, देहरादून-248001
दूरभाष संख्या: 0135-2763672-76, फैक्स: 0135-2760289 वेबसाईट: www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर (i.e. 2022-2023 2023-2024 & 2024-2025 (₹ में) | धरोहर राशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹ में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं ऑफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 मीटर लम्बे स्टील टयूबलर पोल एस पी - 10 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी.सी.पी.-I /20/2025-26 | 8000 नग | 4,67,56,000.00 | 6,93,84,000.00 | 9,26,000.00 | 17,700.00 | 16.1.2026 को 12.00 बजे | 27.1.2026 को 17:00 बजे तक | 28.1.2026 के 15:30 बजे |
| 2 | 8.5 मीटर लम्बे स्टील टयूबलर पोल एस पी -21 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी.सी.पी.-I /21/2025-26 | 15000 नग | 16,24,50,000.00 | 24,36,75,000.00 | 32,49,000.00 | 29,500.00 | | 27.1.2026 को 17:00 बजे तक | 28.1.2026 के 15:45 बजे |
| 3 | 11 मीटर लम्बे स्टील टयूबलर पोल एस पी -55 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी.सी.पी.-I /22/2025-26 | 6000 नग | 11,22,10,620.00 | 16,83,16,000.00 | 22,45,000.00 | 29,500.00 | | 27.1.2026 को 17:00 बजे तक | 28.1.2026 के 16:00 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
No.: 19/1/EE(CM)UPCL/A-2 Dt.: 06/01/2026

अधीक्षण अभियन्ता,
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1800 419 0405 अथवा 1912)
'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाऐं'
(विद्युत चोरी सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

## कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड, उत्तरकाशी।

पत्रांक 483/ल०सिं०/निविदा/2025-26 दिनांक 05 जनवरी, 2026

**- शुद्धिपत्र/विज्ञप्तिः-**

इस कार्यालय की निविदा संख्या-05, जिसका कार्यालय पत्रांक संख्या 480/ल०सिं०/निविदा/2025-26 दिनांक 03 दिसम्बर 2026 के क्रम जो निविदाएं आमंत्रित थी उसमें त्रुटिवश 03. दिसम्बर, 2026 अकिंत हो गया जिसेक स्थान पर 03 जनवरी 2026 पढ़ा जाय व निविदा विक्रय की तिथि त्रुटिवश 16.02.205 अकिंत हो गया था जिसके स्थान पर निविदा विक्रय तिथि 16.01.2026 तक पढ़ा जाय।

सहायक अभियन्ता,
लघु सिंचाई उपखण्ड
उत्तरकाशी।

# पुलिस ने चलाया जागरुक अभियान

## स्कूलों में जाकर छात्राओं को साईबर ठगी व नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस नेस्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक करते हुए ऑनलाइन साइबर ठगी से वीजा ग्रुप किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार उपाध्याय, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान (ड्रग्स फ्री) देवभूमि मिशन को सार्थक बनाने के लिये तथा साइबर अपराधों पर रोकथाम लगाए जानने हेतु चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिये जनपद के सभी कोतवाली/थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक दिनांक 06.01.2026 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मारवाड़ कन्या इंटर कॉलेज छावनी रूड़की में जाकर छात्र छात्राओं के साथ पुलिस पाठशाला का आयोजन कर नशे से दूर रहने एवं नशे से होने वाली घातक बीमारियों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया एवं अपने-अपने परिजनों एवं गांव वासियों को जागरुक करने हेतु बताया गया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को नये कानून, महिला अपराध, बाल अपराध आदि के सम्बन्ध में जानकारी देकर वर्तमान में हो रही साईवर ठंगी और साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।



❖जन जागरूकता से ही अपराधों व साईबर ठगी पर लगाई जा सकती है लगाम : इंस्पेक्टर

# 174 प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद हरिद्वार में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली रुड़की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देशानुसार अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए की जा रही लगातार कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। दिनांक 05 जनवरी 2026 को चेकिंग के दौरान कोतवाली रुड़की पुलिस ने नगला ईमरती क्षेत्र से एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पंजीकृत अभियोग: मु0अ0सं0 11/26, धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट गिरफ्तार आरोपी: नदीम पुत्र इस्माइल निवासी नगला ईमरती, थाना कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार उम्र ख 28 वर्ष है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम: उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल युनुस बेग, कांस्टेबल राजेश देवरानी, कांस्टेबल गोविंद सिंह शामिल रहे।

# गंगनहर पुलिस ने दबोचा सालों से फरार चल रहा गैंगस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नए साल की शुरुआत के साथ ही हरिद्वार पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गैंगस्टरों पर लगातार प्रहार शुरू कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के कड़े निर्देशन में आदतन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गैंगस्टर मामले में फरार चल रहे एक और वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त गैंग लीडर मोनू का सक्रिय साथी बताया जा रहा है, जो लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। कोतवाली गंगनहर प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर-खास की सूचना पर दिनांक 05 जनवरी 2026 को अभियुक्त गौरव को महादेव ढाबा, मर्दाना खेड़ा, जींद रोड, करनाल (हरियाणा) से हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गौरव पुत्र विजयपाल, निवासी ग्राम गोदना, थाना पुरकाजी, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस संबंध में कोतवाली गंगनहर प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि "वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्र में सक्रिय गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार, कांस्टेबल राहुल एवं कांस्टेबल नितिन शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को सीबीआई जांच की मांग को लेकर

# भगवानपुर में सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में आज जनभावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में, क्षेत्रीय विधायक ममता राकेश एवं भगवानपुर विधानसभा प्रभारी विकास त्यागी की अगुवाई में एक विशाल जनरैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य स्पष्ट थाख्रअंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को सख्त सजा दिलाना और मामले से जुड़े वीआईपी नामों को सार्वजनिक कर ब्ठप् जांच कराना।

रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता की भारी भागीदारी देखने को मिली।ष अंकिता को न्याय दो", "ब्ठप् जांच लागू करो" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। लोगों के आक्रोश और दर्द ने यह साफ कर दिया कि जनता अब केवल आश्वासन नहीं, न्याय चाहती है। विकास त्यागी का बड़ा और दो-टूक बयान-रैली को संबोधित करते हुए भगवानपुर विधानसभा प्रभारी विकास त्यागी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "अंकिता भंडारी केवल एक नाम नहीं, बल्कि उत्तराखंड के हर युवा की आवाज है। जब तक इस हत्याकांड में शामिल हर आरोपी, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, सामने नहीं आता, तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे। ब्ठप् जांच इस मामले की जरूरत नहीं, बल्कि जनता का अधिकार है। अगर सरकार सच से भाग रही है, तो समझ लेख्रभगवानपुर की जनता सड़कों पर जवाब देना जानती है। विकास त्यागी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि न्याय, सच और इंसाफ के लिए है, और इसे अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। हरीश रावत और ममता राकेश का समर्थन-पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण ने पूरे प्रदेश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। वहीं विधायक ममता राकेश ने जनता को आश्वस्त किया कि वे विधानसभा से सड़क तक इस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाती रहेंगी। भगवानपुर की यह रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के आक्रोश और न्याय की मांग का प्रतीक बनकर उभरी। अब निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैंख्रक्या जनता की आवाज सुनी जाएगी या यह आंदोलन और तेज होगा?



# सेना पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने सेना के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 5 जनवरी को आयान निवासी वार्ड एक ने सेना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने युवक के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए शांतिभंग में उसे गिरफ्तार किया। युवक को न्यायालय में पेश प्रस्तुत किया गया।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील दिवस में सीडीओ ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें 65 शिकायत आई 32 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज तहसील दिवस में कुल 65 शिकायत आई हैं जिनमे नाला जमीन की पैमाइश एवं अन्य शिकायत में 32 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है उन्होंने कहा बाकी बची हुई शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों को टाइम बाउंड के अंदर निस्तारण के लिए भेज दी गई है उन्होंने यह भी कहा कि सभी को मौके पर जाकर लोगों की जन समस्याओं को अगले तहसील दिवस तक निस्तारण कर देनी चाहिए जिससे उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी ने भी संबंधित जन समस्या का निस्तारण नहीं किया तो उसके खिलाफ नियम अनुसार आगे कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों के विरोध में लंढौरा में भाजपाईयों ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं पर अंकिता हत्याकांड को लेकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया।

मंगलवार को लंढौरा बस स्टैंड पर इकट्ठा हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंकिता हत्याकांड को लेकर कांग्रेस नेताओं पर राज्य का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भीमसिंह ने कहा कि कांग्रेस सत्ता से बाहर होने तथा हर मोर्चे पर असफल होने के बाद अब जनता को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कांग्रेस के पास अंकिता हत्याकांड को लेकर भाजपा नेताओं पर लगाए आरोपों से जुड़े ठोस तथ्य हैं, तो उन्हें पुलिस या हाईकोर्ट के समक्ष लिखित रूप में क्यों नहीं प्रस्तुत किया जाता। केवल आरोप-प्रत्यारोप से न्याय की प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस बौखलाई हुई है और इसी हताशा में वह एक दिवंगत बेटी के नाम को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। पुतला फूंकने वालों में अशोक कुमार पांडे, नवाब, चौधरी चरण सिंह, शिवा चौधरी, रामनाथ सैनी, राहुल चौधरी, मोनू, शमशाद, रहीसुल हसन, तेजपाल, पहल सिंह, दौलत सैनी, रविपाल, तय्यब, शौकिन प्रधान, सुनील सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को धारा 170 में गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार रुड़की पुलिस कर्म0गण हे0का0 दिनेश गुप्ता व होमगार्ड सतेंद्र चेतक गस्त बीट क्षेत्र में मामूर थे। जब हम पुलिस कर्म गण ग्राम शेरपुर में अगस्त करते हुए पहुंचे तो शिवकुमार पुत्र स्वर्ग वीरेंद्र कुमार निवासी ग्राम शेरपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार अपनी पत्नी के साथ लड़ाई करने पर आमदा प्रसाद हो रहा था जिसे समझने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माना जिसे अंतर्गत धारा 170 मैं गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में फरार आरोपी को

# मंगलौर पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कहा कि ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली मंगलौर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137/65 बीएनएस एवं पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने कुशल सुरागरसी करते हुए घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अपहृत किशोरी की बरामदगी के बाद पोक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलशान उर्फ गजनी पुत्र फरीद, निवासी लंढौरा के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि "नाबालिगों से संबंधित मामलों में पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक सीमा, कांस्टेबल विनोद एवं कांस्टेबल संजय शामिल रहे।



# पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त वारंट आदेशिकाओं को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम विजेंद्र पुत्र भगीरथ निवासी संतोषी माता मंदिर के पास मिल्कयान मोहल्ला थाना स्योहारा जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश उम्र 32 वर्ष बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल महेंद्र चौहान अनिल वर्मा शामिल रहे।

# बाजार में सामान लेने गए युवक पर हमला, चार पर मुकदमा

**खानपुर।** हस्तमौली स्थित नेशनल कन्या इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को डिजिटल तकनीक के प्रति जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को स्मार्ट फोन, कंप्यूटर, इंटरनेट और ऑनलाइन लेन-देन की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वयंसेवियों ने डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। कैंप कमांडर राधिका और टोली नायिकाओं खुशी, दीपांशी, नौरती, अवनी, अंशिका भारद्वाज, मुस्कान और कामनी के नेतृत्व में हस्तमौली व आसपास के क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को डिजिटल जागरूकता से जुड़े संदेश दिए गए। अमृता, वंशिका, सारिका, प्रिया, वर्षा, पूजा और प्राची द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्तार सिंह, गुरप्रीत कौर, पलविंदर कौर, मनदीप कौर, कवल कौर, उपासना, काजल, प्रियम, मुस्कान, नीशू और कंचन द्वारा किया गया।

## चौ. भरत सिंह डीएवी कॉलेज की एनएसएस छात्रों ने निकाली

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम साबतवाली में लगाए गए शिविर के छठे दिवस मंगलवार को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान के तहत गांव में रैली निकाल कर स्लोगन के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का काम किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शिविर के छठे दिन मंगलवार को दिन का शुभारंभ योगासन परायाणाम व लक्ष्य गीत के साथ किया गया। बाद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को साकार करने के लिए पूरे गांव में स्वयंसेवियो द्वारा रैली निकाल कर ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज अध्यापिका अंजलि सैनी ने कहा कि वर्तमान में बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। क्रिकेट के मैदान से लेकर राजनीति तथा देश की सेवा करने के लिए पुलिस से लेकर सेना तक में अपना योगदान देकर भागीदारी निभा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेटा अपने एक ही परिवार का विकास करता है जबकि शिक्षित बेटी मायके व ससुराल दो परिवारों का विकास करने के साथ-साथ अच्छे संस्कार प्रदान करती है। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि बेटी के विवाह शादी में लाखों रुपए खर्च करने के बजाय उन्हें बेटी को उच्च शिक्षा देने में लगाने चाहिए। इस अवसर पर ओमपाल सिंह प्रदीप कुमार सुमित कुमार निधि चौधरी आदि उपस्थित रहे।




## बीएसएम इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने खंजरपुर में दी

# लोकतंत्र की मजबूती व यातायात नियमों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज, रुड़की की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम खंजरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। आज का दिन ष्मतदाता जागरूकताष और ष्यातायात सुरक्षाष जैसे गंभीर विषयों को समर्पित रहा।

प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा पूरे गांव में एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक वोट कीमती है। स्वयंसेवकों ने युवाओं और बुजुर्गों को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। शिविर के द्वितीय बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात पुलिस के अधिकारी सुनील सती ने शिरकत की। पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। हेलमेट का महत्व, सीट बेल्ट का प्रयोग, ओवरस्पीडिंग के खतरे और सड़क पर दुर्घटना के समय 'नेक नागरिक' (ळववक ँउंतपजंद) बनकर दूसरों की मदद करने के बारे में बताया गया। शिविर के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का पालन करने और समाज को जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक, कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य श्री अमित कपिल, परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढौंडियाल, विकास गौतम, विशेष कुमार, मोहित कुमार,शैलेन्द्र पंत, देवराज, संजय और स्वयंसेवियों में अजय, आनंद, फराज, जुनैद, बिलाल, कैफ, अरमान, वंश, नितेश,प्रिंस,आर्यन, रुद्रवीर, अंशुल उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

बुधवार, 7 जनवरी 2026

## ड्राफ्ट मतदाता सूची

मंगलवार को अपनी तय तारीख 6 जनवरी के अनुसार चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची जारी की। सूची से दो करोड़ 89 लाख हटा दिए जाने की बात सामने आई है। इस तरह यूपी में 15 करोड़ 44 लाख से घटकर अब मतदाताओं की संख्या 12 करोड़ 56 लाख रह गई है। लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 से पहले की दौर की मतदाता सूची को जब फ्रीज किया गया था, उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख 392 मतदाता पंजीकृत थे, इसके बाद ही 4 नवंबर 2025 से गणना शुरू होकर 26.12.25 तक चली और इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत था। मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने राजनीतिक दलों की भी इस बात को लेकर प्रशंसा की कि उन्होंने इस प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दिया और उप्र के तमाम 75 जिलों में राजनीतिक दलों के साथ बैठकें की गई और अब तक 1546 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। अब 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा/आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फार्म 6, 7 व 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक इस तरह 15 लाख 78 हजार 423 फार्म छह प्राप्त हो चुके हैं। मतदाताओं को असुविधा न हो, बूथों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था भी की गई है अब 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथों को तर्कसंगत बनाया गया है। इस तरह अब राज्य में 15030 के लगभग नए बूथ जोड़े गए हैं। इस मतदाता सूची में जो मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, उसकी बड़ी संख्या है। यह संख्या 79 लाख 52 हजार 190 बताई गई है। जोकि वास्तव में बड़ी संख्या है। यूं तो एसआईआर की प्रक्रिया इस दावे के साथ चलाई गई है कि इसका काम पात्र लोगों को वोट के लिए जोड़ना है और साथ ही मृत व्यक्ति या जो अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं या जिनके नाम डबल हैं, उनको हटाकर सूची को सही आकार देना है। जोकि अच्छी बात है, लेकिन चुनाव आयोग को यह भी ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो एसआईआर प्रक्रिया को संदेह की नजर से देखते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि ऐसे लोगों में देश के लगभग तमाम विपक्षी राजनीतिक दल शामिल हैं। उनकी शंकाओं को दूर करना भी चुनाव आयोग का काम होगा, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया तभी पूर्णत: सफल मानी जाती है जिसमें असहमति की संभावना कम हो। यूं भी लोकतंत्र में हठधर्मी के लिए कोई जगह नहीं है। संभवत: भारत के इतिहास में पहला अवसर है जब चुनाव प्रक्रिया में नाम जुड़ने के बजाए नाम कटने की बात सामने आई है।

## एलिजिबल वोटर्स को मरा बताया जा रहा



चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्स का इस्तेमाल कर रहा है, चुनाव आयोग एसआईआर करने के लिए हर तरह के गलत कदम उठा रहा है, यह एलिजिबल वोटर्स को मरा हुआ बता रहा है और बुजुर्ग और बीमार लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है, चुनाव आयोग वाट्सऐप पर चलाया जा रहा है, लोग एसआईआर में हिस्सा लेते समय सावधान रहें, उन लोगों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें मदद की जरूरत है, उन्हें मेरा साथ देने की जरूरत नहीं है, सिर्फ उनका साथ दें, जो इस काम की वजह से मुश्किल में हैं।

**-ममता बनजी**
**सीएम, पश्चिम बंगाल**

# पीएम ने जाना पिपरहवा का महत्व स्थानीय जनप्रतिनिधि कब जानेंगे





यशोदा श्रीवास्तव

निश्चित ही सिद्धार्थनगर जिले का पिपरहवा विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल है। अस्तित्व में आने के बाद इस स्थल के विकास की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा यह नेपाल के लुंबिनी जैसा विकास नहीं कर सका। बता दें कि पिपरहवा जिसे शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु के रूप में पहचाना गया, उसे गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहते हैं जबकि लुंबिनी गौतम बुद्ध की जन्मस्थली है। आज पिपरहवा की चर्चा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला है। हाल ही नई दिल्ली स्थित किला राय पिथौरा कल्चर कांप्लेक्स में द लाइट एंड लोटस रेलिक्स आफ द अवेकंड वन प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यहां जो बुद्ध अवशेष रखे गए हैं वह 1898 में पिपरहवा में मिले थे। इस अवशेष को अंग्रेज जमींदार अपने साथ ले गए थे। 2025 में हांगकांग में इसकी नीलामी होने जा रही थी जिसे केंद्र सरकार और गोदरेज ग्रुप के हस्तक्षेप से बचाया गया। इसके लिए कई कानूनी नोटिसें दी गई थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अभी कुछ महीने पहले इसे भारत लाया जा सका जिसका दर्शन आज सुलभ हो पा रहा है।

पिपरहवा (कपिलवस्तु) दुनिया के दो तिहाई बुद्धिष्ट देशों के आस्था का केंद्र भी है। यहां की पवित्र मिट्टी लंका सहित कई बुद्धिष्ट देशों के राष्ट्राध्यक्ष न केवल अपने माथे पर लगाए, साथ भी ले गए। करीब 40 साल पूर्व जब सिद्धार्थनगर बस्ती जिले के उत्तरी हिस्से में स्थित नौगढ़ नाम का तहसील था, तब यहां बुद्धिष्टों का रेला लगा रहता था। प्रतिदिन यहां रेलवे स्टेशन पर विदेशी बुद्ध तीर्थ यात्रियों का एक बोगी मौजूद रहता था। वे पहले पिपरहवा बुद्ध स्तूप का दर्शन करते थे फिर यहीं से ककरहवा बार्डर से नेपाल में बुद्ध की जन्म स्थली लुंबिनी जाते थे। यह बीते दिनों की बात है। आज इस एतिहासिक स्थल का हाल यह है कि शायद ही कोई भूला भटका विदेशी बुद्धिष्ट यहां आता हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा का बखान किया, स्थानीय जनप्रतिनिधि इससे नावाकिफ है। भगवान बुद्ध यहां अपने जीवन के 29 साल बिताए। इस नाते इस स्थल को बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहा जाता है। काश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा को समझ पाए, यहां के जनप्रतिनिधि भी समझ पाए होते तो आज पिपरहवा भी नेपाल के लुंबिनी जैसा विकसित होकर भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ा बहुत हिस्सेदारी जरूर निभा रहा होता। पूर्वी यूपी के जिला सिद्धार्थनगर की शिनाख्त गौतम बुद्ध से है। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। तीन दशक पूर्व बस्ती जिले के उत्तर स्थित नौगढ़ तहसील को अलग कर सिद्धार्थ के नाम से सिद्धार्थनगर जिले का सृजन हुआ है। जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से 16 किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। पिपरहवा के खंडहरनुमा स्तूप को संरक्षित कर इसी के समीप सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर कपिलवस्तु के विकास की तमाम योजनाएं बनीं जरूर लेकिन राजनीतिक कारणों से यह मूर्त रूप नहीं ले पाई। 1980 में कांग्रेस शासन में केंद्र सरकार ने कपिलवस्तु विकास महायोजना तैयार की थी जिसके तहत जमीनें अधिकृत कर विकास की ढेर सारी योजनाएं बनीं थी। इसके लिए प्रारंभिक बजट में 80 लाख रूपए भी जारी किए गए थे। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसमें रुचि ही नहीं दिखाई लिहाजा यह योजना फाइलों में दफन होकर रह गई। आगे चलकर प्रदेश के विभिन्न सरकारों में यहां जरूर कुछ न कुछ निर्माण कार्य हुए लेकिन वे इस लायक नहीं हैं कि बुद्धिषटों और टूरिस्टों को आकर्षित कर सके। मायावती ने अपने शासनकाल में यहां हवाई पट्टी तक बनाने की घोषणा की थी। स्थानीय स्तर पर यदि इसके विकास के बारे में किसी ने सोचा तो वह स्वर्गीय धनराज यादव थे जो भाजपा के कई बार के विधायक और मंत्री रहे हैं। अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में यहां सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के रूप में बड़ी सौगात दी। इस विश्वविद्यालय की स्थापना से यहां जरूर चहल पहल बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिपरहवा के महत्व को समझने के बाद लोगों को उम्मीद है कि यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि जरा भी ध्यान दें तो पिपरहवा का विकास लुंबिनी सरीखे हो सकता है जहां बुद्ध अनुयाई वाले देश भी अपना योगदान देने में रुचि लें। इसके लिए लोगों को स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल से काफी उम्मीदें हैं। बुद्ध के अवशेष को हांगकांग से वापस भारत आने के बाद उन्होंने उसे पिपरहवा में वापस लाने की बात कही है।




**जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से १६ किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सामाजिक बदलाव में मां-बाप की सुध लेना जरूरी

**दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था।**

यह विडंबना है कि हमारे सामाजिक ताने-बाने में तेजी से आए बदलाव के बीच वृद्ध माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिए बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नए कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रूपए तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नए विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की तैयारी है। सामाजिक संगठनों से विमर्श में यह बात सामने आई थी कि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नए सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नए प्रावधानों को जोड़ा गया है। एक ओर जहां गुजारा भत्ते के सीमित दायरे को खत्म किए जाने का प्रावधान है, वहीं विगत में आए बच्चों की सजा बढ़ाने के प्रस्ताव को टाला गया है। अब इसे सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर ही रखा जाएगा। वहीं गुजारा भत्ता देने की जवाबदेही का विस्तार करते हुए अब पात्र बच्चों के दायरे में दामाद, पुत्रवधु, नाती-पोते, पोती-नातिन व अल्पवयस्क बच्चों के विधिक अभिभावकों को भी शामिल किया गया है। अब तक इस जवाबदेही के दायरे में बेटा-बेटी व दत्तक बेटा-बेटी ही शामिल थे। इसके अलावा विधेयक में प्रत्एक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं।



**...साभार डीटी**

# जरूरत से ज्यादा ईयरफोन का इस्तेमाल कान व दिमाग के लिए खतरा

ब्ल्यूटुथ डिवाइस ने हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन इससे कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन के रोजाना देर तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म पर असर पड़ता हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनता है। इसी विषय पर दिल्ली स्थित एक नामी अस्पताल में ईएनटी डिपार्टमेंट में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. नेहा सूद से रजनी अरोड़ा की बातचीत। हाल ही में देश की एक मशहूर प्लेबैक सिंगर की खबर ने सबको चौंका दिया है। वायरल अटैक की वजह से उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यानी वो सडन रेयर सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस बीमारी से जूझ रही हैं। डाक्टरों का मानना है कि इसके पीछे एक बड़ा कारण तेज आवाज वाले वातावरण में रहना या कान में हैडफोन या ईयरफोन पर लाउड म्यूजिक सुनना भी है। वायरलेस ब्ल्यूटुथ डिवाइस के बढ़ते क्रेज ने भले ही हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन यह हमारी सेहत को नुकसान भी पहुंचा रहा है। दरअसल ब्ल्यूटुथ से कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडियो फ्रीक्वेंसी रेडिएशन निकलती हैं। जो डिवाइस के रोजाना लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म को प्रभावित करती हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनती हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के हिसाब से दुनिया भर में 10 में से 2 लोग सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस से पीड़ित हैं। हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर होने पर कई बार कान के अंदरूनी और अहम हिस्से कॉक्लिया में मौजूद हेयर-सेल या ऑडिटरी नर्व डैमेज हो जाते हैं जिससे व्यक्ति की सुनने की क्षमता पर असर पडता है। यह एक्सपोजर दो स्थितियों में होता है- पहला जब कान को ब्ल्यूटुथ डिवाइस के माध्यम से हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर कई घंटे लगातार मिलता रहता है जैसे म्यूजिक सुनना, मोबाइल देर तक सुनना, म्यूजिक कंपोजिशन, डीजे शो, माइनिंग या कारखानों में काम करने के दौरान। दूसरी स्थिति कान को हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर एकाएक मिलने पर होती जैसे बमबारी, आतिशबाजी। कई मामलों में व्यक्ति को केवल एक कान में यानी यूनिलेटरल हियरिंग लॉस ही होता है। लगातार ईयरपोड के इस्तेमाल से कई बार केवल डोमिनेट-ईयर ज्यादा डैमेज होता है। आमतौर पर यूनिलेटरल हियरिंग लॉस वाले मरीज डॉक्टर को बहुत देर से कंसल्ट करते हैं। तब तक उसका दूसरा कान भी प्रभावित हो सकता है। व्यक्ति दिन में लगातार 6 घंटे से ज्यादा देर तक लगातार ईयर डिवाइस का उपयोग करता है, तो आगे चलकर उसे भी हियरिंग समस्या हो सकती है। आमतौर पर म्यूजिक का तेज वॉल्यूम 75-80 डेसिबल माना जाता है। लेकिन ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर सुनने पर यह वॉल्यूम खुद-ब-खुद बढ़कर करीब 110 डेसिबल हो जाता है। जैसे-जैसे डेसिबल बढ़ते हैं, सेफ लिस्निंग टाइम कम होता जाता है। सीडीसी, अमेरिका के मुताबिक ईयरफोन डिवाइस पर 40-60 डेसिबल तक की साउंड नॉर्मल है। साउंड एक्सपोजर 85 डेसिबल के ऊपर होने पर हियरिंग लॉस का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना ईयरफोन पर 90 डेसिबल का साउंड आधे घंटे और 100 डेसिबल से ज्यादा लेवल का साउंड 15 मिनट सुनने से व्यक्ति 5 साल में सुनने की क्षमता खो सकता है। जबकि हाई इंटेंसिटी साउंड यानी 120 डेसिबल से ज्यादा होने पर कुछ सेकंड में ही हियरिंग लॉस हो सकता है। हाई इंटेंसिटी साउंड से होने वाला हियरिंग लॉस लाइलाज, स्थाई होता है। शुरुआत में टेम्परेरी होता है जो दो-चार दिन में ठीक हो सकता है। कुछ मामलों में मरीज को टिनिटस समस्या होती है यानी कान में लगातार सीटी या बीप साउंड, सांय-सांय जैसी आवाजें आती हैं। लेकिन यह धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और कॉक्लिया के हेयर-सेल डैमेज करता रहता है व लाइलाज हियरिंग लॉस हो जाता है। हियरिंग लॉस के शुरुआती लक्षणों से व्यक्ति पहचान सकता है। बिना देरी ईएनटी डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। 2 फुट की दूरी की आवाज सुनने में दिक्कत आना। दूसरों की बात समझने में मुश्किल, टीवी देखते हुए वॉल्यूम दूसरों की अपेक्षा ज्यादा करना पड़े। कान में एब्नॉर्मल साउंड आना शुरू हो जैसे- रिंगिंग साउंड, सीटी या बीप साउंड। इनके अलावा ऑडिटरी नर्व डैमेज होने के साथ कई समस्याएं होने लगती हैं- कुछ आवाजें या गाने की कुछ बीट्स सुनाई न देना, कान में खुजली, दर्द, कान बहना, कान के अंदर सीटी की आवाजें या बाहर की आवाजें गूंजना, बॉडी बैलेंस बिगड़ना। डॉक्टर सबसे पहले कान का नॉर्मल एग्जामिन करते हैं। हियरिंग लेवल का पता लगाने के लिए ऑडियोमेट्री टेस्ट किया जाता है-हियरिंग लॉस 10-20 प्रतिशत के बीच में है, तो वह नॉर्मल है। 20-40 प्रतिशत हियरिंग लॉस को माइल्ड, 40-60 प्रतिशत को मॉडरेट हियरिंग लॉस और 60-80 प्रतिशत को सीवियर और 80 प्रतिशत से अधिक को गंभीर हियरिंग लॉस माना जाता है। उपचार हियरिंग लेवल के आधार पर तय किया जाता है- माइल्ड से मॉडरेट हियरिंग लॉस में हियरिंग एड या एम्प्लीफायर डिवाइस सहायक हो सकते हैं। सीवियर लॉस में कॉक्लिया इम्प्लांट सर्जरी की जाती है। एक कान में हियरिंग लॉस पर बोन एंकर्ड हियरिंग एड लगाया जाता है। कुछ बातों का ध्यान रखकर हियरिंग लॉस से बचा जा सकता है- पहली, ब्ल्यूटुथ डिवाइस लगाएं तो 60/60 रूल फॉलो करें। यानी डिवाइस वॉल्यूम 60 डेसिबल से ज्यादा न हो और एकसाथ 60 मिनट से ज्यादा इस्तेमाल न करें। जरूरी हो तो 30 मिनट के बाद 5 मिनट और 60 मिनट के बाद 10 मिनट का ब्रेक जरूर लें। वहीं साउंड मिनिमम इंटेंसिटी पर इस्तेमाल करें। ईयरबड के बजाय कान के ऊपर वाला हेडफोन इस्तेमाल करें। सॉफ्ट टिप वाले ईयरफोन लें। यथासंभव नॉयस-केंसेलेशन वाली डिवाइस लें। ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर दिए गए राइट और लेफ्ट मार्क का ध्यान रखें और सही कान में लगाएं। म्यूजिक ऐप डाउनलोड कर उसमें एक्यूलाइजर इस्तेमाल करें। शोरगुल वाले इलाके या कार्यस्थल पर जाने से पहले कान में नॉयस-प्रोटेक्टर जरूर लगाएं। हाई रिस्क कैटेगरी वाले व्यक्ति 6 महीने में ऑडिटरी स्क्रीनिंग-ऑडियोमेट्री टेस्ट कराएं।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले: मुझे किडनैप किया गया

## आरोपों से इन्कार, गिरफ्तारी को अवैध बताया, विपक्षी नेता मारिया जल्द वेनेजुएला लौटेंगी

**न्यूयार्क।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयार्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई में मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं।

मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। दूसरी तरफ वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही देश वापस लौटेंगीं। मचाडो ने दावा किया कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को वेनेजुएला की जनता का समर्थन नहीं है और देश की जनता विपक्ष के साथ है। अमेरिकी ड्रग एजेंसी की टीम मादुरो को अदालत में पेश करने के लिए हेलिकाप्टर से न्यूयार्क लेकर आई। मादुरो की पत्नी सीलिया फ्लोरेस भी अदालत में पेश हुईं। उनके चेहरे पर चोट के निशान और पट्टी बंधी थी। उन्होंने खुद को वेनेजुएला की प्रथम महिला बताया और सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो और उनके सहयोगियों पर नशा तस्करों और आतंकी गिरोहों के साथ मिलकर अमेरिका में कोकीन पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप है। मादुरो पर मशीनगन रखने का भी आरोप है, जिसके लिए लंबी सजा हो सकती है। चार्जशीट में मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा, गृह मंत्री डियोसडाडो काबेलो और कुख्यात गैंग 'त्रेन दे अरागुआ' के सरगना हेक्टर गुरेरो फ्लोरेस का नाम भी शामिल है। अमेरिका इस गैंग को विदेशी आतंकी संगठन मानता है। सुनवाई के दौरान मादुरो के पैरों में बेड़ियां लगी हुई थीं। वह और उनकी पत्नी एक ही मेज पर बैठे थे और दोनों ने हेडफोन लगाए थे ताकि अदालत में कही जा रही बातों को अपनी भाषा में समझ सकें। जज ने अदालत में दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पढ़कर सुनाया। इससे पहले मादुरो को लेकर एक हेलिकाप्टर अदालत के पास बने हेलिपैड पर उतरा। हेलिकाप्टर से बाहर आते ही उन्हें तुरंत एक वैन में बैठाया गया और वहां से सीधे अदालत ले जाया गया। मादुरो के खिलाफ सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर सैकड़ों लोग जमा हुए। एक तरफ अमेरिका की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन हुआ, तो दूसरी ओर मादुरो विरोधी लोगों ने उनके खिलाफ नारे लगाए। सुनवाई खत्म होने के बाद जब मादुरो बाहर निकलने के लिए उठे, तो गैलरी में बैठे एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि उन्हें अपने अपराधों की कीमत चुकानी पड़ेगी। मादुरो ने जवाब दिया कि वह अपनी आजादी हासिल करेंगे। वेनेजुएला की राजधानी कराकस में सोमवार शाम अचानक गोलियों और एंटी-एयरक्राफ्ट फायरिंग की आवाजें सुनाई दीं। एक वीडियो में कराकस के आसमान में एंटी-एयरक्राफ्ट गन फायरिंग करते दिखाई दी। एक दूसरे वीडियो में गोलियों की आवाजें भी सुनी जा सकती हैं। बताया जा रहा है कि राजधानी में तैनात अलग-अलग सिक्योरिटी यूनिट्स के बीच भ्रम और गलतफहमी के चलते ऐसा हुआ। एक स्थानीय निवासी ने नाम न बताने की शर्त पर सीएनएन को बताया कि मिराफ्लोरेस राष्ट्रपति भवन के पास उर्दानेता एवेन्यू के आसपास उन्होंने गोलियों की आवाजें सुनीं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इन खबरों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने साफ किया कि इस घटना में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है।



■ मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं: मादुरो
■ मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है

### अमेरिकी ऑपरेशन में जख्मी हुई मादुरो की पत्नी

**न्यूयार्क।** अमेरिकी सेना के वेनेजुएला ऑपरेशन में अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस को काफी चोटें आई हैं। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 69 साल की फ्लोरेस जब सोमवार को न्यूयार्क कोर्ट में पेश हुईं तब उनके चेहरे पर दो पट्टियां लगी थीं। एक पट्टी आंख के ऊपर और दूसरी माथे पर थी। उनकी दाहिनी आंख पर चोट का नीला निशान साफ दिखाई दे रहा थी। फ्लोरेस के वकील मार्क डोनेली ने कोर्ट को बताया कि ये चोटें उस वक्त लगीं, जब अमेरिकी सेना ने उन्हें पकड़ा था। वकील ने कहा कि फ्लोरेस की पसलियों में भी फ्रेक्चर है। उन्हें इलाज की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने अदालत से मांग की कि फ्लोरेस का पूरा एक्स-रे कराया जाए, ताकि यह पता किया जा सके कि हिरासत में उनकी सेहत ठीक है।

### वेनेजुएला में सैन्य तैनाती संबंधी जानकारी को लेकर सांसदों में संशय

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला में अमेरिकी सेना की योजनाओं पर एक गोपनीय जानकारी मिलने के बाद, प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ सदस्य और डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि उन्हें अभी भी इस बात की पूरी तरह से स्पष्टता नहीं है कि अमेरिकी सैनिकों को वहां तैनात किया जाएगा या नहीं। यह जानकारी दोनों दलों के आठ वरिष्ठ सांसदों को दी गई थी, जिनमें खुफिया, विदेश मामलों और सशस्त्र सेवा समितियों के प्रमुख शामिल हैं। वेनेजुएला में हालात को लेकर सांसदों ने संशय जताया। सीएनएन के अनुसार ब्रीफिंग के बाद मीक्स ने कहा कि कोई स्पष्टता नहीं है। उनके पास सेना तैनात करने का विकल्प है। वह किसी भी विकल्प को खारिज नहीं करने वाले हैं। अन्य देशों में इसी तरह की सैन्य कार्रवाई की संभावना पर मीक्स ने कहा कि स्पष्ट रूप से, डोनाल्ड ट्रम्प कांग्रेस से बचने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वह हमें सरकार की एक अलग लेकिन समान शाखा के रूप में नहीं देखते। दुर्भाग्य से कांग्रेस का नेतृत्व भी खुद को समान नहीं मानता। मीक्स ने वेनेजुएला में अमेरिकी अभियानों की संभावित लागतों को लेकर अपने रिपब्लिकन सहयोगियों की चिंताओं को भी उजागर किया।

## क्षेत्रीय अस्थिरता की संभावना को लेकर चिंतित: गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद वेनेजुएला में बढ़ती अस्थिरता पर चिंता जताई है, यद्यपि अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि इस मध्य अमेरिकी देश पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है।

गुटेरेस ने कहा कि वह 'चिंतित हैं कि तीन जनवरी की सैन्य कार्रवाई के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियमों का सम्मान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मादुरो को मादक पदार्थों से संबंधित आरोपों में मैनहट्टन संघीय अदालत पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। मादुरो ने हालांकि किसी भी आपराधिक संलिप्तता से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक मामलों की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो द्वारा परिषद में पढ़े गए एक बयान में गुटेरेस ने कहा कि मैं देश में अस्थिरता बढ़ने की आशंका, क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव और राज्यों के बीच संबंधों के संचालन के मामले में इससे बनने वाले उदाहरण को लेकर बेहद चिंतित हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात पर जोर दिया कि 'सभी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान किया जाना अनिवार्य है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर भी शामिल है।' महासचिव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना सभी सदस्य देशों की इन प्रावधानों का पालन करने की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है। गुटेरेस ने हालात को नाजुक बताया और कहा कि एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है।



■ एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है: एंटोनियो गुटेरेस

### संक्षिप्त समाचार

#### जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी चुगोकू क्षेत्र के शिमाने प्रांत में मंगलवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई, हालांकि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। गौरतलब है कि भूकंप के केंद्र से मात्र 32 किमी दूरी पर 'शिमाने परमाणु ऊर्जा केंद्र' है। जापान के परमाणु नियामक प्राधिकरण ने कहा कि संयंत्र में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

#### मिस्र में नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से छह लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया प्रांत में एक नशा मुक्ति केंद्र में सोमवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी अखबार अल-योम ने बताया कि सूचना मिलने पर सुरक्षा बल और नागरिक सुरक्षा इकाई दमकल और एम्बुलेंस की मदद से बेन्हा शहर में घटनास्थल पर पहुंचे।

#### गाम्बिया नाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 पहुंची

**बांजुल।** गाम्बिया के तट पर 31 दिसम्बर को नाव पलटने के हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। गाम्बिया आव्रजन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाव में लगभग 200 बिना दस्तावेज वाले प्रवासी लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि 31 दिसम्बर की देर रात गाम्बिया के उत्तरी तट क्षेत्र से स्पेन के कैनरी आइलैंड्स की ओर रवाना हुई एक नाव कुछ ही समय बाद पानी के नीचे एक रेत के टीले से टकरा गई और पलट गई।

## ग्रीनलैंड पर हमला किया, तो नाटो खत्म: फ्रेडरिकसन

### डेनमार्क की पीएम ने चेताया, ट्रम्प के खिलाफ 7 यूरोपीय देश, कहा: ग्रीनलैंड का भविष्य उसके लोग तय करेंगे

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो यह सैन्य गठबंधन नाटो का अंत होगा। एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी नाटो सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो नाटो की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क के नेताओं ने साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इन्कार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं। डेनमार्क साम्राज्य और अमेरिका दोनों ही नाटो के सदस्य देश हैं। इन देशों की संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी नाटो की है। इसके तहत किसी एक सदस्य देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को पूरे गठबंधन के देशों पर हमला माना जाता है। अमेरिका का डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ करीबी रिश्ता रहा है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। 1951 के रक्षा समझौते से अमेरिका को ग्रीनलैंड में मिलिट्री बेस रखने की अनुमति है। दोनों देश सुरक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और व्यापार में सहयोग करते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया।



■ ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है

## लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** लक्जमबर्ग की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मुलाकात की और निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की।

मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज सुबह लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मिलकर प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि डा. जयशंकर रविवार को फ्रांस और लक्जमबर्ग की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे।



■ दोनों नेताओं ने निवेश प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक बातचीत की

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में एक थाई सैनिक घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में थाईलैंड का एक सैनिक घायल हो गया है। थाईलैंड की सेना ने कहा कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:25 बजे उबोन रात्चाथानी प्रांत के नाम यूएन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक धमाका हुआ। थाईलैंड के दूसरी एरिया कमान ने एक बयान में बताया कि धमाके में एक थाई सैनिक घायल हो गया, जिसके दाहिने हाथ में छर्रे लगे हैं, हालांकि सैनिक की जान को खतरा नहीं है। कमान ने बताया कि धमाके के कारण की जांच अभी चल रही है। उसने सभी अधीनस्थ इकाइयों को संचालन तैनाती के दौरान सेना के लोगों और रहने वालों की सुरक्षा के लिए सावधानी बढ़ाने का आदेश दिया है।




नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज पार्टी नेताओं के साथ।

## नेपाल में ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

**काठमांडू।** नेपाली में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली अखबार द काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है।

## ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई रूस भागने की फिराक में

### 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में दावा: सत्ता गंवाने का डर

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच रूस भागने की योजना तैयार कर ली है। अगर प्रदर्शनों को रोका नहीं जा सका, तो खामेनेई देश छोड़ देंगे। ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 86 साल के खामेनेई अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा समेत करीब 20 लोगों के छोटे दल के साथ तेहरान छोड़ सकते हैं। ईरान में आठ दिन से खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 78 शहरों के 222 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इनमें कम से कम 35 लोगों की मौत हुई है। वहीं 1200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में प्रदर्शन की शुरुआत 28 दिसम्बर को हुई थी। तब राजधानी तेहरान में व्यापारियों ने इसकी शुरुआत की थी। अब इसमें हजारों जेन-जी भी शामिल हो चुके हैं। खामेनेई कई चौरिटेबल फाउंडेशनों के जरिए अरबों डालर की संपत्ति पर नियंत्रण रखते हैं। इनमें 'सेताद' नाम की संस्था प्रमुख है, जिसकी वैल्यू पहले भी कई अरब डालर आंकी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शासन से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदार पहले से ही अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों में रह रहे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस योजना के तहत विदेशों में संपत्तियां, प्रापर्टी और कैश पहले से सुरक्षित कर लिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत देश छोड़ा जा सके। देशभर में जेन-जी आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रहा है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72 प्रतिशत और दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की गई तो अमेरिका कड़ी प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम पूरी तरह तैयार हैं। अगर ईरान ने पहले की तरह लोगों को मारना शुरू किया, तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन एचआरएआई और ओस्लो स्थित हेंगाव ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। देशभर में फैले इन प्रदर्शनों की शुरुआत ईरानी मुद्रा के गिरने और महंगाई बढ़ने के बाद हुई।



■ बेटे और साथियों के साथ 20 लोग भी तैयार

## वेनेजुएला में अमेरीकी एक्शन की चीनी सोशल मीडिया पर तारीफ

### बोले: यूएस मादुरो को पकड़ सकता है, तो ताइवान पर चीन कब्जा क्यों नहीं कर सकता

**बीजिंग।** अमेरिकी सेना की डेल्टा फोर्स के एलीट कमांडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति को अगवा करने की आखिरी तैयारी कर रहे थे। ठीक उसी वक्त राष्ट्रपति निकोलस मादुरो चीन के लैटिन अमेरिका मामलों के अधिकारी किउ शियाओची के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा कि शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं।

इस घटना के कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी सेना मादुरो को उनके बेडरूम से खींचकर अपने देश लेकर चले गए। इस घटना के बाद चीन भले ही चिंतित और नाराज है लेकिन वहां की सोशल मीडिया पर ऑपरेशन वेनेजुएला की तारीफ हो रही है। कई यूजर्स इसे ताइवान पर चीनी सैयूएसय कब्जे के लिए एक माडल के रूप में देख रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 2 जनवरी को वेनेजुएला के कराकस स्थित मिराफ्लोरेस पैलेस में लैटिन अमेरिका के लिए चीन के दूत किउ जिओकी से मुलाकात की थी। चीन ने मादुरो की गिरफ्तारी की तुरंत निंदा की और वाशिंगटन पर 'दुनिया का पुलिसवाला' बनने का आरोप लगाया। चीन ने अमेरिकी छापे को गलत बताया और मादुरो व उनकी पत्नी की तुरंत रिहाई की मांग की। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आयरलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान अमेरिका पर इशारों-इशारों में हमला बोला। उयूएसहोंने कहा कि अमेरिका का एकतरफा दबाव और धमकी देने वाला रवैया पूरी दुनिया की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। शी जिनपिंग ने कहा कि हर देश को यह हक होना चाहिए कि वह अपने विकास का रास्ता खुद चुने। उयूएसहोंने यह भी कहा कि सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के नियमों का पालन करना चाहिए। खासकर बड़ी ताकतों को दूसरों के लिए मिसाल बनना चाहिए। चीन के सोशल मीडिया पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर जबरदस्त हलचल और चर्चा देखने को मिली। कई लोग सवाल कर रहे हैं कि अगर अमेरिका अपने (बैकयार्ड) इलाके के किसी देश के नेता को पकड़ सकता है, तो चीन ऐसा क्यों नहीं कर सकता? चीनी सोशल मीडिया पर कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि अमेरिका के ऑपरेशन और ताइवान के मामले में तुलना करना गलत है। वेनेजुएला का मामला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, जबकि ताइवान चीन का आंतरिक मामला है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपना हिस्सा मानती है। चीन ने साफ कहा है कि वह ताइवान को अपने में मिलाएगा, जरूरत पड़ी तो इसके लिए ताकत का इस्तेमाल भी करेगा। पिछले कुछ साल में बीजिंग ने ताइवान पर सैयूएसय दबाव लगातार बढ़ाया है, यहां तक कि उसकी नाकेबंदी का अभ्यास भी किया है। चीन और वेनेजुएला के बीच दशकों से करीबी रिश्ता रहा है।



■ निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा: शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं

